सूर्योदय 5:21 सूर्यास्त 7:29

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 24 न्यू | 28 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,058.90 |
| निफ्टी | 25,637.80 |
| सोना | 96,135 |
| चांदी | 106800 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




शिक्षा मंत्री ने जुब्बल में किया सामुदायिक भवन का उद्घाटन

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 30 जून 2025 | 16 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 182, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### कल से पैन बनवाने के लिए आधार नंबर जरूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 1 जुलाई से पैन कार्ड के लिए आवेदन करने पर आधार नंबर अनिवार्य होगा। बिना आधार नंबर के अब पैन कार्ड बनाना संभव नहीं होगा। केंद्र सरकार ने पैन कार्ड नियमों में बदलाव किया है। सरकार का कहना है कि इससे टैक्स चोरी पर लगाम लगेगी। जिनके पास पहले से पैन कार्ड हैं, उन्हें भी 31 दिसंबर, 2025 तक अपने पैन को आधार से लिंक कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर उनका पैन 1 जनवरी, 2026 से इनएक्टिव हो जाएगा। पैन कार्ड 10 अंकों की अल्फान्यूमेरिक पहचान संख्या है, जिसे इनकम टैक्स डिपार्टमेंट जारी करता है। यह आयकर रिटर्न दाखिल करने, बैंक खाता खोलने और शेयर बाजार में निवेश जैसी वित्तीय गतिविधियों के लिए जरूरी होता है। अगर आपके पास पैन कार्ड नहीं है, तो आप आयकर विभाग की ई-पैन सेवा के जरिए कुछ ही मिनटों में इसे हासिल कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### बलूचिस्तान में आया 5.5 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को 5.5 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे कम से कम तीन लोग घायल हो गए। मीडिया में आई खबर से यह जानकारी मिली। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार, देश के भूकंप निगरानी केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र मूसा खेल जिले के निकट 28 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप में दो मकान नष्ट हो गए, जबकि तीन अन्य आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। बचाव कर्मियों के हवाले से खबर में कहा गया है कि मकान ढहने से तीन लोग घायल हुए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के प्रवक्ता ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में राहत अभियान शुरू कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### श्रीलंका ने 8 भारतीय मछुआरे किए गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार को आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी नाव को जब्त कर लिया। भारतीय मछुआरों पर आरोप है कि ये मछुआरे श्रीलंका की समुद्री सीमा में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे थे। यह कार्रवाई मन्नार के उत्तरी क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान की गई। मामले में श्रीलंकाई नौसेना ने बयान जारी कर बताया कि उत्तर-मध्य नौसेना कमान को भारतीय मछुआरों की कुछ नावें श्रीलंका की सीमा में मछली पकड़ते हुए नजर आईं। इसके बाद नौसेना ने अपनी इनशोर पेट्रोल क्राफ्ट तैनात कर उन्हें खदेड़ा और एक ट्रॉलर समेत 8 मछुआरों को हिरासत में ले लिया। अब इन मछुआरों को मन्नार मत्स्य निरीक्षक कार्यालय को सौंपा जाएगा, जहां उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- टीजीटी कमीशन आवेदन की तिथि बढ़ाए चयन आयोग -पेज 2
- राज्यपाल ने 12वीं हाफ मैराथन को दिखाई हरी झंडी -पेज 3
- शिमला में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के मकानों पर खतरा -पेज 6
- पटरी पर लौटी प्राकृतिक आपदा से प्रभावितों की जिंदगी -पेज 9
- बुद्धिस्ट डेवलपमेंट प्लान से होगा बौद्ध मठों गोंपाओं का जीर्णोद्धार: रिजिजू -पेज 12


# हिमाचल में आफत की बारिश

## नदी-नाले उफान पर; पंडोह डैम के पांचों गेट खोले, लैंडस्लाइड से रास्ते बंद

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/मंडी**

हिमाचल के ज्यादातर भागों में शनिवार रात से शुरू हुई भारी बारिश रविवार को भी जारी रही। इससे जगह-जगह भू-स्खलन हुआ है। नदी और नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। मंडी में पंडोह डैम पूरी तरह से भरने के बाद इसके पांचों गेट खोल दिए गए हैं।

मंडी जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद लोगों को लाउडस्पीकर के माध्यम से नदी के किनारे नहीं जाने की अपील की गई। यह पानी संधोल-सुजानपुर-नादौन-देहरा होते हुए पौंग डैम में पहुंचता है। पौंग डैम के बाद पंजाब के तलवाड़ा में जाएगा। मंडी की ज्यूनी खड्ड का वाटर लेवल भी अचानक बढ़ गया है। इसका पानी पंडोह डैम से लगभग 10 किमी. दूर ब्यास नदी में मिलता है। वहीं, रविवार सुबह चंडीगढ़-शिमला फोरलेन पर धर्मपुर के साथ लगते चक्की मोड के पास पहाड़ी से मलबा आ गिरा, जिसके बाद एक लेन यातायात के लिए बंद हो गई। दोपहर 12.30 बजे तक ट्रैफिक को दोनों साइड बहाल किया गया। तब तक दोनों ओर लंबी-लंबी कतारें लग चुकी थी।

**प्रशासन ने लाउडस्पीकर से की नदी किनारे नहीं जाने की अपील**

उधर, रविवार सुबह के वक्त कालका-शिमला रेल लाइन पर भी लैंडस्लाइड हुआ है। सोलन में अर्की-शालाघाट सड़क मार्ग पर भी रविवार को भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर भू-स्खलन हुआ। इससे यातायात बाधित हो गया। लोक निर्माण विभाग अर्की को मार्ग को खोलने में काफी मेहनत करनी पड़ी।



पंडोह डैम से छोड़ा गया पानी।

### प्रदेश के 10 जिलों में फ्लैश फ्लड का अलर्ट

**मौसम** विभाग ने सोमवार को प्रदेश के 10 जिलों में फ्लैश फ्लड का अलर्ट जारी किया है। यह चेतावनी किन्नौर और लाहौल-स्पीति को छोड़कर अन्य सभी जिलों में दी गई है। इन जिलों के निचले इलाकों में जल भराव से बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। इसे देखते हुए प्रदेशवासियों को सावधान रहने, नदी नालों से दूर रहने, लैंडस्लाइड संभावित क्षेत्रों में नहीं जाने की सलाह दी गई है।

# उत्तराखंड में बादल फटा; 2 मजदूरों की मौत, 7 लापता

## चारधाम यात्रा 24 घंटे के लिए रोकी, श्रद्धालु फंसे



यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर बादल फटने से लापता हुए मजदूरों की तलाश करते रेस्क्यू टीम के सदस्य।

**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के बड़कोट क्षेत्र में पालीगाड़ और ओजरी डाबरकोट के बीच सिलाई बैंड के पास बादल फटने से दो मजदूरों की मौत हो गई तथा सात अन्य लापता हो गए। प्रदेश में वर्षा और उसके कारण भू-स्खलन सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं की आशंका के मद्देनजर चारधाम यात्रा 24 घंटे के लिए स्थगित कर दी गई है। यात्रियों को हरिद्वार, ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, सोनप्रयाग और विकासनगर में ही रोकने के आदेश दिए गए हैं। वहीं, राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर घटना से संबंधित विस्तृत जानकारी हासिल की। (अनंत ज्ञान)

### झारखंड के आवासीय स्कूल में भरा पानी, 162 बच्चे फंसे

**रांची।** झारखंड के जमशेदपुर में लव कुश आवासीय स्कूल में बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए। स्कूल में 162 बच्चे फंस गए। सोशल मीडिया से जानकारी मिलने के बाद जमशेदपुर पुलिस ने इन सभी बच्चों को बचाया।

# पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा के बाद मची भगदड़, 3 की मौत



पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा के बाद मची भगदड़ में घायल हुए लोगों को रेस्क्यू करते हुए।

**एजेंसी, भुवनेश्वर**

ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा के बाद रविवार तड़के करीब 4 बजे भगदड़ मच गई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 घायल हैं। घायलों में 6 की हालत गंभीर है। हादसा जगन्नाथ मंदिर से करीब 3 किमी दूर गुंडिचा मंदिर के सामने हुआ। यहां भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष रथ के दर्शन करने के लिए भारी भीड़ जुटी थी, इसी दौरान भगदड़ मची। राज्य के सीएम मोहन चरण माझी ने घटना पर माफी मांगी। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैं और मेरी सरकार भगवान जगन्नाथ के सभी भक्तों से व्यक्तिगत रूप से क्षमा मांगते हैं। यह लापरवाही माफ करने लायक नहीं है।' इसके बाद राज्य सरकार ने पुरी के डीएम और एसपी का तबादला कर दिया। चंचल राणा को नया कलेक्टर और पिनाक मिश्रा को नया एसपी बनाया गया है। साथ ही डीसीपी और कमांडेंट को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि घटना के समय वहां पर्याप्त पुलिस बल तैनात नहीं था। (अनंत ज्ञान)

**50 लोग घायल दो अफसर निलंबित डीएम और एसपी का तबादला**

### मुख्यमंत्री ने पुलिस मैनुअल में संशोधन करने का दिया संकेत

# प्रदेश सरकार जल्द शुरू करेगी नशा विरोधी अभियान : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में 12वीं हिमाचल प्रदेश पुलिस हाफ मैराथन के दौरान घोषणा की कि प्रदेश सरकार जल्द ही एक व्यापक नशा विरोधी अभियान शुरू करेगी। उन्होंने राज्य में नशे के बढ़ते खतरे और इसमें कुछ सरकारी कर्मचारियों की संलिप्तता पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अब तक नशे से जुड़ी गतिविधियों में शामिल 80 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा चुकी है, जिसमें पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस बल की जवाबदेही बढ़ाने के लिए पुलिस मैनुअल में संशोधन करने का भी संकेत दिया है।

सरकार नशीली दवाओं की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए पंचायत वार्ड स्तर पर मैपिंग कर रही है, ताकि लक्षित हस्तक्षेप किए जा सकें। इसके अलावा, एक विशेष कार्य बल का गठन किया जा रहा है और इसकी भर्ती प्रक्रिया पहले से ही जारी है। प्रवर्तन प्रयासों को मजबूत करने के लिए पुलिस विभाग में 500 नए पद भरे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति पर जोर देते हुए कहा कि सरकार सख्त प्रवर्तन और पीड़ितों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण की दोहरी रणनीति पर काम कर रही है। वर्तमान सरकार ने पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम को भी लागू किया है, जिसके तहत इस साल 36 सहित कुल 40 निरोध आदेशों को मंजूरी दी गई है।

नशे के खतरे से निपटने के लिए सरकार ने सात ड्रग पेडलर्स की संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया है और अन्य के खिलाफ भी कार्रवाई कर रही है।

### 'हार्मनी ऑफ द पाइंस' का गीत रिलीज



**मुख्यमंत्री** ने समाज के सभी वर्गों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया और नशा विरोधी अभियान को समर्पित 'हार्मनी ऑफ द पाइंस' का विशेष गीत भी जारी किया और कहा कि अगर सभी लोग सामूहिक रूप से नशा विरोधी अभियान के खिलाफ खड़े होंगे, तो जरूर इस राज्य में नशे का सफाया होकर ही रहेगा।

# जवानों के पराक्रम पर सवाल देश का अपमान : अमित शाह

**एजेंसी, निजामाबाद**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तेलंगाना दौरे के दौरान कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर करारा हमला बोला है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'जब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दुश्मनों को करारा जवाब दिया, तब भी राहुल गांधी सवाल उठाते रहे। यह हमारे जवानों के बलिदान और पूरे देश का अपमान है।' उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षा बलों के पराक्रम पर सवाल उठाना देश की सुरक्षा नीति को कमजोर करने जैसा है। (अनंत ज्ञान)

### हथियार वालों के साथ कोई वार्ता नहीं होगी

**अमित** शाह ने नक्सलवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, 'हमारी नीति बिलकुल स्पष्ट है, जो हथियार लेकर चल रहे हैं, उनसे कोई बातचीत नहीं होगी।' इस दौरान अमित शाह ने नक्सलवाद से जुड़े लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे हथियार छोड़ें, आत्मसमर्पण करें और समाज की मुख्यधारा में जुड़ें। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि सरकार ने 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य तय किया है।

### विकास और लोकतंत्र की राह अपनाएं

**केंद्रीय** गृह मंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि जो लोग बंदूक की राह पर चल रहे हैं, वे विकास और लोकतंत्र की राह अपनाएं। सरकार उन्हें पुनर्वास का पूरा मौका देगी। अमित शाह ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में नक्सल प्रभावित इलाकों में पुलिस और केंद्रीय बलों की सख्त कार्रवाई के चलते हिंसा की घटनाएं काफी कम हुई हैं। केंद्र सरकार लगातार राज्य सरकारों के साथ मिलकर विकास कार्य और सुरक्षा उपायों को आगे बढ़ा रही है।

# 32290 अभ्यर्थियों ने दी एचएएस परीक्षा

## प्रदेश में भारी बारिश के बावजूद परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचएएस) के 35 पदों के लिए रविवार को भारी बारिश और खराब मौसम के बावजूद 32290 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। प्रदेशभर के विभिन्न केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थी उत्साह के साथ पहुंचते देखे गए, हालांकि खराब मौसम के चलते उन्हें कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा। पहली परीक्षा सुबह 10 बजे शुरू हुई, जबकि दूसरी परीक्षा दोपहर 2 बजे आयोजित की गई। हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित यह परीक्षा प्रदेश के प्रतिष्ठित प्रशासनिक पदों के लिए चयन का महत्वपूर्ण चरण है।

**राज्य के प्रमुख शहरों में बनाए थे परीक्षा केंद्र**

अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के बावजूद, खराब मौसम परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के दृढ़ संकल्प को कम नहीं कर पाया। जानकारी के अनुसार शिमला, मंडी, धर्मशाला और हमीरपुर जैसे प्रमुख शहरों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। केवल किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों में परीक्षा केंद्र नहीं बनाएंगे थे। सुबह से हो रही लगातार बारिश के कारण कुछ केंद्रों पर जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली, लेकिन आयोग और स्थानीय प्रशासन की मुस्तैदी से परीक्षा सुचारु रूप से संपन्न हुई। अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र संतुलित था और आयोग ने परीक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे।

### ईरान फिर शुरू कर सकता है न्यूक्लियर प्रोग्राम : यूएन एजेंसी

**एजेंसी, तेहरान।** यूएन की इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी ने रविवार को कहा कि ईरान कुछ महीनों में अपना न्यूक्लियर प्रोग्राम फिर से शुरू कर सकता है। डायरेक्टर राफेल ग्रॉसी ने एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि ईरान की कुछ न्यूक्लियर फैसिलिटी अभी भी बची हुई है। ईरान के पास 60 प्रतिशत प्योर यूरेनियम का भंडार है, जो एटम बम बनाने के लिए काफी है। इस भंडार को अमेरिकी हमले से पहले हटा दिया गया था या फिर ये तबाह हो गया, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# अहमदाबाद विमान हादसा : साजिश समेत हर एंगल से होगी जांच : मुरलीधर मोहोल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अहमदाबाद में 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है, जिसमें साजिश (सबोटाज) की संभावना को भी खंगाला जा रहा है। यह जानकारी केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने दी है। उन्होंने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो इस मामले की पूरी जांच कर रहा है। ब्लैक बॉक्स भारत में है, उसे बाहर नहीं भेजा जाएगा। केंद्रीय मंत्री मोहोल पुणे में एक कार्यक्रम में कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण हादसा था। एएआईबी इसकी हर एंगल से जांच कर रहा है। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं और कई एजेंसियां मिलकर जांच में जुटी हैं।' (अनंत ज्ञान)

### तीन महीने में रिपोर्ट आने की संभावना

**केंद्रीय** मंत्री ने कहा कि हादसे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह इंजन फेलियर, फ्यूल सप्लाई की समस्या या कोई तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हुआ। ब्लैक बॉक्स में मौजूद सीवीआर और एफडीआर की जांच की जा रही है। 3 महीने में रिपोर्ट आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय के आदेश पर एयर इंडिया के सभी 33 ड्रीमलाइनर विमानों की जांच कर ली गई है और सब कुछ सुरक्षित पाया गया है। यह हादसा एक अपवाद था, अब लोग बिना डर के यात्रा कर सकते हैं।

# इमरजेंसी में लोगों को प्रताड़ित किया गया, कठोर यातनाएं दी गईं : मोदी

## 'मन की बात' के 123वें एपिसोड में बताई आपातकाल की पीड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो शो 'मन की बात' के 123वें एपिसोड में देश को संबोधित किया। एपिसोड की शुरुआत में उन्होंने योग दिवस के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि 21 जून को देश-दुनिया के करोड़ों लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लिया। योग की भव्यता बढ़ती जा रही, लोग दैनिक जीवन में इसे अपना रहे। पीएम ने कहा कि इस बार हमने योग दिवस की आकर्षक तस्वीरें देखीं। विशाखापत्तनम में 3 लाख लोगों ने एक साथ योग किया। हमारे नौसेना ने जहाजों पर और जम्मू में लोगों ने दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज पर योग किया।

पीएम ने आगे कहा कि इमरजेंसी के दौर में लोगों को प्रताड़ित किया गया। अनेक लोगों को कठोर यातनाएं दी गईं। मीसा के तहत किसी को भी ऐसे ही गिरफ्तार कर लिया जाता था। उन पर ऐसे ही अमानवीय अत्याचार किए गए। आखिर में जनता की जीत हुई और आपातकाल हटा लिया गया। जनता की जीत हुई और आपातकाल लगाने वालों की हार हुई। (अनंत ज्ञान)

### 22 भाषाओं में ब्रॉडकास्ट होता है यह कार्यक्रम

**'मन की बात'** को 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा 11 विदेशी भाषाओं में भी ब्रॉडकास्ट किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल हैं।

**सियासत** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए आज होगा नामांकन, केंद्रीय मंत्री कल करेंगे नाम की घोषणा

# अध्यक्ष पद के लिए डॉ. बिंदल सबसे मजबूत दावेदार

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल भाजपा अध्यक्ष पद को लेकर हलचल तेज हो गई है। मौजूदा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की दावेदारी सबसे मजबूत मानी जा रही है, जिससे उनके निर्विरोध चुने जाने की संभावना बढ़ गई है। सोमवार को शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय दीपकमल में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किए जाएंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सोमवार को केवल एक ही नामांकन होने की प्रबल संभावना है, जिससे उसी दिन नए अध्यक्ष के नाम पर मुहर लग सकती है। हालांकि, चुनावी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए प्रदेश चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह 1 जुलाई को शिमला में आधिकारिक घोषणा करेंगे। इसके बाद होटल पीटरहॉफ में अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

अध्यक्ष पद के लिए एक से अधिक नामांकन होने की स्थिति में 200 से अधिक डेलीगेट्स, जो कि पार्टी की प्रदेश कार्य समिति के सदस्य हैं, अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, लेकिन पार्टी सूत्रों का कहना है कि वर्तमान अध्यक्ष बिंदल को दोबारा जिम्मेदारी सौंपने के लिए पार्टी नेतृत्व में लगभग सहमति बन चुकी है, जिससे चुनाव होने की संभावना बहुत कम है। राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार और लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज के नाम भी चर्चा में हैं, लेकिन बिंदल का पलड़ा भारी दिख रहा है।



**सर्वसम्मति से फैसला होने की उम्मीद, चुनाव की गुंजाइश कम**

रविवार को चुनाव प्रबंधन की बैठक भाजपा मुख्यालय में आयोजित की गई। इसमें चुनाव अधिकारी डॉ. राजीव भारद्वाज भाजपा अध्यक्ष चुनाव के लिए एक नोटिस का प्रकाशन किया गया। इससे पहले, प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन और अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने टुटू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना।

### कार्यक्रमों में नेताओं की जिम्मेदारियां तय

**भाजपा** के 30 जून व 1 जुलाई के कार्यक्रमों के सुचारु संचालन के लिए रविवार पार्टी मुख्यालय दीपकमल में चुनाव प्रबंधन की बैठक हुई। चुनाव अधिकारी राजीव भारद्वाज और संजीव कटवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में 30 जून और 1 जुलाई को होने वाले कार्यक्रमों के लिए नेताओं की जिम्मेदारियां तय की गई।

### संगठनात्मक गतिरोध व कार्यकर्ताओं को इंतजार

**प्रदेश** अध्यक्ष की नियुक्ति में हो रही देरी का असर जिला और मंडल स्तर पर दिख रहा है। पार्टी के 17 जिला अध्यक्ष अभी तक अपनी कार्यकारिणी का गठन नहीं कर पाए हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में नई नियुक्तियों का इंतजार बढ़ गया है। अब सभी की निगाहें जेपी नड्डा पर टिकी हैं कि वे अपने गृह राज्य की बागडोर किसे सौंपते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 24 घंटे में गुमशुदा युवक को पुलिस ने किया बरामद

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** थाना भोरंज क्षेत्र से लापता हुए एक स्थानीय बालक को हमीरपुर पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है। यह बालक 27 जून 2025 को अचानक लापता हो गया था, जिसके संबंध में उसके परिजनों द्वारा थाना भोरंज में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। हमीरपुर पुलिस की तत्परता और समन्वित प्रयासों के चलते 28 जून को बालक को सोलन से सकुशल बरामद कर लिया गया। उसे भोरंज लाया जा रहा है, जहां नियमानुसार कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। थाना भोरंज के प्रभारी एसएचओ प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि, यह सफलता पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया और तकनीकी साधनों के समुचित उपयोग का परिणाम है।

### केंद्र के खिलाफ 9 जुलाई को होगी राष्ट्रव्यापी हड़ताल




**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** सीटू और देश की नौ अन्य ट्रेड यूनियनें 9 जुलाई को 44 श्रम कानूनों को खत्म करके चार नई श्रम संहिताओं के विरोध में मोदी सरकार के खिलाफ राष्ट्र व्यापी हड़ताल करेंगी। आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्परस यूनियन (संबंधित सीटू) भी इस हड़ताल में शामिल होगी। यह जानकारी देते हुए आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की जिलाध्यक्ष राज कुमारी ने बताया कि हड़ताल का फैसला प्रोजेक्ट कमेटी की बैठक में शनिवार को सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मजदूर नेता सोनू ने की। बैठक में राज, बिम्बो,नीना, सीमा, आरती सहित दर्जनों वर्कर्स ने भाग लिया।

### बैग फ्री-डे पर करवाई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक माध्यमिक पाठशाला बाल नादौन में बैग फ्री डे का आयोजन किया गया। स्कूल प्रिंसीपल शशि सोनल दिल्ली मोहम्मद पोसवाल ने बताया कि इस दौरान बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिला जिसमें की स्कूल हाउस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रिंसीपल ने एनसीसी कैडेट जिनका कैंप जवाहरलाल नेहरू विद्यालय डूंगरी में लगा था उनको मेडल बनाकर सम्मानित किया प्रतियोगिताओं में अपर विंग टैगोर सदन प्रथम पटेल सदन दूसरे स्थान और सुभाष सदन रिक्त स्थान पर रहा टैगोर सदन के कृष और नमीष जैन प्रथम पटेल सदन से अर्णब और अनुज दूसरे स्थान और सुभाष सदन से अभिशांत और निखिल तृतीय रहे।

### छात्रों ने भांग उखाड़ने का चलाया विशेष अभियान

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, नादौन में नशा निषेध और अवैध तस्करी विरोध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एनसीसी प्रभारी प्रोफेसर यशपाल चोपड़ा ने की। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी तथा महाविद्यालय के छात्रों ने पोस्टर मेकिंग तथा भाषण प्रतियोगिता बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें युवाओं ने नशे के दुष्परिणामों और समाज पर इसके प्रभाव को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। साथ ही, छात्रों द्वारा भांग उखाड़ने का एक विशेष अभियान भी चलाया गया, जिसका उद्देश्य समाज को नशे की जड़ों से मुक्त करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार गौतम और सह आचार्य प्रोफेसर कल्पना चढ़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रिंसिपल ने छात्रों को संबोधित करते हुए एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### धनेटा महाविद्यालय में बीसीए व बीबीए पाठ्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) तथा बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) पाठ्यक्रमों की कक्षाएं आरंभ की जा रही हैं। यह निर्णय हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार लिया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने बताया कि धनेटा महाविद्यालय में बीसीए व बीबीए की कक्षाएं शुरू होने से खुशी का माहौल है। इन पाठ्यक्रमों के शुरू होने से धनेटा के आस पास के छात्रों को बहुत लाभ होगा। इच्छुक विद्यार्थी 7 जुलाई तक इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश हेतु छात्र मैट्रिकुलेशन (10वीं) प्रमाण पत्र, 12वीं प्रमाण पत्र, मूल चरित्र प्रमाण पत्र, हिमाचली बोनाफाइड प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), पासपोर्ट आकार के नवीनतम फोटोग्राफ दस्तावेज साथ लेकर आएं। प्रवेश मेरिट सूची के आधार पर प्रदान किए जाएंगे, जो विद्यार्थियों के प्राप्त अंकों एवं निर्धारित योग्यता के अनुसार तैयार की जाएगी। प्राचार्य डॉ. ज्ञान ने बताया कि धनेटा महाविद्यालय में भविष्य में शीघ्र ही तीन वर्षीय बीएससी तथा चार वर्षीय बीए, बीकॉम, बीएससी, बीएड कोर्स खुलने की भी संभावना है।

### श्री शिव महापुराण मंगलमयी कथा का होगा शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर द्वारा बाल भवन वार्ड नंबर 5 में नवनिर्मित बहुआयामी सभागार में पहली जुलाई से श्री शिव महापुराण मंगलमयी कथा का शुभारंभ किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष विजय कुमार पुरी व गीता प्रचार प्रसार संस्थान हमीरपुर के महासचिव भगवान दास शास्त्री ने बताया कि मंगलवार पहली जुलाई को श्री सत्य नारायण मंदिर से 11.30 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि श्री शिव महापुराण के कथा वाचक आचार्य मुकेश शर्मा जी महाराज सौटा वाले होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक कथा सुनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई को 12.15 बजे हवन यज्ञ, पूर्णाहुति डाली जाएगी उसके बाद 10 जुलाई को भंडारा आयोजित किया जाएगा।

### जेबीटी पदों के लिए कमीशन की भर्तियां निकाले सरकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल शिक्षक महासंघ की बैठक सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में विशेष अतिथि महासंघ के मुख्य संरक्षक प्रो. यशवंत सिंह राणा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक प्रो. यशवंत सिंह राणा ने जिला के चयनित सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 12 छात्रों को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। प्रदेश महासचिव पवन कुमार ने बताया कि शिक्षक महासंघ आंगनबाड़ी से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक का संगठन है जो समय-समय पर छात्र हित शिक्षा हित और शिक्षक हित के मुददों को सरकार के समक्ष उठाता रहा है। महासंघ ने सरकार से मांग की है कि स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षक छात्र अनुपात रेशो के हिसाब से होना चाहिए न कि 100 छात्रों पर एक लेक्चरर जो छात्रों के साथ सरासर अन्याय होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा निदेशक के पद को पदोन्नति द्वारा शिक्षाविद से ही भरा जाना चाहिए। महासंघ ने कर्मचारियों के वितीय लाभ और डीए जो पेंडिंग चल रहा है तुरंत प्रभाव से जारी करने की मांग ही है।

### अमरनाथ शर्मा के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर ।** हिम-आंचल पेंशनर्ज संघ, नादौन खंड इकाई के सदस्य एवं सेवानिवृत्त प्रिंसिपल अमर नाथ शर्मा, निवासी हटली, गलोड़ , ज़िला हमीरपुर के निधन पर संघ संस्थापक बीडी शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा, ज़िला प्रधान केसी गौतम, महासचिव शम्भू राम जसवाल, नादौन खंड प्रधान जगदीश शर्मा(कारगू), महासचिव जगदीश चंद शर्मा (सासन), अवनीश कुमार, प्रशोत्तम दास शर्मा, जुल्फी राम वर्मा, सुखदेव शर्मा द्वारा गहरा दु:ख प्रकट किया गया व शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की गई।

## बारिश से सुजानपुर क्षेत्र की सड़कों पर गिरे ल्हासे, खड्डों का बढ़ा जलस्तर

# सुजानपुर-संधोल सड़क बुरी तरह से प्रभावित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



सुजानपुर क्षेत्र में शनिवार शाम से लगातार बारिश हो रही है। बारिश से क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। चमियाना में सागरो देवी के मकान का डंगा ढहने से मकान को खतरा पैदा हो गया है। उधर बारिश के चलते सुजानपुर संधोल मार्ग बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। सुजानपुर संधोल मार्ग पर जगह-जगह लहासे गिरने से रोड पूरी तरह से बंद हो गया है। इसके अलावा बरसाती नालों और खड्डों का जलस्तर बढ़ गया है। जिसके चलते वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई है। इस मार्ग पर सुजानपुर पुल से लगभग 200 मी की दूरी पर लहासा गिरा है।

इसके अलावा जगह-जगह इस रोड पर पहाड़ का मलवा सड़क पर आ पहुंचा है। मार्ग में बीते दिनों कटिंग का कार्य चल रहा था। जिसके चलते रोड ने दलदल का रूप धारण कर लिया है, जिससे कि वाहनों की आवाजाही में वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सुजानपुर के छंब रोड भी बारिश के चलते प्रभावित हुआ है। इसके अलावा जंगलबेरी के बाहडू रोड में नालों का जलस्तर बनने से इस एरिया का पूरी दुनिया से संपर्क कट गया है।

### रोड में जगह-जगह गिरे पत्थर प्रशासन शीघ्र करे समाधान

**प्राइवेट** बस यूनियन अध्यक्ष भीम सिंह रांगडा ने बताया कि रोड में जगह-जगह पत्थर गिरे हैं तथा रोड पूरी तरह दलदल बन गया है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र ही समाधान की मांग की है। उधर वाहनों के रोड में फंसने से यात्रियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। जो जिस जगह पहुंचा था वहीं फंस कर रह गया है।

### जल्द ही रोड होगा क्लियर : जेई

**लोक** निर्माण विभाग सुजानपुर के जेई प्रशांत ने बताया कि विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर जेसीबी भेजी गई है। रोड को जल्द ही क्लियर कर दिया जाएगा।

### बारिश के कहर से कहीं डंगे टूटे तो कहीं घरों और दुकानों में घुसा पानी

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** बीती रात हुई भारी बारिश से बमसन ब्लॉक में भारी नुक्सान हुआ हैं। टौणी देवी के साथ लगते झोखर गांव में निर्माणाधीन खेल मैदान भारी बारिश की भेंट चढ़ गया, जिससे लगभग 15 से 20 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। वहीं प्रवीण कुमार पुत्र स्वर्गीय सोहन सिंह गांव व डाकघर भटेड़ तहसील बमसन की घर की छत पर आज सुबह 8 बजे के करीब भारी बारिश के कारण लहासा गिर गया। एक तरफ कुदरत कहर बरपा रही है और दूसरी तरफ एनएच 03 पर पानी कि उचित निकासी न होने से लोगों को नुकसान उठाना पड़ रहा हैं। पानी कि उचित निकासी न होने कि वजह से पानी कई घरों और दुकानों में घुस रहा हैं और कई गावों की संपर्क सड़कें नाले में तब्दील हो रही है। बारी मंदिर से अम्बी सड़क, माहड़े गांव कि सड़क, छत्रैल गांव कि सड़क पर एन का सारा पानी आ रहा है जिससे गांववासी परेशान हैं।



झोखर में निर्माणाधीन खेल मैदान की 50 मीटर सुरक्षा दीवार का नहीं बचा कोई नामोनिशान ।

# टौणी देवी-उहल जंक्शन पर गिरा मलबा, दो घंटे बंद रहा ट्रैफिक

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**



**टौणी देवी।** एनएच 03 के निर्माण के दौरान लोक निर्माण विभाग मंडल टौणी देवी के तहत टौणी देवी -उहल जंक्शन पर रविवार को मलबा गिर गया। इससे करीब दो घंटे ऊहल कक्कड़ की तरफ ट्रैफिक बंद रहा।

पीडबल्यूडी द्वारा एनएचएआई की प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन यूनिट को पिछले एक साल से कई पत्र और डेमेज रिपोर्ट बना जबाव मांगा है लेकिन एनएचएआई की प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन यूनिट की चुप्पी कई बड़े सवाल खड़े कर रही है। अब तक डेमेज कंट्रोल के लिए रत्ती भर कार्य भी शुरू नहीं हो पाया है।

मजबूरन अब लोक निर्माण विभाग मंडल टौणी देवी को कई जगह नोटिस बोर्ड लगाकर लोगों को एनएचएआई की प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन यूनिट की लापरवाही और नाकामी को उजागर करना पड़ रहा है। इन नोटिस बोर्ड में रोड सेफ्टी एक्ट का हवाला भी दिया गया है। इसके बावजूद इन 9 संपर्क सड़कों की हालत सुधारने की कोई कोशिश अब तक नहीं हो पाई है। सबसे खस्ता हालत इस वक्त टौणी देवी से ऊहल जंगलबैरी सड़क की आरडी 0/0 से 0/110 तक की बनी हुई है। मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड होने के बावजूद इस सड़क को टौणी देवी के बीडीओ ऑफिस के पास गहरे जख्म दिए गए हैं। बरसात में यहां तंग सड़क पर एक्सीडेंट की संभावना बढ़ गई है।

### किसी दुर्घटना के लिए निर्माण कंपनी होगी जिम्मेदार : नीतीश

**लोक** निर्माण विभाग के सहायक अभियंता नीतीश भारद्वाज ने बताया कि किसी दुर्घटना के लिए अब निर्माण कंपनी और एनएचएआई जिम्मेदार होंगे ।अभी तक निर्माण कंपनी से बहुत सारे लिखित व मौखिक अनुरोधों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई भविष्य में अगर घटना इस कारण घटित होती है तो जिम्मेदारी कंपनी की होगी।

# योग ने दुनिया को जोड़ा : उषा बिरला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भाजपा की वरिष्ठ नेत्री उषा बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 123वें एपिसोड में देशवासियों को योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' का संदेश देकर वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि योग सिर्फ भारत की संस्कृति नहीं बल्कि मानवता के लिए संजीवनी है, जो पूरी दुनिया को जोड़ने का कार्य कर रही है।

मोदी ने आज के कार्यक्रम में आपातकाल की 50वीं बरसी का भी उल्लेख किया। उषा ने कहा कि पीएम मोदी ने बिल्कुल सही कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की हत्या कर दी गई थी और भारत के नागरिकों को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया गया था। लेकिन अंततः सत्य की जीत हुई और तानाशाही थोपने वाले हार गए। यह भारत के लोकतंत्र की ताकत है।



कार्यक्रम के मौके पर मौजूद भाजपा नेता और कार्यकर्ता।

बिरला ने प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं की भागीदारी पर किए गए उल्लेख का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी हमेशा से नारी शक्ति को आगे बढ़ाने के पक्षधर रहे हैं। आज भारत की महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं। चाहे पंचायत हो, संसद हो, स्टार्टअप हो या खेल का मैदान - महिलाओं की भागीदारी ने देश को नई दिशा दी है। यह प्रधानमंत्री के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे सशक्त अभियान का ही परिणाम है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति कर रहा है, लोकतंत्र मजबूत हो रहा है और महिलाओं को उनका उचित सम्मान व अवसर प्राप्त हो रहे हैं। हर कार्यकर्ता को योग, लोकतंत्र के मूल्यों और महिला सशक्तिकरण के प्रति अपने दायित्व को समझते हुए कार्य करना चाहिए।

# भाषण प्रतियोगिता में राधिका शर्मा प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जमा दो स्कूल करोट में संजीवनी परमार्थ न्यास डिडवीं टिक्कर के सौजन्य से नशा निवारण व सड़क सुरक्षा पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन दोनों विषयों में कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्गों के लगभग 35 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। नशा निवारण में वरिष्ठ वर्ग (कक्षा नवमी से जमा दो तक) प्रथम पुरस्कार राधिका शर्मा, द्वितीय पुरस्कार आदर्श ठाकुर, तृतीय पुरस्कार दिव्यांशा ने जीता। कनिष्ठ वर्ग में (कक्षा छट्ठी से आठवीं तक) प्रथम पुरस्कार दिव्यांशी, द्वितीय पुरस्कार कृतिका तथा तृतीय पुरस्कार अर्णब ने जीता।

इसी प्रकार सड़क सुरक्षा भाषण प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में (कक्षा छट्ठी से आठवीं तक) प्रथम पुरस्कार मुकेश, द्वितीय पुरस्कार स्नेहा, तृतीय पुरस्कार अर्पिता ने जीता तथा सड़क सुरक्षा वरिष्ठ वर्ग में ( कक्षा नवमी से जमा दो तक) प्रथम पुरस्कार वंश कुमार, द्वितीय पुरस्कार सुजल तथा तृतीय पुरस्कार मोहित ने जीता। इसके साथ प्राथमिक विद्यालय करोट की तीन छात्राओं क्रमशः नशा निवारण / सड़क सुरक्षा में मानसी प्रथम तथा अवनि द्वितीय रही जबकि अवनि ठाकुर प्रथम रही।

**नशा जीवन ही नहीं समाज व देश के भविष्य को भी कर देता है बर्बाद**

इस मौके संजीवनी परमार्थ न्यास के सौजन्य से पुरस्कार के रूप में विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम रहने वाले को 1000 रुपए की राशि तथा द्वितीय पुरस्कार में 750 रूपये की राशि और तृतीय पुरस्कार के रूप में 500 रुपए की राशि भेंट स्वरूप दी गई।

इसके साथ प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को क्रमशः 100 रुपए प्रति छात्र 300 रुपए की राशि दी गई। प्रधानाचार्य अनीता तथा सभी स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि तथा उनके साथ आए अतिथि वृंद को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया।

न्यास के अध्यक्ष बलदेव धीमान ने इस आयोजन के लिए जहां स्कूल प्रबंधन का धन्यवाद किया, वहीं जिला प्रशासन का भी आभार जताया। अध्यक्ष ने बच्चों को नशे की बुराइयों के बारे में बताया कि नशा एक धीमा जहर है। यह व्यक्तिगत जीवन को ही नहीं बल्कि समाज व देश के भविष्य को भी बर्बाद कर देता है।

### चौरी स्कूल में एनएसएस कैडेट्स ने किया श्रमदान

**अनंत ज्ञान, सुजानुपर ( हमीरपुर )।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौरी में एनएसएस कैडेट्स ने स्कूल परिसर में बारिश के कारण जमा हुए मलवे को हटाया। नवनिर्मित कमरों में जमा धूल मिट्टी को भी साफ किया गया।

इस एक दिवसीय शिविर में लगभग 100 स्वयंसेवियों द्वारा श्रमदान किया गया। बच्चों ने जमा हुई गंदगी को उठाया और स्कूल परिसर को सुंदर बनाया। यहां शिविर कार्यक्रम अधिकारी कुलभूषण, मीना शर्मा की निगरानी में किया गया। प्रधानाचार्य सरिता दुबे भी इस मौके पर मौजूद रही।

# शिक्षा निदेशालय हमीरपुर में खोलने की उठी मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार ने प्री प्राइमरी से लेकर 12वीं तक एक ही निदेशालय बनाने का निर्णय लिया है। इसका लाभ प्रदेश के गरीब परिवार के विद्यार्थियों को मिलेगा। अभी तक प्रारंभिक और उच्च शिक्षा निदेशालय का मुख्य कार्यालय शिमला में ही है, लेकिन एक ही शिक्षा निदेशालय बनने के बाद हमीरपुर जिला की ग्राम पंचायतें व कर्मचारी संगठन एकजुट होकर हमीरपुर में ही शिक्षा निदेशालय का कार्यालय खोलने की मांग कर रहे हैं। यही नहीं जिला के विभिन्न कर्मचारी संगठनों और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने मांग पत्र भी मुख्यमंत्री को प्रेषित किया है। बता दें शिक्षा निदेशालय बनाने का निर्णय लेने के बाद ग्राम पंचायतें, 11 शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी संगठन, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन और पेंशनर संघ भी शिक्षा निदेशालय बनने के बाद हमीरपुर में स्थानांतरित करने की मांग कर रहे हैं।

**कर्मचारी संगठन व पंचायत प्रतिनिधियों ने सीएम को भेजा पत्र**

सभी ने प्रदेश सरकार से यह मांग की है कि स्कूल शिक्षा निदेशालय को तुरंत प्रभाव से शिमला से हमीरपुर स्थानांतरित किया जाए इससे हमीरपुर की जतना की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा वहीं दूसरी तरफ हमीरपुर के साथ प्रदेश के हर जिला के शिक्षा क्षेत्र के कर्मचारियों व अन्य लोगों को लाभ होगा। क्योंकि शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कार्य करवाने के लिए अध्यापकों, कर्मचारियों को शिमला आने जाने में परेशानी झेलनी पड़ती है।

शिमला एक बहुत महंगा व भीड़ भाड़ वाला शहर है जिसकी वजह से लोगों और कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि मुख्यमंत्री हमीरपुर जिला से संबंध रखते हैं इसलिए स्थानीय लोगों की उक्त मांग पूरी करना उनका कर्तव्य है व लोगों का अधिकार है।

# मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 264 डिप्लोमा छात्रों को मिला जॉब ऑफर

**अनंत ज्ञान, नादौन**

राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा प्रशिक्षुओं ने इस बार प्लेसमेंट के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 2025 में पास आउट हो रहे प्रशिक्षुओं को देश की 19 नामी कंपनियों से अब तक 264 जॉब ऑफर मिल चुके हैं। कई छात्रों को 4.75 लाख प्रतिवर्ष तक का शानदार पैकेज मिला है।

इस साल की प्लेसमेंट्स में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के अधिकतर पात्र छात्रों को 3 लाख से लेकर 4.75 लाख प्रतिवर्ष तक के पैकेज पर जॉब ऑफर हुई है, कई कंपनियां छात्रों के अभाव में खाली हाथ लौट रही हैं, जो इस सफलता की गहराई को दर्शाता है।

65 छात्रों के पास दो या दो से अधिक कंपनियों के जॉब ऑफर्स हैं। अब तक हुए प्लेसमेंट में 39 छात्र ऐसे हैं जिन्हें 2 कंपनियों, 11 छात्र ऐसे जिन्हें 3 कंपनियों, और 15 छात्रों को 4 कंपनियों से जॉब ऑफर मिले हैं। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी अरविंद कटोच ने बताया कि इन ड्राइव्स के माध्यम से सभी सात पॉलिटेक्निक संस्थानों के छात्रों को अवसर प्रदान किया जाता है।

# डीएवी भड़ोली में कथा वाचन प्रतियोगिता में दर्श ठाकुर प्रथम

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** डीएवी भड़ोली में कथा वाचन प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के बच्चों के लिए किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने ज्ञानवर्धक, रोचक और नैतिक मूल्यों पर अपनी कहानियां सुनाई। इस प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से दर्श ठाकुर ने पहला और अलिशा ने दूसरा । कक्षा चौथी से आन्या ने पहला और आरवी ने दूसरा स्थान हासिल किया। कक्षा पांचवी से तान्या ने पहला और आराध्या ने दूसरा स्थान प्राप्त किया । स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बताया कि प्रतियोगिता करवाने का उद्देश्य बच्चों में बोलने के कौशल को विकसित करने में मदद करती है।



प्रतियोगिता में विजेता बच्चे अध्यापकों के साथ।

# डीडीएम साईं कॉलेज में नवाजे मेघावी प्रशिक्षु

**अनंत ज्ञान, नादौन**

डीडीएम साईं कॉलेज ऑफ एजुकेशन कल्लर में 21 वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मेधावी प्रशिक्षुओं को मुख्य अतिथि द्वारा कॉलेज की ओर से सम्मानित किया गया। प्रशिक्षुओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके खूब वाहवाही लूटी।




मुख्य मेहमान को सम्मानित करते हुए कॉलेज प्रबंधन के सदस्य।

समारोह में डाइट गौना हमीरपुर के प्रिंसीपल मदन लाल बनयाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इनके साथ लैक्चरर भवानी सिंह, लैक्चरर रणजीत सिंह उपस्थित रहे। कालेज के चेयरमैन एडवोकेट भुवनेश शर्मा, प्रबंधन संचालक राजेश कपिल व कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. ओपी भारद्वाज ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह और टोपी व शाल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एकल नृत्य में बीएड की चांदनी और हिमांशु ने मनमोहक प्रस्तुति दी। अंत में डीएलएड के प्रशिक्षुओं द्वारा गिददे की दमदार प्रस्तुति दी गई। डीडीएम साईं कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. ओपी भारद्वाज ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। मुख्यातिथि मदन लाल बनयाल ने प्रशिक्षुओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम को सराहा तथा भविष्य में उन्हें आगे बढ़ने का आशिर्वाद दिया। अन्त में प्रिंसीपल ने प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम को विराम दिया।

### गीता भवन नादौन में श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**अनंत ज्ञान, नादौन।** गीता भवन नादौन में रविवार को श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। यह आयोजन आगामी पांच जुलाई तक चलेगा।

रविवार सुबह विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भव्य कलश यात्रा का आयोजन पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ शहर भर में किया गया।

शहर भर का माहौल भक्तिमय हो गया। चैतन्य महाप्रभु गौड़ीय मठ सेवा ट्रस्ट दंगड़ी से भक्ति प्रसाद गिरी महाराज रोजाना दोपहर बाद 3:00 से सांय 7:00 बजे तक कथा व्यास से प्रवचनों की अमृत वर्षा कर रहे हैं।

# समीरपुर के प्रसिद्ध भजन गायक ठाकुर रूप लाल का हुआ निधन

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** विकास खंड बमसन की ग्राम पंचायत समीरपुर के सुप्रसिद्ध हिमाचली भजन गायक ठाकुर रूप लाल का शनिवार को निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। उनका जन्म 15 अप्रैल 1937 को हुआ था और 28 जून 2025 को उन्होंने अंतिम सांस ली।

उनके निधन से हिमाचली लोक संगीत और भजन परंपरा को अपूरणीय क्षति पहुंची है। ठाकुर रूप लाल ने अपने जीवन में भक्ति संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके भजन न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि यूट्यूब जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी लोगों द्वारा बड़े चाव से सुने जाते हैं। अनेक एलबमों में स्वर दिया, जिनमें इक तारा विशेष रूप से प्रसिद्ध रही। उनकी आवाज में वह आत्मीयता थी, जो श्रोताओं को सीधे भक्ति और भावनाओं से जोड़ देती थी।

उनके निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और वर्तमान सांसद अनुराग ठाकुर ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ठाकुर रूप लाल ने हिमाचल की भजन संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में जो योगदान दिया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कईं शिष्यों को संगीत की शिक्षा देकर इस परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य भी किया।

**भर्ती** | लंबे इंतजार के बाद राज्य चयन आयोग ने टीजीटी भर्ती की प्रक्रिया की शुरू

# टीजीटी कमीशन आवेदन की तिथि बढ़ाए चयन आयोग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

लंबे इंतजार के बाद राज्य चयन आयोग ने टीजीटी भर्ती की प्रक्रिया शुरू की है। इसके तहत 3 जुलाई 2025 तक इच्छुक पात्र अभ्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

मगर जून माह में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शिक्षक पात्रता परीक्षाएं आयोजित की हैं जिनका परिणाम यदि शीघ्र घोषित कर दिया जाए तो इसमें उत्तीर्ण होने वाले व्यक्ति भी कमीशन भर्ती में शामिल हो सकते हैं।

ऐसे में प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा को नियुक्ति के अवसर पर बधाई देते हुए राजकीय टीजीटी कला संघ ने टीईटी का परिणाम शीघ्र निकालने की अपील की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देशराज कालिया और महासचिव विजय हीर सहित समूची कार्यकारिणी ने कहा कि राज्य चयन आयोग को भी टीजीटी कमीशन में आवेदन की तिथि को 20 जुलाई 2025 तक बढ़ाना चाहिए।

**टीईटी के परिणाम की जल्द हो घोषणा**



वहीं 15 जुलाई तक टीईटी के परिणाम शिक्षा बोर्ड को घोषित कर देने चाहिए ताकि कुछ दिनों के अंतर से कई बेरोजगार व्यक्ति आवेदन के अवसर से वंचित नहीं रहें। वहीं इस संबंधी संघ ने राज्य चयन आयोग को भी ज्ञापन भेजा है।

### शिक्षा में नंबर वन का सपना साकार करना संभव

**संघ** ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में 21वें पायदान से 5वें स्थान पर पहुंचना शिक्षकों और सरकार की मेहनत का परिणाम है मगर हमें नंबर वन बनने के लिए कोशिश करनी होगी। शिक्षा क्षेत्र को अगर विशेष प्राथमिकता मिले और शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हुए सरकारी संस्थानों को उचित प्रोत्साहन मिले तो शिक्षा में नंबर वन का सपना भी साकार करना संभव है। असर और परख सर्वेक्षण में अगर 5 से 7 प्रतिशत अधिक स्कोर होता तो हिमाचल देश में नंबर 1 बन जाता । इस दिशा में नए प्रयास शुरू करने की आवश्यकता है।

# हमीरपुर में 1427 युवाओं ने दी एचएएस की प्रारंभिक परीक्षा

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एचपीपीएससी) द्वारा रविवार को आयोजित एचएएस की प्रारंभिक परीक्षा में हमीरपुर में भी 9 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 1427 उम्मीदवारों ने यह परीक्षा दी। एडीसी अभिषेक गर्ग ने बताया कि यह परीक्षा सभी 9 केंद्रों पर सुचारू ढंग से संपन्न हुई।

उन्होंने बताया कि इस परीक्षा हेतु 2764 उम्मीदवारों के लिए डिग्री कालेज अणु, ब्वायज स्कूल हमीरपुर, गर्ल्स स्कूल हमीरपुर, बहुतकनीकी कालेज बड़ू, हमीरपुर पब्लिक स्कूल रामनगर, न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल गोपालनगर, सुपर मैगनेट स्कूल प्रतापनगर और ब्ल्यू स्टार स्कूल ककरू में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक हुए पेपर-1 में लगभग 1427 उम्मीदवार उपस्थित रहे। लेकिन, दोपहर बाद 2:30 बजे से सायं 4:30 बजे तक आयोजित पेपर-2 में लगभग 1415 उम्मीदवार ही उपस्थित रहे। यानि लगभग 12 उम्मीदवारों ने पेपर-1 तो दिया, लेकिन पेपर-2 देने नहीं आए।

एडीसी ने कहा कि एचपीपीएससी के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त प्रबंध किए गए थे।

सुबह भारी बारिश के बावजूद उम्मीदवारों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए ।

न्यूज ब्रीफ


## भाजपा के प्रदेश सहप्रभारी टंडन ने शिमला ग्रामीण में सुनी 'मन की बात'



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा शिमला ग्रामीण मंडल द्वारा टूटू बाजार में आयोजित प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश सहप्रभारी संजय टंडन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उनके साथ कांगड़ा संसदीय के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज और अन्य कई महत्वपूर्ण नेता भी मौजूद थे। टंडन ने अपने संबोधन में मन की बात कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्यक्रम के माध्यम से पूरे देश को अद्भुत तरीके से जोड़ा है। उन्होंने विशाखापत्तनम में तीन लाख लोगों द्वारा एक साथ योग करने और दो हजार से अधिक आदिवासी छात्रों द्वारा 108 मिनट तक 108 सूर्य नमस्कार करने जैसे उदाहरण दिए, जो योग के प्रति देशवासियों के बढ़ते उत्साह और अनुशासन को दर्शाते हैं। टंडन ने प्रधानमंत्री द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस और वृक्षारोपण के महत्व पर दिए गए जोर का भी उल्लेख किया।

## पौंग बांध विस्थापितों की लड़ाई पहुंची सुप्रीम कोर्ट : विनोद शर्मा

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** पौंग बांध विस्थापितों की 50 वर्षों से लंबित न्याय की लड़ाई अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई है। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एवं रक्कड़ निवासी एडवोकेट विनोद शर्मा ने इस मामले में मुख्यमंत्री सुक्खू से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि विस्थापितों की इस आखिरी उम्मीद को अमलीजामा पहनाने के लिए देश के वरिष्ठ और प्रतिष्ठित अधिवक्ता कपिल सिब्बल को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की पैरवी करने के लिए अधिकृत किया जाए। विनोद शर्मा ने कहा कि जुलाई महीने के तीसरे और चौथे सप्ताह में सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की अंतिम सुनवाई होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई पौंग बांध विस्थापितों को खुद लड़नी पड़ रही है, जबकि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह विस्थापितों के हक में मजबूती से कोर्ट में पक्ष रखे।



## पानी के टैंक में मिली जल शक्ति विभाग के कर्मचारी की लाश

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला शिमला की तहसील रामपुर के धमनी क्षेत्र में पानी के टैंक से एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार थाना रामपुर को दिन में सूचना मिली कि धमनी में स्थित पानी के टैंक में किसी व्यक्ति की लाश तैर रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को टैंक से बाहर निकाला। मृतक की पहचान हीरालाल पुत्र जियालाल निवासी गांव पनोली, डाकघर डन्सा, तहसील रामपुर, जिला शिमला के रूप में हुई है। हीरालाल वर्तमान में जल शक्ति विभाग में वर्कर के रूप में कार्यरत था। पुलिस द्वारा शव का निरीक्षण किया गया और मौके पर पंचनामा भरने के साथ गवाहों के बयान कलमबंद किए गए। प्रारंभिक जांच और गवाहों के बयानों के आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि यह मौत पानी में अचानक गिरने के कारण हुई है।

# राज्यपाल ने 12वीं हॉफ मैराथन को दिखाई हरी झंडी

## नशे के खिलाफ शिमला का जोश, हर कदम पर नशा मुक्ति का लिया संकल्प

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला रविवार को एक ऐतिहासिक क्षण की गवाह बनी, जब राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रिज मैदान से 'नशे को मात देंगे एक साथ' थीम के साथ आयोजित 12वीं हॉफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा आयोजित इस दौड़ में भारी बारिश भी प्रतिभागियों के हौसले पस्त नहीं कर पाई, बल्कि हर आयु वर्ग और हर क्षेत्र से आए लोगों के जोश ने नशे के खिलाफ एक मजबूत संदेश दिया।

मैराथन में बच्चों से लेकर युवाओं, बुजुर्गों और यहां तक कि शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों की भी बड़ी संख्या में भागीदारी देखने को मिली। इस अद्भुत उत्साह ने यह साबित कर दिया कि समाज का हर वर्ग नशे जैसी बुराई से लड़ने के लिए एकजुट है।



राजधानी शिमला में नशे के खिलाफ हॉफ मैराथन को हरी झंडी दिखाते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

राज्यपाल शुक्ल ने इस अवसर पर कहा कि यह उत्साह समय ले सकता है, लेकिन हिमाचल को नशामुक्त करके ही रहेगा। उन्होंने जोर दिया कि देवभूमि की गरिमा को पुनर्स्थापित करने और नशे को समाप्त करने के लिए समाज के हर वर्ग को दृढ़तापूर्वक ऐसे जागरूकता अभियानों का हिस्सा बनना होगा।

राज्यपाल ने पुलिस विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि नशे को मात देंगे एक साथ का यह अभियान निश्चित तौर पर हर घर तक पहुंचने में कारगर सिद्ध होगा। उन्होंने उपस्थित युवाओं और धावकों को किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों से दूर रहने की शपथ दिलाई, जो इस लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### प्रदर्शनी और सिग्नेचर बोर्ड से किया एकजुटता का आह्वान

**मैराथन** से पहले, राज्यपाल ने राज्य पुलिस द्वारा लगाई गई एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया और 'सिग्नेचर बोर्ड' पर हस्ताक्षर कर लोगों को नशे के खिलाफ एकजुटता से कार्य करने का संदेश दिया। यह पहल समाज में एक सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देगी।

### विजेता को मिलेगी 51000 रुपए की नकद प्रोत्साहन राशि

**इस** दौड़ के विजेता को 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। दौड़ को चार श्रेणियों में बांटा गया था। हॉफ मैराथन, मिनी मैराथन, ड्रीम रन और विशेष रूप से सक्षम प्रतिभागियों के लिए दौड़ पुरस्कार विजेताओं को प्रोत्साहित करेगा, लेकिन इस मैराथन का असली इनाम नशे के खिलाफ हर प्रतिभागी द्वारा उठाया गया हर कदम है।

# शिक्षा मंत्री ने जुब्बल में किया सामुदायिक भवन का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल उपमंडल के अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान बढ़ाल पंचायत के बौली गांव में 12 लाख की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने बौली गांव के निवासियों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी।

उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री ने बढ़ाल पंचायत से मिले निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उनके शिक्षा मंत्री के कार्यकाल के पिछले अढ़ाई वर्षों में बढ़ाल पंचायत में अधिकतम और अभूतपूर्व विकास सुनिश्चित हुआ है। इस अवधि में सात नई सड़कों को स्वीकृति मिली है, जिनमें 2.27 करोड़ की लागत से दोची-बौली-बधावली सड़क और 17 करोड़ की लागत से मिहाना खड्ड से बढ़ाल, लेहरोटी, पोखरी वाया शोबा, नालिबान सड़कों का पक्कीकरण शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि अन्य सड़कों का पक्कीकरण भी शीघ्र ही किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 1.55 करोड़ की लागत से निर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरोट के भवन को भी जनता को समर्पित किया गया है।

### शिक्षा और खेल क्षेत्र में प्रगति पर दिया जोर



नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

शिक्षा मंत्री ने पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में पूरे विधानसभा क्षेत्र में केवल पांच सड़कों को ही मंजूरी मिली थी, जो विकास के मानकों को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'एएसएआर' रिपोर्ट में हिमाचल पूरे भारत में पहले स्थान पर पहुंच गया है। इसके अलावा, हाल ही में हुए एनएएस सर्वे में भी हिमाचल 21वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने इन उपलब्धियों का श्रेय प्रदेश के शिक्षकों को दिया और बताया कि शिक्षा को प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दिशा में जुब्बल में शीघ्र ही एक बड़े शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण किया जाएगा।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**सामुदायिक** भवन के उद्घाटन के के बाद शिक्षा मंत्री ने नवयुवक मंडल स्टेटा ब्रदर्स बटाड़ द्वारा आयोजित वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने खेलों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि खेल युवाओं के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें नशे से दूर रखते हैं।

### खेलों को बढ़ावा देने पर जोर

**उन्होंने** यह भी बताया कि वॉलीबॉल पहाड़ी क्षेत्र का एक ऐतिहासिक खेल है और बटाड़ गांव से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकले हैं। खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल छात्रावास जुब्बल में अब वॉलीबॉल के अतिरिक्त कबड्डी और बैडमिंटन के खेलों का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने स्थानीय नवयुवक मंडल को 50,000 देने की भी घोषणा की।

# हिमाचल भाजपाध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के चुनाव की तिथियां घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते डॉक्टर राजीव भारद्वाज।

भाजपा ने हिमाचल प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद और आठ राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के चुनाव की घोषणा कर दी है। पार्टी के चुनाव अधिकारी डॉ. राजीव भारद्वाज ने शिमला में एक प्रेस वार्ता के दौरान विस्तृत जानकारी साझा की। यह चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संपन्न होंगे, जिसके लिए बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक की चुनाव प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के लिए नामांकन पत्र 30 जून को दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक भाजपा मुख्यालय, दीप कमल चक्कर में जमा किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच का कार्य 30 जून को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक होगा। यदि एक से अधिक नामांकन प्राप्त होते हैं, तो नामांकन वापस लेने का समय 30 जून को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष और आठ राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के नामों की आधिकारिक घोषणा एक जुलाई को प्रातः 11 बजे केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा होटल पीटरहॉफ, शिमला में की जाएगी।

राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण के नेतृत्व में पूरे देश में बूथ, मंडल, जिला और प्रदेश परिषद के चुनाव पहले ही संपन्न हो चुके हैं। हिमाचल प्रदेश में भी 8000 से अधिक बूथों, 171 मंडलों और 17 जिलों में चुनाव सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं। हिमाचल प्रदेश में कुल 114 डेलिगेट हैं, जो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनाव के लिए मतदाता के रूप में कार्य करेंगे। चुनाव की अधिसूचना, समय सारणी और मतदाता सूची भाजपा मुख्यालय में प्रकाशित कर दी गई है।

# लोक निर्माण विभाग की निष्क्रिय कार्य प्रणाली पर लोगों ने उठाए सवाल

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

### टिकरी कैंची से अरसू तक की गई लीपा-पोती

**रामपुर बुशहर।** लोक निर्माण विभाग मंडल निरमंड की सुस्त एवं निष्क्रियता के कारण टिकरी कैंची से अरसू का 3 किमी सड़क खस्ताहाल में है। विभाग की गलती की वजह से डीपीआर अरसु से शिल (बांनण) तृतीय चरण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनाई गई है। उक्त 3 किमी की सड़क को इस डीपीआर में विभागीय गलती के कारण छोड़ दिया गया, जिससे स्थानीय लोगों में भारी रोष एवं आक्रोश है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के 17 व 18 जून के बागा सराहन के दौरे के दौरान उक्त तीन किलोमीटर सड़क को आनन-फानन में जेसीबी से जगह-जगह खोदा गया, ताकि लोगों के मुंह बंद हो सकें, ताकि विभाग की पोल मुख्यमंत्री के समक्ष न खुले। स्थानीय छुटभैया नेता भी दबी जुबान में अंदर ही अंदर सरकार को कोस रहे हैं। बारिश की वजह से सारा पानी नाले के रूप में इस 3 किलोमीटर सड़क में बह रहा है, क्योंकि सारे कलवट बंद पड़े हैं। इस सड़क में अभी तक लगभग 70 साल में नालियां नहीं बनी हैं, जिस कारण सारे बाजार का पानी सड़कों में चलता रहता है। जिससे लोगों के खेतों, घरों में यह पानी अक्सर नुकसान करता रहता है। विभाग के अधिकारी के आंखें मूंद कर बैठे हैं। मंत्रियों आदि के डर से सड़क में मिट्टी आदि बिछाकर गड्डे भर दिए जाते हैं।



लोगों का यह भी कहना है कि मंत्रियों तथा मुख्यमंत्री के जितने भी दौरे ग्रामीण क्षेत्रों में होते हैं वे सभी सड़क मार्ग द्वारा ही होने चाहिए, ताकि इस प्रकार की घटनाएं की पुनरावृत्ति न हो सके। लोगों का कहना है कि खासकर इस 3 किमी के सड़क मार्ग को सही ढंग से पक्का किया जाए।

# मनूणी खड्ड से मिले सातवें शव की भी हुई पहचान

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** धर्मशाला के साथ लगते मनूणी खड्ड के पानी के तेज बहाव में बहे मजदूरों के शवों के मिलने का क्रम लगातार जारी है। शनिवार देर शाम एक ओर शव बरामद किया गया था, जिसकी शिनाखत कर ली गई है।

रविवार को जिला कांगड़ा एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि शव सुक्कड़ के पास मनूणी खड्ड के मलबे से बरामद हुआ था, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई थी, क्योंकि मृतक व्यक्ति का चेहरा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था। वहीं, इस शव की पहचान परमजीत पुत्री नेक राम निवासी गांव कोना, तहसील फतेहपुर के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा रविवार को उसके परिजनों को बुलाया गया था जिन्होंने उसकी पहचान की।

उन्होंने ने कहा कि कामगार का शव शनिवार को घटनास्थल से लगभग सात किलोमीटर दूर सिद्धबाड़ी स्थित मनूणी खड्ड में मिला है। इस हादसे में अभी तक 7 मजदूरों के शवों को बरामद कर लिया गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों का रेक्स्यू अभियान अभी जारी है, जबकि अभी एक मजदूर अभी भी लापता है।

# अढ़ाई साल में सरकार ने लिया 33 हजार करोड़ का कर्ज : कश्यप

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार एक बार फिर 1200 करोड़ रुपए का कर्ज लेने जा रही है। सरकार द्वारा लगातार लिए जा रहे कर्ज को लेकर भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने प्रदेश सरकार पर हमलावर होते हुए कहा है कि मौजूदा सरकार हिमाचल को कर्ज के बोझ तले डुबो रही है। नाहन में एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार अढ़ाई साल के कार्यकाल में करीब 33500 करोड़ कर्ज लिया और अब फिर प्रदेश सरकार 1200 करोड़ रुपए का कर्ज लेने जा रही है।

### अब फिर से 1200 करोड़ का ऋण लेने जा रही सरकार



उन्होंने कहा कि अगर सरकार इसी तरह कर्ज लेती रही तो 5 सालों के भीतर कर्ज का आंकड़ा 50 हजार करोड़ के पर चला जाएगा। प्रदेश सरकार केंद्र की तरफ से मदद न मिलने का हवाला देती है, मगर हकीकत यह है कि लगातार केंद्र की तरफ से हिमाचल को आर्थिक मदद मिल रही है और हाल ही में सरकार ने आपदा राहत के रूप में 2006.40 करोड़ की राशि स्वीकृत की है।

कश्यप ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में मौजूदा सरकार के कार्यकाल में कोई भी विकासात्मक कार्य नहीं हो पा रहे हैं और सिर्फ केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाएं हिमाचल प्रदेश के भीतर चल रही है। हिमाचल में मौजूदा सरकार कोई भी नया प्रोजेक्ट हिमाचल प्रदेश के भीतर शुरू नहीं कर पाई है और हिमाचल आर्थिक बदहाली से गुजर रहा है।

# केंद्र सरकार का जनजातीय जिलों के विकास पर विशेष ध्यान : रिजिजू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



केंद्रीय मंत्री के साथ जिला भाजपा के पदाधिकारी व अन्य।

केंद्रीय संसदीय एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू रविवार को जनजातीय क्षेत्रों का दौरा कर कुल्लू पहुंचे। उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश सहित जिला प्रशासन की ओर से उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार उन्होंने किन्नौर, स्पीति तथा लाहौल का दौरा किया है तथा कई केंद्रीय स्कीमों का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र किन्नौर, काजा, लाहौल तथा चंबा के लोगों का जीवन बहुत कठिन है तथा केंद्र सरकार का इन क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान है। सरकार युवाओं को ध्यान में रखकर योजनाओं को लागू करने का प्रयास कर रही है। अगली बार वह चंबा के दुर्गम क्षेत्र का दौरा करेंगे। इस अवसर पर जयराम ठाकुर, विधायक सुरेंद्र शौरी सहित भाजपा नेता उपस्थित रहे।

# केंद्र की मदद पर आभार जताना सीखें कांग्रेस के नेता : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि आज की सुक्खू सरकार सिर्फ और सिर्फ काम बंद किए जा रही है। लाहौल के विकास के लिए भाजपा की पूर्व सरकार ने कई परियोजनाओं को मंजूरी दी और आज उनके काम पूरे हो गए हैं या अंतिम चरण में हैं।

रविवार को प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत लाहौल में हुए विकास कार्यों के उद्घाटन मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति में पूर्व सरकार द्वारा खोले गए दर्जनों संस्थान सुक्खू सरकार ने बंद कर दिए। यह देने वाली नहीं, लेने वाली सरकार है। वहीं, उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि लाहौल आना-जाना मुश्किल है। इस हालात को बदलना होगा। उसके लिए उन्होंने अटल टनल की शुरुआत की और प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़-इच्छा शक्ति ने यह काम पूरा करवाया। 2017 में सीएम बनने बाद जब मैं प्रधानमंत्री से मिला तो उन्होंने मुझसे कहा कि हर हाल में अटल टनल के काम को पूरा करना है। अटल जी का सपना प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा किया।



### लाहौल-स्पीति के लिए अटल जी ने देखा सपना, मोदी ने किया पूरा

जयराम ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा लाहौल में किए जाने वाले विभिन्न विकासात्मक कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए कहा कि प्रदेश के किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिले में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के 150 करोड़ की सौगात मिलीं है, लेकिन प्रदेश सरकार की तरफ से केंद्र सरकार का आभार तक नहीं जताया जाता है।

**प्रगति**

## सरकार की प्राथमिकता : सुदृढ़ स्वास्थ्य ढांचा और घर-द्वार तक सेवाएं देना

# हिमाचल में स्वास्थ्य सेवाओं का हुआ कायाकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने पिछले अढ़ाई वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक आधुनिकीकरण और विस्तार हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित किया है।

इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, जनवरी 2023 से दिसंबर 2024 तक राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों ने 3.27 करोड़ से अधिक बाह्य रोगियों और लगभग 37.50 लाख अंतरंग रोगियों को उपचार प्रदान किया है, जो स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती पहुंच और दक्षता को दर्शाता है। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में 2,926 राजकीय स्वास्थ्य संस्थान कार्यरत हैं, जिनमें छह मेडिकल कॉलेज, तीन जोनल अस्पताल, नौ क्षेत्रीय अस्पताल, 92 नागरिक अस्पताल और बड़ी संख्या में सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। सरकार ने क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप कई संस्थानों का उन्नयन किया है, उदाहरण के लिए, लाहौल-स्पीति के काजा में नागरिक अस्पताल को 20 से 50 बिस्तरों तक बढ़ाया गया है, जबकि हमीरपुर, शिमला और ऊना के नागरिक अस्पतालों को 50 से 100 बिस्तरों में अपग्रेड किया गया है। इसके अतिरिक्त सोलन, कांगड़ा और सिरमौर जैसे जिलों में नए खंड चिकित्सा कार्यालय और उप-स्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती मिली है।





### प्रदेश में दो वर्षों में 3.27 करोड़ हुई ओपीडी

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक और लाहौल-स्पीति में दो 'आदर्श स्वास्थ्य संस्थान' स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। इन 69 आदर्श संस्थानों में 134 प्रकार की प्रयोगशाला सुविधाएं, विशेषज्ञ डॉक्टर (मेडिसिन, सर्जरी, स्त्री रोग, बाल रोग आदि), पर्याप्त चिकित्सा स्टाफ, अल्ट्रासाउंड और डिजिटल एक्स-रे जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

चरणबद्ध तरीके से इन संस्थानों में एमआरआई और सीटी स्कैन की सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए, सभी मेडिकल कॉलेजों और नागरिक अस्पतालों में आधुनिक मशीनें खरीदने हेतु 1,730 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है, जो स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के उन्नयन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### 491 नए पद किए सृजित

**सरकार** ने अढ़ाई वर्षों के कार्यकाल में 185 चिकित्सा अधिकारी और 130 स्टाफ नर्सों सहित विभिन्न श्रेणियों में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं, जिससे स्वास्थ्य संस्थानों में स्टाफ की कमी को दूर किया जा रहा है। साथ ही, 491 नए पद भी सृजित किए गए हैं।

# धर्मशाला पहुंचे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली कर्नाटक, तेलंगाना व उत्तर प्रदेश के स्पीकर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**


30 जून व एक जुलाई को तपोवन धर्मशाला में आयोजित हो रहे राष्ट्रमंडल संसदीय संघ वार्षिक सम्मेलन भारत क्षेत्र-2 के लिए तपोवन भवन धर्मशाला को दुल्हन की तरह सजाया गया है, जबकि सम्मेलन में भाग लेने पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना तथा कर्नाटक राज्य के स्पीकर वायु मार्ग द्वारा धर्मशाला पहुंच गए हैं।



पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना व उत्तर प्रदेश के स्पीकर के साथ कुलदीप सिंह पठानिया।

राज्यसभा उपसभापति हरिवंश भी धर्मशाला पहुंच चुके हैं। 30 जून को प्रातः 10 बजे सम्मेलन का शुभारंभ करने लोकसभा अध्यक्ष एवं राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत के चेयरमैन ओम बिरला प्रातः 8 बजे हवाई मार्ग द्वारा गगल एयरपोर्ट पहुंच रहे है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू उद्घाटन अवसर पर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। तपोवन धर्मशाला राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन को प्रथम बार आयोजित करने जा रहा है, जो अपने आप में ऐतिहासिक होगा। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र-2 में पांच राज्य शामिल हैं जिसमें हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली तथा जम्मू-कश्मीर राज्य शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया इन सभी राज्यों के संयोजक हैं।

पठानिया ने कहा कि इस सम्मेलन में कुल 178 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा उपसभापति और 8 राज्यों के स्पीकर, डिप्टी स्पीकर, नेता प्रतिपक्ष, मुख्य सचेतक, उप मुख्य सचेतक तथा माननीय सदस्य शामिल हैं। इस सम्मेलन का मुख्य थीम (विषय) 'डिजिटल युग में सुशासन: संसाधनों का प्रबंधन, लोकतंत्र की रक्षा और नवाचार को अपनाना है। उन्होंने कहा कि इस वार्षिक सम्मेलन में तीन सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 30 जून को उद्घाटन समारोह के बाद पहला सत्र आयोजित किया जाएगा। एक जुलाई को दो सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार धन्यवाद संबोधन करेंगे। सम्मेलन में लोकसभा महासचिव, राज्यसभा महासचिव तथा सभी राज्य विधानसभाओं के सचिव भी शिरकत करेंगे।




*मधुमेह (Diabetes Mellitus) आज के दौर की सबसे तेजी से बढ़ती मेटाबॉलिक डिसऑर्डर में से एक है, जो शरीर में इंसुलिन हार्मोन की अनुपस्थिति या प्रभावशीलता की कमी के कारण होती है।*

# मधुमेह
## तेजी से बढ़ती मेटाबॉलिक डिसऑर्डर में से एक

**जब** पैंक्रियाज (अग्न्याशय) पर्याप्त इंसुलिन नहीं बनाता या शरीर उसकी क्रिया को सही ढंग से नहीं पहचानता, तब रक्त में ग्लूकोज की मात्रा असामान्य रूप से बढ़ जाती है, जिसे हाइपरग्लाइसीमिया कहा जाता है। टाइप 1 डायबिटीज एक ऑटोइम्यून कंडीशन है, जबकि टाइप 2 डायबिटीज का मुख्य कारण इंसुलिन रेजिस्टेंस और जीवनशैली में असंतुलन होता है। इस रोग की रोकथाम के लिए लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थों का सेवन, नियमित एरोबिक एक्सरसाइज, और मानसिक संतुलन अत्यंत आवश्यक हैं। डॉक्टर अक्सर एचबीए1सी टेस्ट के जरिए पिछले तीन महीनों की औसत ब्लड शुगर की स्थिति का आकलन करते हैं, जिससे डायबिटीज की गंभीरता समझी जा सकती है। यदि समय रहते पहचान और फार्माकोलॉजिकल इंटरवेंशन न हो, तो यह किडनी (नेफ्रोपैथी), आंखों (रेटिनोपैथी), नसों (न्यूरोपैथी) और हृदय को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है, लेकिन अच्छी बात यह है कि मधुमेह को पूरी तरह से 'मैनेज' किया जा सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि रोगी डॉक्टर द्वारा निर्धारित ओरल हाइपोग्लाइसेमिक एजेंट्स या इंसुलिन थेरेपी के साथ-साथ अनुशासित दिनचर्या, पौष्टिक आहार और मानसिक स्थिरता को अपनाए। नियमित जांच, जैसे फास्टिंग प्लाज्मा ग्लूकोज, पोस्टप्रैंडियल शुगर और एचबीए1सी, रोग को नियंत्रण में रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मधुमेह से डरने की नहीं, जागरूक होकर इसे जीवन का संतुलित हिस्सा बनाने की जरूरत है।


डॉ. ऋषि पुरी एमबीबीएस, बीएमओ तीसा, चंबा

**प्रस्तुतिः आरके सहगल**

**हिमाचल प्रदेश की हरी-भरी वादियों में एक ओर जहां सेब, आड़ू और प्लम जैसे रसीले फलों की बहार रहती है। वहीं एक और फल चुपचाप अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है जामुन (Syzygiumcumini), जिसे स्थानीय रूप से काला जामुन, जाम्भुयाराजमन के नाम से भी जाना जाता है।**

# मधुमेह से लेकर पाचन तक जामुन की औषधीय विरासत



*जामुन न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि यह एक पारंपरिक जंगली फल है, जो औषधीय गुणों से भरपूर होता है। मधुमेह नियंत्रण, पाचन सुधार और रक्त शुद्धि के लिए यह अत्यंत लाभकारी माना गया है। हिमाचल प्रदेश में यह निचले और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों विशेष रूप से मंडी, बिलासपुर, ऊना, कांगड़ा और सोलन जिलों में प्राकृतिक रूप से उगता है। एक समय था जब यह फल गांवों के बच्चों के लिए गर्मियों की सौगात हुआ करता था। हालांकि जामुन के पेड़ बहुत ऊंचे होते थे और बच्चों को उन पर चढ़ने की सख्त मनाही थी, लेकिन बचपन की जिद और जामुन की ललक कहां किसी रोक को मानती थी। बच्चे बड़ी बेसब्री से इंतजार करते कि घर के बड़े कब दोपहर की नींद में खो जाएं और फिर ऊंचे-ऊंचे पेड़ों पर चढ़कर जामुन तोड़ लाते, नीले पड़े होठों और जामुन की खुशबू के साथ घर लौटते, लेकिन अब यह दृश्य कहीं खो गया है। बच्चों का पेड़ों पर चढ़ना अब दुर्लभ हो गया है और जामुन भी अब बाजारों में बिकने वाला एक महंगा फल बन चुका है, जिसकी कीमत 250 से 300 रुपए प्रति किलो तक पहुंच जाती है।*

## बाजार में दिख रही है हाइब्रिड किस्मों की चमक

*आज बाजार में मिलने वाली जामुन की किस्में पहले से कहीं बड़ी, रसीली और बीज में छोटी होती हैं। ये हाइब्रिड किस्में न केवल स्वाद में बेहतर हैं, बल्कि देखने में भी आकर्षक लगती हैं। वहीं, देशज किस्मों के फल आकार में छोटे होते हैं, लेकिन उनके औषधीय गुण कहीं अधिक माने जाते हैं। अब इन किस्मों की उपलब्धता धीरे-धीरे सीमित होती जा रही है।*

## पहले बर्बाद होते थे फल और बीज अब बन रहे हैं दवा

**पहले** जामुन के पेड़ तो बहुत होते थे, लेकिन फल और बीज प्रायः बर्बाद ही हो जाते थे। न तो उन्हें इकट्ठा करने की प्रवृत्ति थी और न ही प्रसंस्करण की कोई सुविधा, इसलिए जामुन के फल पेड़ों से गिरकर जमीन पर सड़ते रहते थे। अब वह दृश्य लगभग गायब हो गया है और इसके कई कारण हैं। पहला, शहरीकरण और सड़कों के विस्तार के चलते अनेक जामुन के पुराने पेड़ काटे जा चुके हैं। दूसरा, कोरोना महामारी के बाद लोगों में स्वास्थ्य और जंगली फलों के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ी है। तीसरा, बाजार में जामुन जैसे पारंपरिक फलों की मांग बढ़ने से इनके दाम भी बढ़ गए हैं, जिससे अधिक लोग इन्हें आय के स्रोत के रूप में बेचने लगे हैं। चौथा, पतंजलि, डाबर जैसी आयुर्वेदिक कंपनियों ने गांव-गांव जाकर स्थानीय उत्पादों की खरीद शुरू कर दी है, जिससे ग्रामीण समुदायों को जामुन जैसे फलों का आर्थिक मूल्य समझ आने लगा है। इसके अलावा, जैसे-जैसे मधुमेह जैसी बीमारियां गांव-गांव तक पहुंच रही हैं, लोग अब जामुन के औषधीय गुणों को गंभीरता से लेने लगे हैं और इसकी नियमित खपत को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी मान रहे हैं। जामुन अब सिर्फ जंगल का उपेक्षित फल नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और आय दोनों का साधन बनता जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अब कुछ लोग जामुन की गुठलियां इकट्ठा कर उन्हें सुखाकर पीसते हैं और नियमित रूप से उसका सेवन करते हैं। यह परंपरागत उपाय अब एक भरोसेमंद घरेलू इलाज के रूप में पुनर्जीवित हो रहा है।

### निष्कर्ष

**जामुन केवल एक फल नहीं, बल्कि एक संपूर्ण प्राकृतिक औषधि है। आज जब मधुमेह, मोटापा और पाचन संबंधी रोग आम हो गए हैं, जामुन जैसे देशज फल हमें प्रकृति से मिला वरदान है। हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य जहां इसकी खेती व प्राकृतिक रूप से उपलब्धता है। इसके मूल्यवर्धन, प्रसंस्करण और घरेलू उपयोग को बढ़ावा देने की अत्यंत आवश्यकता है। यह एक तेजी से बढ़ने वाला पेड़ है, जो भूमि क्षरण को रोकने में मदद करता है और जैव विविधता को समृद्ध बनाता है।**

## पोषण का भंडार

*जामुन न केवल स्वादिष्ट फल है, बल्कि यह पोषण का भंडार भी है। गर्मियों में मिलने वाला यह मौसमी फल शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ अनेक रोगों से बचाव करता है। स्थानीय लोग जामुन के फल को इसके स्वाद और औषधीय गुणों के लिए सदियों से प्रयोग में लाते आ रहे हैं। 100 ग्राम ताजे जामुन फल सेमिलानेवाले पोषक तत्व इस प्रकार हैं।*

| पोषक तत्व | मात्रा |
|---|---|
| ऊर्जा | 60-75 किलो कैलोरी |
| कार्बोहाइड्रेट | 14-16 ग्राम |
| फाइबर | 0.9-1.2 ग्राम |
| प्रोटीन | 0.7 ग्राम |
| वसा | 0.2 ग्राम |
| कैल्शियम | 15-20 मिलीग्राम |
| फास्फोरस | 15-18 मिलीग्राम |
| लोहा | 0.9-1.4 मिलीग्राम |
| विटामिन | 18-25 मिलीग्राम |
| विटामिनए | 74 आईयू (लगभग) |
| पोटैशियम | 55 मिलीग्राम |
| मैग्नीशियम | 15-20 मिलीग्राम |
| *एंटीऑक्सीडेंट्स उच्च मात्रा (एंथोसायनिन्स प्रमुख रूप से)* | |

## जामुन से बनाए जाने वाले प्रमुख मूल्य संवर्धित उत्पाद

- **जामुन का रस**
  प्रक्रिया : गूदा निकालकर छानना पास्चुरीकरण बोतल में भरना
  लाभ : एंटीऑक्सीडेंट, आयरन व विटामिन सी से भरपूर, मधुमेह व पाचन के लिए उपयोगी।
- **जामुन स्क्वैश**
  प्रक्रिया : रस में चीनी/गुड,साइट्रिक एसिड व संरक्षक मिलाकर बोतल में भरना
  उपयोग : ठंडे पानी में मिलाकर पेय के रूप में।
- **जामुन जैम/जेली**
  प्रक्रियाः गूदा+चीनी/गुड+पेक्टिन-पकाकर जैम बनाया जाता है।
  विशेषताः बच्चों के लिए पसंदीदा, शुगर-फ्री संस्करण मधुमेह रोगियों के लिए।
- **जामुन सिरका**
  प्रक्रिया : रस को खमीरित कर सिरका तैयार करना।
  लाभः पाचन सुधार और वज़न प्रबंधन में सहायक।
- **जामुन बीज चूर्ण/कैप्सूल**
  प्रक्रियाः बीज धोकर सुखाना, चूर्ण बनाना।
  औषधीय प्रयोगः आयुर्वेद में मधुमेह नियंत्रण के लिए अत्यंत उपयोगी।
- **जामुन वाइन**
  प्रक्रियाः रस का नियंत्रित किण्वन
  बाजारः स्वास्थ्यप्रद पेय के रूप में उभरता हुआ क्षेत्र।
- **जामुन टॉफी कैंडी/सूखे टुकड़े**
  प्रक्रियाः स्लाइस बनाकर सुखाना या हर्ब-कोटेड कैंडी बनाना
  फायदाः बच्चों व यात्रियों के लिए सेहतमंद स्नैक।
- **जामुन की चाय (बीज या पत्तियों से)**
  प्रयोगः हर्बल चाय के रूप में सेवन, विशेषकर शुगर कंट्रोल के लिए।


डॉ. तारा देवी सेन विभागध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी।

## जामुन के औषधीय गुण

**जामुन** का हर भाग-फल, बीज, पत्तियां, छाल और यहां तक कि टहनियां-औषधीय गुणों से भरपूर हैं। यह पारंपरिक रूप से आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा में वर्षों से प्रयोग में लाया जा रहा है। जामुन की गुठली से बना चूर्ण पारंपरिक वैद्य मधुमेह में रामबाण मानते हैं। स्थानीय बाजारों में इस चूर्ण की कीमत 110 से 150 रुपए प्रति किलो तक रहती है।

### मधुमेह नियंत्रण में सहायक

**जामुन** के बीजों में जाम्बोलिन और जैम्बोसिन नामक यौगिक पाए जाते हैं, जो रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।


**रक्त शोधकः** इसका नियमित सेवन खून को साफ करने और त्वचा रोगों को दूर करने में सहायक होता है।

**दांतों और मसूड़ों की रक्षाः** जामुन की टहनी (दातून) से दांतों की सफाई की जाती है। इससे मसूड़ों को मजबूती मिलती है।

**पाचन शक्ति में वृद्धि :** फल और छाल दोनों ही पाचन संबंधी विकारों जैसे दस्त, अम्लपित्त और अपच में लाभकारी हैं।

**एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर :** जामुन में एंथोसायनिन्स जैसे एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं व कैंसर बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं।

**घाव भरने में सहायकः** जामुन की छाल और पत्तियों का लेप पारंपरिक रूप से घावों पर लगाया जाता है, जिससे सूजन कम होती है और घाव जल्दी भरते हैं।



# कान का दर्द

***कान का दर्द, जिसे ईरएक या ओटाल्जिया भी कहा जाता है, एक आम समस्या है, जो बच्चों और बड़ों दोनों को प्रभावित कर सकती है।***

*1. **प्राथमिक कान का दर्द :** दर्द सीधे कान से उत्पन्न होता है, जैसे की कान में संक्रमण या सूजन।*

2. **द्वितीयक कान का दर्द :** *यह referred pain होता है यानी दर्द का स्रोत कहीं और होता है, लेकिन महसूस कान में होता है।*

**उदाहरणः** ● गले का संक्रमण ● जबड़े की समस्या ● दांत में दर्द या संक्रमण

**संभावित कारण :** ● कान का संक्रमण ● ईयरवेक्स का जमाव ● ठंडी हवा या पानी का संपर्क ● दांतों की समस्याएं ● गले की सूजन ● चोट या दबाव

## बच्चों में संक्रमण का सामान्य कारण

1. बच्चों और शिशुओं में कान का संक्रमण सबसे आम कारण होता है।
2. शिशुओं में यह बुखार, चिड़चिड़ापन और बार-बार कान को पकड़ने के रूप में भी प्रकट हो सकता है।
3. कान का दर्द एक या दोनों कानों में हो सकता है। यह अकेले हो सकता है या अन्य लक्षणों के साथ भी दिखाई दे सकता है।

**लक्षण :** ● तेज या धीमा दर्द, जो लगातार ● या रुक-रुक कर हो सकता है ● बुखार (विशेषकर बच्चों में) ● सिर घूमने की भावना ● कान में खुजली ● कान में भरेपन का अहसास ● चबाने से दर्द बढ़ना या न बढ़ना

### इन बातों पर देना चाहिए ध्यान

*यदि निम्न लक्षण मौजूद हों, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए*
*● सुनने की शक्ति में कमी ● चक्कर आना ● कान में घंटी बजने जैसी ● आवाज ● मधुमेह ● कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली ● कान की बाहरी त्वचा पर सूजन या जबड़े के साथ सूजन*

### घरेलू देखभाल सुझाव

*गर्म कपड़े या हीट पैड से हल्के गरम सेक करें ● कान साफ करने की कोशिश न करें*

## होम्योपैथिक उपचार

**1. Chamomilla (कैमोमिला)**
यह एक प्रभावी होम्योपैथिक औषधि है, जिसका उपयोग विशेष रूप से दांत निकलने के समय (teething) होने वाले कान दर्द और चिड़चिड़ेपन में किया जाता है। दर्द के कारण अत्यधिक चिड़चिड़ापन और रोना। यह औषधि तब उपयोगी होती है, जब दर्द के कारण बच्चा बहुत ज्यादा रोता है, और उसे शांत करना मुश्किल होता है

**2. Belladonna (बेलाडोना)**
कान में अचानक और तीव्र दर्द जो अचानक शुरू होकर फिर बंद हो सकता है दर्द धड़कता हुआ (throbbing) या धमकता हुआ (pounding) होता है कान में सूजन और गर्मी, और छूने पर त्वचा गर्म महसूस होती है। रोगी को तेज बुखार होता है, चेहरा लाल और आंखें रोशनी के प्रति संवेदनशील हो सकती हैं।

**3. Pulsatilla (पल्साटिला)**
सर्दी के बाद होने वाले कान के दर्द के लिए उपयोगी दवा, जिसमें नाक बंद होती है। (विशेषकर घर के अंदर) और पीला या हरा बलगम निकलता है। कान में सूजन और गर्मी, ऐसा लगता है जैसे भीतर से कुछ बाहर की ओर दबा रहा है। दर्द अकसर शाम और रात में बढ़ता है, और गर्मी से भी बढ़ सकता है। दर्द के साथ धड़कन जैसी अनुभूति हो सकती है।

**4. Hepar Sulphuris Calcareum**
जब कान का संक्रमण गंभीर हो चुका हो और दर्द बहुत तेज, चुभन जैसा हो। यह दवा उस स्थिति में दी जाती है, जब कान का पर्दा उभरा हुआ हो या मवाद बन रहा हो।
❒ दर्द ऐसा लगता है जैसे कोई नुकीली चीज कान में चुभ रही हो।
❒ व्यक्ति बहुत चिड़चिड़ा, स्पर्श-संवेदनशील और कमजोर महसूस करता है।
❒ मवाद बनना और कान से डिसचार्ज भी हो सकता है।
❒ कान से बदबूदार पस, रात को दर्द बढ़े।


डॉ. निधि जोशी गांधीधाम कच्छ (गुजरात)

**नोटः यदि कान का दर्द 2-3 दिन से अधिक रहे, सुनने में कमी हो या कान से लगातार बहाव हो, तो विशेषज्ञ से संपर्क अवश्य करें। होम्योपैथिक दवाओं का उपयोग चिकित्सक की सलाह के अनुसार ही करें।**

# बारिश के मौसम में बीमारियां बन सकती हैं जानलेवा

## वर्षा ऋतु में खानपान पर ध्यान और मच्छरों से करें बचाव



**भीषण** गर्मी के बाद मानसून की दस्तक से मौसम तो सुहावना हो गया है, लेकिन बारिश राहत के साथ ही कई बीमारियां अपने साथ लेकर आती है। इस मौसम में कई खतरनाक बीमारियों का खतरा बढ़ने लगता है। कुछ बीमारियां तो ऐसी भी हैं, जिनका समय पर इलाज न हो तो जानलेवा भी हो सकती हैं। ऐसे में इन बीमारियों से बचाव जरूरी होता है। बारिश के मौसम में डायरिया, टाइफाइड, वायरल फीवर, डेंगू और मलेरिया का खतरा सबसे ज्यादा और तेजी से फैलता है। टाइफाइड और डायरिया खराब खाने-पीने से होता है।

### लक्षण और बचाव

**बारिश** के मौसम में तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, सांस लेने में समस्या, उल्टी, दस्त जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए मच्छरों के पनपने से रोकें। घर के आसपास या छत पर पानी न जमा होने दें। खानपान का खास ख्याल रखें, बाहर का खाना छोड़ें, साफ और उबला पानी ही पिएं, साफ-सफाई को लेकर लापरवाही न करें, समय-समय पर हाथों को धोते रहें।


डॉ. एनके गुप्ता।



### डेंगू-मलेरिया सबसे खतरनाक

**बरसात** में सबसे ज्यादा खतरा डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का रहता है। दोनों ही मच्छरों के काटने से फैलते हैं। इस मौसम में पानी जमा हो जाता है, जिनमें मच्छर पैदा होते हैं। इनके काटने से ही डेंगू और मलेरिया बढ़ता है, अगर इनका समय पर इलाज न करवाया जाए तो जानलेवा भी जा सकती है। सोलन निवासी हेल्थ एक्सपर्ट्स डॉ. एनके गुप्ता के मुताबिक, बरसात के मौसम में वातावरण में नमी आ जाती है। इस वजह से बैक्टीरिया और वायरस को पनपने के लिए अनुकूल मौसम मिल जाता है, जो कई बीमारियों का कारण बनते हैं। वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन का जोखिम इस मौसम में ज्यादा रहता है, जिसकी चपेट में बच्चे और बुजुर्ग सबसे जल्दी आते हैं। डॉ. गुप्ता के मुताबिक, बारिश के मौसम में डायरिया, टाइफाइड, वायरल फीवर, डेंगू और मलेरिया का खतरा सबसे ज्यादा और तेजी से फैलता है। टाइफाइड और डायरिया खराब खाने-पीने से होता है। इसमें उल्टी-दस्त की समस्या भी रहती है। कुछ बैक्टीरिया वायरल फीवर का कारण भी बन जाते हैं। इस मौसम में फ्लू का खतरा भी ज्यादा रहता है।

**प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान**

### बारिश वाली बीमारियों के सामान्य लक्षण

- तेज बुखार
- सिरदर्द
- मांसपेशियों में दर्द
- सांस लेने में समस्या
- उल्टी, दस्त

# मानसून में ऐसे रखेंगे सेहत का ख्याल नहीं पड़ेंगे बार-बार बीमार

**चिलचिलाती** गर्मी से राहत देने वाली बरसात अब होने लगी है। देश के कई हिस्सों में मानसून की दस्तक से मौसम सुहावना हो गया है। हालांकि, ये बारिश राहत के साथ ही कई बीमारियां अपने साथ लेकर आती है। इस मौसम में कई खतरनाक बीमारियों का खतरा बढ़ने लगता है। इन दिनों शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता भी कम हो जाती है। ऐसे में खानपान में बरती जाने वाली लापरवाही का सीधा और तेज असर सेहत पर देखने को मिलता है। कुछ बीमारियां तो ऐसी भी हैं, जिनका समय पर इलाज न हो, तो जान भी जा सकती है। ऐसे में आइए जानते हैं इन बीमारियों के लक्षण कैसे पहचाने और इनसे बचने के क्या उपाय हैं।



### बारिश में क्यों बढ़ती हैं बीमारियां

**हेल्थ** एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बरसात के मौसम में वातावरण में नमी आ जाती है। इस वजह से बैक्टीरिया और वायरस को पनपने के लिए अनुकूल मौसम मिल जाता है, जो कई बीमारियों का कारण बनता है। वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन का जोखिम इस मौसम में ज्यादा रहता है, जिसकी चपेट में बच्चे और बुजुर्ग सबसे जल्दी आते हैं।

### बारिश में इन बीमारियों का खतरा ज्यादा

बारिश के मौसम में डायरिया, टाइफाइड, वायरल फीवर, डेंगू, मलेरिया, एलर्जी और गैस्ट्रोएंट्राइटिस का खतरा सबसे ज्यादा और तेजी से फैलता है। टाइफाइड और डायरिया खराब खाने-पीने से होता है। इसमें उल्टी-दस्त की समस्या भी रहती है। कुछ बैक्टीरिया वायरल फीवर का कारण भी बन जाते हैं। इस मौसम में फ्लू का खतरा भी ज्यादा रहता है।

### सबसे ज्यादा किन लोगों को खतरा

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, मानसून आते ही जिन बीमारियों का खतरा बढ़ता है, उनकी चपेट में सबसे जल्दी और तेजी से कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग आते हैं। ऐसे लोगों पर वायरस और बैक्टीरिया आसानी से अटैक कर सकते हैं, इसलिए इन्हें सावधानी रखनी चाहिए।

**बारिश** वाली बीमारियों से कैसे बचें आप सबसे पहले तो पूरी बाजू के कपड़े पहनें, जो कि आपको मच्छरों से फैलने वाली डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाने का काम करेंगे। मच्छरों के पनपने से रोकें। घर के आसपास या छत पर पानी न जमा होने दें। खानपान का खास ख्याल रखें। इसके अलावा बाहर का खाने से परहेज करें और घर में बने भोजन के बासी होने के बाद इसका सेवन न करें। साफ और उबला पानी ही पीएं। साफ-सफाई को लेकर लापरवाही न करें। समय-समय पर हाथों को धोते रहें।



**-डॉ. विकेश ठाकुर, मेडिकल ऑफिसर आयुष, मंडी।**

### डेंगू-मलेरिया सबसे खतरनाक

**बरसात** में सबसे ज्यादा खतरा डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का रहता है। दोनों ही मच्छरों के काटने से फैलती हैं। इस मौसम में पानी जमा हो जाता है, जिनमें मच्छर पैदा होते हैं। इनके काटने से ही डेंगू और मलेरिया बढ़ता है। अगर इनका समय पर इलाज न कराया जाए तो जानलेवा भी हो सकती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** इंदौरा उपमंडल के गांव टिब्बी में ट्रक की चपेट में आने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है। हादसा पेपर मिल के पास हुआ। डीएसपी संजीव यादव ने बताया कि इस बाबत जानकारी मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन के बाद मृत व्यक्ति की पहचान बोध राज पुत्र सांझी राम निवासी गुडांकला तहसील व जिला पठानकोट के रूप में हुई है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

### जवाली में गाड़ी से अफीम बरामद, एक गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान टीम, इंदौरा/कोटला।** जिला पुलिस नूरपुर द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत एक गाड़ी से 19.76 ग्राम अफीम बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसपी जिला पुलिस नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस थाना जवाली के तहत जखाड़ा चौक में गश्त के दौरान चंदन कुमार पुत्र देव राज निवासी चलवाड़ा तहसील जवाली की गाड़ी नंबर एचपी 12-एफ-3645 की तलाशी के दौरान 19.76 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर उपरांत आरोपी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### बैजनाथ में विकास कार्यों पर समीक्षा बैठक 4 को

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा के लिए 4 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे खंड विकास अधिकारी बैजनाथ के सभागार में बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता विधायक किशोरी लाल करेंगे। वहीं, उपमंडल स्तरीय विभागाध्यक्षों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा व चर्चा की जाएगी। उपमंडलाधिकारी संकल्प गौतम ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे समय पर बैठक में उपस्थित होकर विकास कार्यों की जानकारी उपलब्ध करवाएं, ताकि क्षेत्र के विकास कार्यों में गति लाई जा सके।

### जिया स्कूल में स्टूडेंट्स ने की साफ-सफाई

**कुलदीप सोनी, अनंत ज्ञान, नगरी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जिया में गत दिवस उप प्रधानाचार्य हेमराज की अध्यक्षता में बैग फ्री-डे तथा एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस प्रभारी सुधाकर व्यास और माया देवी की उपस्थिति में सभी स्वयंसेवी विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर की सफाई की गई। वहीं, बिरसा मुंडा के जीवन पर विद्यार्थियों ने भाषण, निबंध लेखन, नारा लेखन के माध्यम से प्रकाश डाला। ईको क्लब प्रभारी प्रीति प्रधान की उपस्थिति में बच्चों ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाए। इस कार्यक्रम में सभी अध्यापकों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

### घुरकड़ी में मनाया महिला समागम दिवस

**अनंत ज्ञान, गगल।** संत निरंकारी भवन घुरकड़ी में रविवार को सतगुरु सुदीक्षा जी महाराज व राजपिता के आदेशों अनुसार, घुरकड़ी में महिला समागम दिवस मनाया गया। बहन मोनिका ने कहा कि निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से जिस घर में परिवार के सभी सदस्यों मर्यादा में रहते हुए अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हैं, वहां हर समय प्यार ही प्यार होता है। वह स्वर्ग का नक्शा बना रहता है। ऐसे घर परिवार में शारीरिक मानसिक व आर्थिक अर्थात हर तरह के सुख बरसते हैं। इस अवसर पर सत्संग में क्षेत्रीय संचालक महात्मा तिलक राज डोगरा, संयोजक महात्मा दीनानाथ आदि उपस्थित थे।

### कस्बा कोटला में किया 54 यूनिट रक्तदान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कस्बा कोटला स्थित अंबेडकर भवन में संत निरंकारी मंडल ब्रांच जसवां-कोटला के तत्वावधान में और संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सौजन्य से रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें प्रदेश कामगार बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरिंद्र मनकोटिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शिविर में 54 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

# चंद्र कुमार ने टटवाली में किया गो अभ्यारण्य का भूमि पूजन

## 8 करोड़ रुपए होंगे खर्च, कृषि मंत्री बोले- सौर ऊर्जा संयंत्र भी लगेगा

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने रविवार को फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र की टटवाली पंचायत में लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले आधुनिक गो अभ्यारण्य का भूमि पूजन किया। इस मौके पर स्थानीय विधायक एवं राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) भवानी सिंह पठानिया भी उपस्थित रहे।

चंद्र कुमार ने कहा कि गोवंश की रक्षा और संरक्षण के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसी दिशा में यह परियोजना महत्वपूर्ण कदम है। इस गो अभ्यारण्य में चारागाह की व्यवस्था भी की जाएगी और इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जाएगा। गो अभ्यारण्य की आर्थिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए परिसर के साथ में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया जाएगा, ताकि सोलर पैनलों से तैयार बिजली को गो सदन में उपयोग करने के साथ सरकार को भी बेचा जा सके और गो अभ्यारण्य का खर्चा चलाया जा सके। विधायक भवानी सिंह पठानिया ने फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र को आधुनिक गो अभ्यारण्य जैसी महत्वपूर्ण परियोजना प्रदान करने के लिए कृषि मंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सरकार गठन के उपरांत उन्होंने कृषि मंत्री से गो अभ्यारण्य की मांग रखी थी, जिसे तुरंत स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि यह गौ अभ्यारण्य न केवल बेसहारा पशुओं को आश्रय देगा बल्कि क्षेत्र की आर्थिकी को भी सुदृढ़ बनाएगा।



टटवाली में आधुनिक गो अभ्यारण्य का भूमि पूजन करते कृषि मंत्री चंद्र कुमार।

### गो अभ्यारण्य संचालन के लिए बनेगी समिति

चंद्र कुमार ने कहा कि गो अभ्यारण्य संचालन के लिए स्थानीय लोगों की समिति बनाई जाएगी तथा यहां के गोबर को भी विक्रय किया जाएगा, ताकि आय का स्रोत सृजित हो। फतेहपुर खेतीबाड़ी के लिए उपयुक्त क्षेत्र है और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं।

# नदी-नालों के किनारे न जाएं लोग: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने कहा कि मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे भी जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है और 30 जून को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उन्होंने आम जनमानस को सतर्क रहने का आग्रह किया है। उन्होंने सभी नागरिकों व पर्यटकों से नदी-नालों के किनारे न जाने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि अनावश्यक यात्रा न करें, सुरक्षित स्थानों पर रहें और किसी प्रकार का जोखिम न उठाएं। डीसी ने कहा कि भारी बारिश के चलते ब्यास नदी में जलस्तर की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है। इस बाबत आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत बीबीएमबी को बांध में जलस्तर को लेकर प्रतिदिन प्रातः छह बजे तथा सायं चार बजे जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को रिपोर्ट भेजना जरूरी होगा। इसके साथ ही जलस्तर 1350 फुट तक पहुंचने पर पानी छोड़ना होगा, ताकि बांध में जलस्तर डेंजर लेवल तक न पहुंच पाए। इसके साथ ही पानी छोड़ने से पहले नीचे की तरफ बसे लोगों को अलर्ट करना जरूरी होगा, ताकि गत वर्ष की तरह किसी भी तरह नुकसान लोगों को न झेलना पड़े। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन राहत तथा पुनर्वास कार्य के लिए पूरी तरह से मुस्तैद है तथा तमाम अधिकारी मशीनरी के साथ फील्ड में डटे हैं। जिले में जहां मार्गों पर भूस्खलन इत्यादि हो रहा है, वहां पर जेसीबी जैसी मशीनरी भी तैनात की गई है। उन्होंने जिलावासियों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तत्काल जिला आपदा प्रबंधन केंद्र के टोल फ्री 1077 नंबर पर संपर्क करें।

**बैरवा बोले- भारी बारिश की चेतावनी, सतर्क रहें लोग**

# पंचायत चुनाव और पंचायतीराज संगठन को सशक्त बनाने पर की चर्चा



ब्लॉक कार्यकारिणी देहरा की वार्षिक बैठक हुई।

**अनंत ज्ञान, देहरा**

**राजीव** गांधी पंचायतीराज संगठन हिमाचल प्रदेश की ब्लॉक कार्यकारिणी देहरा की वार्षिक बैठक रविवार को स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सुनील चौहान ने की, जबकि हिमाचल प्रदेश सरकार की नशा निवारण समिति के सदस्य एवं संगठन के सह समन्वयक हीरा पाल मुख्यातिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में संगठन के बीते वर्ष के कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी पंचायत चुनावों को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्ष सुनील चौहान ने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायतीराज व्यवस्था को सशक्त करने के लिए जो आधारशिला रखी थी, आज हम सबकी जिम्मेदारी है कि उस सोच को गांव-गांव तक पहुंचाएं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करें।

हीरा पाल ने कहा कि पंचायतें समाज की रीढ़ हैं और पंचायतीराज व्यवस्था के माध्यम से ही नशा जैसे सामाजिक बुराइयों से लड़ने में प्रभावी भूमिका निभाई जा सकती है। बैठक में निर्णय लिया कि आगामी समय में संगठन की मासिक और त्रैमासिक बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों, युवा कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ सदस्यों ने भाग लिया और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के लिए सुझाव दिए।

# बिना इजाजत पूर्व मेयर को आवंटित की दुकान: भवनेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में नगर निगम की आम सभा की अनुमति के बिना कांग्रेस प्रत्याशी व नगर निगम के पूर्व मेयर को दुकान आवंटित की गई है। बिना पार्षदों की अनुमति के हुए इस आवंटन से कांग्रेस सरकार के व्यवस्था परिवर्तन की पोल खुल गई है। यह आरोप धर्मशाला ग्रामीण मंडल भाजपा अध्यक्ष एडवोकेट भवनेश चौधरी ने लगाए हैं। भवनेश चौधरी ने प्रेस बयान में कहा कि नगर निगम की फाइनेंशियल कमेटी ने ही इस दुकान की भूमि लीज पर देने को स्वीकृति दे डाली है। उन्होंने कहा कि हनुमान मंदिर कचहरी स्थित दुकान कांग्रेस प्रत्याशी जग्गी को बिना नगर निगम की आम सभा के आवंटित ही है। यहां पुरानी दुकान को उखाड़कर नया बड़ा ढांचा तक खड़ा कर दिया है। इससे पता चलता है कि नगर निगम धर्मशाला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के राज में किस कद्र भ्रष्टाचार फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के राज में नगर निगम धर्मशाला में चहेतों को रेवड़ियां बांटी जा रही हैं। जिन लोगों को सरकार के समक्ष बेरोजगारों का मसला रखना चाहिए, वही इस तरह के काम करके युवाओं का हक छीन रहे हैं।



# विधायक आशीष बुटेल ने शहीद कैप्टन सौरभ कालिया को दी श्रद्धांजलि



विधायक आशीष ने सौरभ वन विहार में शहीद कैप्टन सौरभ कालिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित किए।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पालमपुर** विधायक आशीष बुटेल ने रविवार को शहीद कैप्टन सौरभ कालिया की जयंती के अवसर पर सौरभ वन विहार में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि कैप्टन सौरभ कालिया ने कारगिल युद्ध के दौरान देश की रक्षा में जो सर्वोच्च बलिदान दिया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा। बुटेल ने कहा कि शहीदों की शहादत हमें राष्ट्रभक्ति, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देती है।

युवा पीढ़ी को शहीदों के जीवन से सीख लेकर देश सेवा में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर शहीद कैप्टन सौरभ कालिया के पिता डॉ. एनके कलिया व उनके भाई बैभव कालिया के साथ नगर निगम पालमपुर के महापौर गोपाल नाग, उप महापौर राज कुमार, पार्षद अमित मनु शर्मा, एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती, नगर निगम आयुक्त डॉ. आशीष शर्मा, तहसीलदार साजन बग्गा, डीएफओ डॉ. संजीव शर्मा एवं सहित वन विभाग के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों ने शहीद कैप्टन सौरभ कालिया को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# पैरामिलिट्री कल्याण बोर्ड का किया जाए गठन

## संगठन जिला कांगड़ा के प्रतिनिधिमंडल ने केवल पठानिया के समक्ष रखी मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पैरामिलिट्री** कल्याण संगठन जिला कांगड़ा के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को उपसचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया से मुलाकात कर अपनी मांगों को उनके समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संगठन के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश चीफ पैट्रन एमएल ठाकुर ने किया।

उन्होंने पैरामिलिट्री बलों के लिए सेना की तर्ज पर पैरामिलिट्री कल्याण बोर्ड के गठन तथा संगठन के जिला कांगड़ा कार्यालय के लिए भवन उपलब्ध करवाने की मांग की। केवल पठानिया ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि पैरामिलिट्री बलों की मांगों को मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष रखा जाएगा और जल्द ही सकारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर पुलवामा हमले में शहीद हुए हिमाचल के वीर जवान तिलक राज की पत्नी सावित्री देवी को टोपी व शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संगठन के उपाध्यक्ष बलदेव सिंह राणा, मानवीर कटोच, जिला कोषाध्यक्ष कुशल राणा, जगदीश चौधरी, मुल्तान सिंह, इंद्र सिंह, मदन लाल, उत्तम सिंह, रमेश चौधरी, बिनता देवी, सुजाता देवी सहित 50 से अधिक सेवानिवृत्त पैरामिलिट्री बलों के सदस्य उपस्थित रहे।



पुलवामा में शहीद हुए तिलक राज की पत्नी सावित्री देवी को सम्मानित किया।

### नगरोटा सूरियां विकास खंड को जवाली शिफ्ट करने के फैसले पर विचार करे सरकार: साधू

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** पूर्व पंचायत समिति सदस्य एवं वर्तमान उपप्रधान पंचायत डोल भटहेड़ साधू राम राणा ने विकास खंड नगरोटा सूरियां विकास खंड को जवाली शिफ्ट करने की नोटिफिकेशन पर कहा कि सरकारों के निर्णय वही सराहनीय माने जाते हैं, जिनकी जनता सराहना करे। इस मुद्दे को सरकार गंभीरता से ले। उन्होंने कहा कि जब परिवार और सरकार में अपने ही किसी फैसले का विरोध होने लगें, तो उस फैसले को टाल देने में ही परिवार और सरकार की भलाई होती है। कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार को विकास खंड नगरोटा सूरियां को जवाली शिफ्ट करने की नोटिफिकेशन के चौतरफे विरोध को भांपते हुए सरकार से नोटिफिकेशन रद्द करने की सिफारिश करनी चाहिए।

# स्व. पंडित संतराम की पुण्यतिथि पर आज लगेगा रक्तदान शिविर

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** भारत विकास परिषद चैरिटेबल ट्रस्ट बैजनाथ-पपरोला की ओर से सोमवार को पूर्व मंत्री स्वर्गीय संतराम की पुण्यतिथि पर बचत भवन मिनी सचिवालय बैजनाथ में साढ़े दस बजे रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

ट्रस्ट के सचिव उदय सिंह राणा ने बताया कि सिविल हॉस्पिटल बैजनाथ में रोगियों के मध्य फल वितरण किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के अनुसार, इससे पहले पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के प्रांगण में स्थित पंडित की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ-पपरोला के सदस्यों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर बैजनाथ के विकास में उनके योगदान को याद किया जाएगा। शाखा अध्यक्ष प्रीतम भारती ने बैजनाथ उपमंडल के सभी युवाओं से रक्तदान कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# पुराना कांगड़ा में बनेगा कम्युनिटी हॉल: मोंगरा

## बोले- 10 लाख रुपए से कोटक्वाला में बनाया जाएगा रास्ता



इच्छी कार्यालय में एपीएमसी व हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन निशु मोंगरा से मिलता प्रतिनिधिमंडल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पुराना** कांगड़ा शहर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों पर कम्युनिटी हॉल बनाया जाएगा।

कोटक्वाला में किसानों के लिए रास्ता बनाया जाएगा, जिस पर 10 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। ये घोषणा रविवार को इच्छी कार्यालय में एपीएमसी के जिला और हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष निशु मोंगरा ने की। उन्होंने कहा कि जल्द दोनों कार्यों को पूरा किया जाएगा। निशु मोंगरा के समक्ष रविवार को प्रतिनिधिमंडल ने समस्या रखी कि पुराना कांगड़ा में कम्युनिटी हाल न होने से बहुत दिक्कत आ रही है। इस पर मोंगरा ने पुराना कांगड़ा में प्राथमिकता के आधार पर कम्युनिटी हॉल बनाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक पुराना कांगड़ा शहर हमारे इलाके की धरोहर है। इसकी पहचान बनाए रखना हम सबका फर्ज है।

### नंदेहड़ का दौरा कर जाना लोगों का दर्द

**मोंगरा** ने नंदेहड़ पंचायत का दौरा किया। इस पंचायत में बरसात से भारी नुकसान हुआ है। कई डंग, रास्ते व नालियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। मोंगरा ने इन सभी कामों को जल्द करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान किसानों ने बताया कि कोटक्वाला में खेतों को जाने वाला रास्ता बुरी तरह से खराब हुआ है। इस पर मोंगरा ने रास्ते को दस लाख रुपए देने का ऐलान किया। काम शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। किसानों ने इस कार्य के लिए निशु मोंगरा का आभार जताया है।

### बिजली बोर्ड को दिए निर्देश

**नंदेहड़** व अन्य इलाकों के लोगों ने कहा कि पेड़ों की टहनियां बिजली की तारों को टच कर रही हैं। लोड बढ़ने से उनके टीवी, फ्रिज, एलईडी आदि उपकरण खराब हो रहे हैं। मोंगरा ने मौके पर ही बिजली बोर्ड अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन टहनियों की छंटाई करें। ऐसी शिकायत दोबारा नहीं आनी चाहिए।

# टोल प्लाजा पर हमला व पैसे लूटने वाला एक आरोपी काबू

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** थाना डमटाल के तहत पठानकोट-कंडवाल मार्ग पर भद्रोया स्थित टोल प्लाजा पर हमला व लूट करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुछ दिन पहले एक टैक्सी परमिट कार (पीबी 01 डी 8761) को टोल कटवाने के लिए रोका तो उन्होंने कहा कि निहंग पूरे भारत में टोल नहीं देते हैं और यहां भी नहीं देंगे।

इसी विवाद में टोल कर्मियों पर हमला कर दिया व 60 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। चार आरोपियों में से एक आरोपी जो गाड़ी चला रहा था, उसे खरड़ (मोहाली) पंजाब से पंजाब पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अमनदीप पुत्र बलराज वासी महाराष्ट्र हुई है, जो अभी खरड़ में रह रहा है। एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने बताया कि थाना डमटाल की पुलिस टीम खरड़ पुलिस के साथ आरोपियों को पकड़ने खरड़ स्थित अमनदीप के घर पहुंची, तो आरोपी की पत्नी और खुद आरोपी ने तेजधार हथियारों से पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में पंजाब पुलिस का एक कर्मी घायल हो गया, जिसके चलते थाना खरड़ में दोनों पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

आरोपी का मेडिकल करवाकर न्यायालय में पेश किया, जहां से ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा गया। पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। एसपी अशोक रतन ने बताया कि पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना के चलते भारी संख्या में पुलिस व सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है।



पुलिस ने जब्त की आरोपी की ओर से इस्तेमाल की गई कार।

# कृषि विश्वविद्यालय का शोधार्थी शगुन करेगा ताइवान यूनिवर्सिटी में शोध

## कुलपति प्रो. नवीन ने इंटर्नशिप के लिए चयन होने पर दी बधाई

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने मृदा विज्ञान विभाग के पीएचडी शोधार्थी शगुन महाजन को नेशनल साइंस एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल ताइवान द्वारा प्रायोजित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप में चयनित होने पर बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार का वैश्विक अवसर न केवल शोधार्थी की शैक्षणिक और व्यावसायिक यात्रा को सशक्त बनाता है, बल्कि विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को भी बढ़ाता है। हमें गर्व है कि उसके युवा वैज्ञानिक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर वैश्विक महत्व की चुनौतियों से जुड़ रहे हैं। वहीं, मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एनके संख्यान ने भी शगुन को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विभाग को उनके चयन पर गर्व है और विश्वास जताया कि शगुन का कार्य नेशनल ताइवान यूनिवर्सिटी में न केवल उनके शोध कौशल को समृद्ध करेगा, बल्कि सतत कृषि के क्षेत्र में वैश्विक वैज्ञानिक समाधान देने में भी योगदान देगा। यह इंटर्नशिप प्रति माह 30,000 न्यू ताइवान डॉलर की फेलोशिप प्रदान करती है, जो शगुन महाजन के तीन माह की विदेश प्रवास अवधि के लिए सहायता प्रदान करेगी। वर्तमान में शगुन डॉ. आरपी शर्मा के मार्गदर्शन में पीएचडी कर रहे हैं।



मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एनके संख्यान ने भी शगुन को बधाई दी।

# वेद मंत्रों की गूंज से पवित्र हुआ योल

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** वेद मंदिर योल में 75 दिनों से स्वामी रामस्वरूप योगाचार्य जी के सान्निध्य में चल रहे चारों वेदों के महाअनुष्ठान रविवार को संपन्न हुआ। वर्ष 1979 से अनवरत आयोजित इस विराट धार्मिक कार्यक्रम में देश-विदेश से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वेद मंत्रों की आहुति दी और विश्व शांति की कामना की। स्वामी रामस्वरूप योगाचार्य ने कहा कि हमें वेदों की ओर लौटना होगा, क्योंकि ईश्वर का साक्षात्कार केवल वेदों के माध्यम से ही संभव है। यज्ञ ही सर्वश्रेष्ठ कर्म है, और जब समाज वेद ज्ञान से समृद्ध होगा, तभी आडंबरों और कुरीतियों का अंत होगा। वहीं, पूर्णाहुति के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्वामी जी ने वर्तमान सामाजिक और पर्यावरणीय संकटों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि वेद विद्या में आई कमी के कारण मनुष्य ने स्वार्थवश प्रकृति का दोहन कर नैतिकता का हनन किया है। परिणामस्वरूप कोरोना जैसे महामारी, बच्चों के स्वास्थ्य की हानि, समयपूर्व मृत्यु और विषाक्त पर्यावरण जैसी विकट समस्याएं उत्पन्न हुई हैं।

# रक्कड़ में खुलेगा तंत्रकुल का पहला राष्ट्रीय केंद्र

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** गरली गांव के रक्कड़ स्थित स्वस्थानी माता मंदिर में भारत का पहला 'तंत्रकुल राष्ट्रीय केंद्र' स्थापित किया जाएगा। यह ऐतिहासिक योजना तंत्र विद्या, वेद-वेदांग और श्रौत परंपरा के नवोत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है, जिसका शुभारंभ 2 जुलाई को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा किया जाएगा। इस विशेष धार्मिक आयोजन की श्रृंखला 10 जुलाई तक चलेगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के भी आयोजन में शामिल होने की संभावना है।

तंत्रकुल परियोजना के संयोजक साकेत कुमार मिश्र और मंदिर प्रबंधक एडवोकेट विनोद शर्मा ने बताया कि इस केंद्र का उद्देश्य वेदादि शास्त्रों की शिक्षा, मंत्र दीक्षा, सिद्ध साधकों का निर्माण, अनुष्ठानों का प्रशिक्षण, और शासन तंत्र के आध्यात्मिक शोधन को समर्पित है। इस अवसर पर मां कामाख्या पीठ से जुड़े 40 से अधिक सिद्ध साधक विशेष अनुष्ठानों का संचालन करेंगे। सत चंडी पाठ, रुद्री, गणेश पूजन और काली विद्या से संबंधित विशेष साधनाएं इस आयोजन को विशिष्ट बनाएंगी। हिमालय व अन्य पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले अनुभवी तंत्र साधक इस आयोजन में विशेष भूमिका निभाएंगे। सह संयोजक आशुतोष भट्ट और हेमंत शर्मा के अनुसार यह केंद्र देशभर से तंत्र और वेदांग में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए एक आध्यात्मिक शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित होगा, जहां वे साधकों से वास्तविक साधना पद्धतियां सीख सकेंगे। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि उद्घाटन समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस मौके ध्वज स्थापना, भूमिपूजन, महायज्ञ, रुद्रस्वाहाकार जैसे अनेक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे।

**2 जुलाई को राज्यपाल करेंगे शुभारंभ, मुख्यमंत्री सुक्खू भी हो सकते हैं शामिल**

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के मकानों पर खतरा

## शिमला में आफत की बारिश; कई जगह भूस्खलन से सड़कें बंद, आवागमन बाधित व बचाव कार्य जारी

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** भारी बारिश ने राजधानी शिमला में भारी तबाही मचाई है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जगह-जगह भूस्खलन हुए हैं, कई पेड़ जड़ से उखड़ गए और कई मकानों में दरारें आ गई हैं। इस आपदा ने शिमला की खूबसूरती को काफी नुकसान पहुंचाया है और स्थानीय लोगों के लिए गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।

जानकारी के अनुसार शिमला के मेहली स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में भारी बारिश ने कहर बरपाया। कॉलोनी में एक विशालकाय डंगा (रिटेनिंग वॉल) ढह गया, जिससे कई आवासीय मकानों पर गंभीर खतरा मंडरा गया है। इस घटना से स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल है और वे अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अनुसार, यह हादसा देर रात हुआ जब मूसलाधार बारिश अपने चरम पर थी। कॉलोनी के ठीक नीचे एक निजी भवन मालिक द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य को इस डंगे के ढहने का मुख्य कारण बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण के दौरान की गई अत्यधिक खुदाई के कारण डंगे की नींव कमजोर हो गई थी। नतीजतन, भारी बारिश का दबाव सहन न कर पाने के कारण यह विशालकाय ढांचा भरभरा कर गिर गया।

डंगा ढहने से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कई मकानों को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है। डंगे के साथ ही एक बिजली का खंभा भी धराशाई हो गया, जिससे पूरे इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। स्थानीय प्रशासन को घटना की सूचना दे दी गई है और टीमें मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा ले रही हैं।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासियों ने आरोप लगाया है कि निचले हिस्से में चल रहे निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही थी। उन्होंने पहले भी इस संबंध में शिकायतें की थीं, लेकिन उन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच की जाए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



शिमला-कालका रेल ट्रैक के बीच गिरा पत्थर व पेड़ और मलबे को हटाते कर्मी।

### कालका रेल मार्ग पर भूस्खलन, आवाजाही ठप

**शिमला-कालका** रेल मार्ग पर भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन और पेड़ गिरने से ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है। मार्ग पर मलबा आने से ट्रेन सेवाएं बाधित हुई हैं और फिलहाल समाचार लिखे जाने तक बहाली का काम जारी है।

### मिस्ट चैंबर के पास दो घरों पर मंडराया खतरा

**शिमला** के खलीनी क्षेत्र में मिस्ट चैंबर के पास एक बड़े भूस्खलन की घटना सामने आई है, जिसने आस-पास के दो घरों को सीधे तौर पर खतरे में डाल दिया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह भूस्खलन पास में चल रहे एक अन्य मकान के निर्माण कार्य के कारण हुआ है, जहां खुदाई और मिट्टी हटाने के काम ने पहाड़ी की स्थिरता को प्रभावित किया है।

### चलती गाड़ी पर गिरा देवदार का पेड़, क्षतिग्रस्त

**शिमला** के भराड़ी क्षेत्र में एक घटना सामने आई है, जहां एक चलती हुई गाड़ी पर अचानक देवदार का एक विशालकाय पेड़ गिर गया। यह घटना राजधानी के बैरियर के समीप पेट्रोल पंप के पास हुई। यहां पर खड़ी गाड़ी को भी भारी नुकसान पहुंचा है, लेकिन जान माल की कोई सूचना नहीं है, जो एक राहत की बात है।

## नप रोहड़ू की सीमाओं में विस्तार करना ऐतिहासिक निर्णय: अशोक चौहान

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** प्रदेश सरकार द्वारा शनिवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में रोहड़ू नगर परिषद क्षेत्र के विस्तार को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह निर्णय न केवल ऐतिहासिक है बल्कि आमजन मानस की आकांक्षांओं को भी पूरा करने वाला है। पूर्व में नगर परिषद रोहड़ू का क्षेत्र 1.24 वर्ग किलोमीटर तक सीमित था। जिसकी सीमा शिमला सडक पर राजा वीरभद्र सिंह पार्क, रामपुर सडक पर इंदिरा गांधी खेल परिसर एवं चिडगांव सडक पर मखी नाला तक फैली हुई थी। लेकिन व्यवहारिक दृष्टि से शहर का व्यावसायिक व आवासीय फैलाव इन सीमाओं से कहीं आगे बढ़ चुका था। अब इस विस्तार के अंतर्गत शिमला सडक पर न्यू लाइफ अस्पताल तक, रामपुर सडक पर फार्मेसी कॉलेज तक और चिड़गांव सडक पर जखार सडक तक का क्षेत्र सम्मिलित कर लिया गया हैं। नगर परिषद रोहड़ू के अध्यक्ष अशोक चौहान और उपाध्यक्ष सुजय अग्रवाल ने इस क्षेत्र के विस्तार को नगर के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल रोहड़ू की मौजूदा जरूरतों को पूरा करेगा।

## जुन्गा या कोटी में खोला जाए बीडीओ कार्यालय: जितेंद्र भोटका

अनंत ज्ञान, जुन्गा

**कसुम्पटी** भाजपा के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र भोटका ने रविवार को जारी बयान में कसुपंटी निर्वाचन क्षेत्र के जुन्गा अथवा कोटी में नया विकास खंड कार्यालय खोला जाए। उन्होने कहा कि बीते 23 वर्षो से लगातार कांग्रेस का प्रतिनिधित्व होने के बावजूद भी इसका पिछड़ापन दूर नहीं हो सका है। इस निर्वाचन क्षेत्र में लोगों को अपने कार्यों के लिए शिमला और मशोबरा जाना पड़ता है।



जितेंद्र भोटका ने हैरानी प्रकट करते हुए कहा कि बीते रोज केबिनेट में ददाहू के लिए नया विकास खंड कार्यालय और ददाहू को नगर पंचायत बनाने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार पच्छाद निर्वाचन क्षेत्र में भी दो एसडीएम, दो बीडीओ तथा अन्य विभागों के दो - दो कार्यालय कार्यरत है। परंतु कसुंपटी विस से केबिनेट में ग्रामीण विकास मंत्री होने के बावजूद भी कोटी अथवा जुन्गा में ब्लॉक कार्यालय नहीं खुल पाया है और न ही आज तक जुन्गा अथवा कोटी को नगर पंचायत का दर्जा मंत्री दिलवा सके हैं जिसकी मांग लोग बीते कई वर्षो से कर रहे हैं। इनका कहना है कि कसुपंटी निर्वाचन में भी दो ब्लॉक खुल सकते हैं परंतु कसुपंटी के लोगों की यह हालत है कि एसडीएम कार्यालय के लिए शिमला और ब्लॉक कार्यालय के लिए मशोबरा जाना पड़ता हैं

जितेंद्र भोटका ने हैरानी प्रकट करते हुए कहा कि जुन्गा क्षेत्र की 12 पंचायतों के अस्पतालों में कहीं पर नेशनल एंबुलेंस सेवा की सुविधा नहीं है। बीते वर्ष सीएम ने जुन्गा अस्पताल में 108 एंबुलेंस सेवा देने की घोषणा की थी। इसी प्रकार सीएम ने डिग्री कॉलेज चायल कोटी में बीएड की कक्षाएं आरंभ करने, कोटी में पुलिस चौकी खोलने, सतलाई में पटवार सर्कल और कोटी अस्पताल में दस बिस्तरों की व्यवस्था करने की घोषणा की थी जोकि आज तक पूरी नहीं हुई है।

## भाजपा मंडल ठियोग ने सभी बूथों पर सुनी 'मन की बात'



ठियोग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' सुनने के बाद भाजपा कार्यकर्ता।

अनंत ज्ञान, ठियोग

**भाजपा** मंडल ठियोग ने आज पूरे उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को मंडल के सभी बूथों पर सुना। इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना था।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में हाल ही में संपन्न हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सफलता, तीर्थयात्राओं के महत्व, आपातकाल की बरसी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की उपलब्धियों और प्रकृति संरक्षण पर प्रकाश डाला। उन्होंने वियतनाम भेजे गए भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों का भी विशेष रूप से उल्लेख किया।

धगाली पंचायत के धगाली बूथ में आयोजित विशेष श्रवण कार्यक्रम में भाजपा मंडल ठियोग के अध्यक्ष दुनी चंद कश्यप और महामंत्री राम कृष्ण मदराडी सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, मंडल के विभिन्न बूथों पर भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और सदस्यों ने मन की बात सुनी, जिससे यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## कांसाकोटी के पास अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस थाना रोहडू में मुकद्दमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 28 जून की रात को करीब 10.40 बजे कांसाकोटी के पास थाना प्रभारी रोहडू स्टाफ के साथ गश्त कर रहे थे। तो एक युवक सड़क के किनारे खाकी रंग का बोरा लेकर खड़ा दिखाई दिया। पूछताछ करने पर उसने अपनी पहचान नरेंद्र (22) गांव शेखल, बताया। बोरी में कुछ संदिग्ध वस्तु होने का संदेह होने पर गवाहों की मौजूदगी में बोरी की तलाशी ली गई। बोरी के अंदर से अवैध शराब की 36 बोतलें देसी संतरा नंबर-1 प्रत्येक 750/750 मिलीलीटर सीलबंद पाई गई। एसडीपीओ रोहडू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

- **पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की छानबीन**

## पूर्व भाजपा सरकार के विकास कार्यों का श्रेय ले रहे शिक्षा मंत्री

अनंत ज्ञान, कोटखाई

- **मीनाक्ष मांटा ने मंत्री रोहित ठाकुर पर लगाए आरोप**
- **बौली गांव में 12 लाख से निर्मित सामुदायिक भवन पूर्व सरकार की देन**

**भाजपा** मंडल अध्यक्ष मीनाक्ष मांटा ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर पर पूर्व भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का श्रेय लेने का आरोप लगाया है। मांटा ने जारी बयान में कहा कि जुब्बल क्षेत्र के बढ़ाल ग्राम पंचायत के अंतर्गत बौली गांव में 12 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन और बौली से दोची तक की राइका सड़क का निर्माण पूरी तरह से पूर्व भाजपा सरकार और दिवंगत वरिष्ठ नेता नरेंद्र बरागटा के प्रयासों का परिणाम है।

मीनाक्ष मांटा ने कहा कि बौली गांव का सामुदायिक भवन, जिसका हाल ही में शिक्षा मंत्री ने उद्घाटन किया है, पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही स्वीकृत हुआ था। इस भवन के लिए धनराशि नरेंद्र बरागटा के अथक प्रयासों से स्वीकृत हुई थी, और इसकी पहली मंजिल बरागटा के कार्यकाल में ही पूरी हो गई थी। मांटा ने यह भी बताया कि बौली से दोची तक की राइका सड़क को पक्का करने के लिए भी नरेंद्र बरागटा ने 13 जनवरी, 2020 को नाबार्ड से 2.27 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करवाई थी।

मांटा ने शिक्षा मंत्री पर आरोप लगाया कि उन्होंने अपने मौजूदा कार्यकाल में कोई नया विकास कार्य शुरू नहीं किया है और केवल पूर्व भाजपा सरकार की योजनाओं का उद्घाटन कर अपनी उपलब्धि दर्शाने का प्रयास कर रहे हैं।

## छात्राओं ने लगाई पारंपरिक पकवानों की प्रदर्शनी

### कन्या स्कूल रामपुर में भारतीय भाषा समर कैंप उत्सव आयोजित

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत जिला प्रयोजन अधिकारी समग्र शिक्षा डायट शिमला द्वारा विभिन्न विद्यालयों में आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप उत्सव 2025-26 के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य जयंती धीमान ने किया। विद्यालय की छात्राएं पिछले 7 दिनों से विभिन्न भाषाओं का परिचय, पहाड़ी भाषा में वर्णमाला सीखना, गिनती सिखाना, पहाड़ी पारंपरिक वेशभूषा, खान-पान, पारंपरिक संगीत, लोक नृत्य, लघु नाटिका आदि के माध्यम से अनेक गतिविधियां करवाई गई। अपनी भाषा संस्कृति और सभ्यता को संजोए रखना है और इन मूल्यों को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे चलते रहना है।



कन्या स्कूल रामपुर में छात्राएं पारंपरिक पकवानों की प्रदर्शनी लगाते हुए।

इस अवसर पर छात्राओं ने पहाड़ी भाषा में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें शिवरात्रि में गाए जाने वाला रणसीबीर का गाना और पहाड़ी लोक नृत्य विशेष तौर पर आकर्षक के केंद्र रहे। छात्राओं द्वारा पारंपरिक पकवानों की प्रदर्शनी सभी के लिए विशेष रही जिसकी प्रधानाचार्य जयंती धीमान ने विशेष रूप से सराहना की। इसमें छात्राओं ने पहाड़ी सिडडू, घी-बाड़ी मीठे चिंलटू, पोलडू, बड़े, बिथू- सांग, मोडी, शाकली आदि अनेक पकवान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के संयोजक निर्मला चौहान, राजकुमार कनैन, तारा जिसटू का प्रधानाचार्य ने विशेष धन्यवाद किया। जिन्होंने छात्राओं को यह तैयारी करवाई और हमारे पारंपरिक मूल्य आदि को सिखाने में अपना विशेष योगदान दिया। बैग फ्री डे के दिन सभी छात्राओं ने भरपूर मनोरंजन किया। प्रधानाचार्य ने छात्राओं द्वारा की गई प्रस्तुतियों की सराहना की।

उप-प्रधानाचार्य पीपी दुल्टा ने छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए उन्हें सीखने की अपील की।

## नंगल पंचायत में तीन दिन में जलीं 3 चिताएं

रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान

**फतेहपुर। विधानसभा** फतेहपुर के नंगल पंचायत में पिता की चिता की राख के साथ ही बेटे नितिन का भी अंतिम संस्कार कर दिया गया। दो दिन में ही परिवार के 14 वर्षीय कर्णवीर ने अपने पिता और भाई का अंतिम संस्कार नम आंखों से किया। मनूणी खड्ड में आई त्रासदी में बहे संजय सिंह और उनके बेटे नितिन कुमार के शव बरामद हो गए।

पिता संजय का शव वीरवार को ही मिल गया था, जिसका शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया। वहीं, शुक्रवार शाम को ही बेटे नितिन का शव भी मनूणी खड्ड में बरामद हुआ था और शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया था। देर सायं नितिन का भी अंतिम संस्कार उसके पैतृक गांव के शमशानघाट पर किया गया। 14 साल के कर्णवीर ने 24 घंटों के भीतर अपने परिवार के दो सदस्यों पिता और बड़े भाई का अंतिम संस्कार किया। वहीं, इसी पंचायत नंगल के खंडोन गांव का परमजीत सिंह पुत्र नेक राम भी संजय और नितिन कुमार के साथ लापता था, जिसका शव रविवार को दोपहर बाद पैतृक गांव पंहुचा, जहां अंतिम संस्कार किया गया। वहीं, एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने कहा कि सरकार की ओर से 25-25 हजार रुपए की राशि परिवार को फौरी राहत तौर पर जारी कर दी गई है।

उन्होंने दुख जताते हुए लोगों से अपील की कि बरसात के मौसम में कोई भी व्यक्ति नदी-नालों की तरफ न जाए। बीडीसी जितेंद्र पठानिया ने कहा कि परिवार के मुखिया और बड़े बेटे की मौत से पूरा गांव गमगीन है। यह दोनों परिवार गरीब हैं। घर का गुजारा चलाने के लिए घर से निकले थे, पर उन्हें क्या पता था कि उनका अब वापस आना किस तरह रहेगा

## टंबर प्रधान के आरोप निराधार: जसवंत

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विधानसभा जयसिंहपुर की टंबर पंचायत की प्रधान नेहा वर्मा ने जयसिंहपुर कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत डढवाल पर सोशल मीडिया में गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रधान ने टंबर पंचायत में विकास कार्यों में रुकावट डालने के लिए पूर्व अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं जब से पंचायत प्रधान बनी हूं डढवाल ने हमेशा मेरा विरोध करते हुए हमेशा मेरी बुराई की है। नेहा वर्मा ने कहा कि मैं कांग्रेस विचारधारा से हूं, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस सरकार होते हुए भी कांग्रेस का ही एक व्यक्ति विशेष मेरा विरोध कर रहा है, जो कि असहनीय है। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि मैं तीन बार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रह चुका हूं। मैंने हमेशा विधानसभा के हर कांग्रेस कार्यकर्ता को पूरा मान सम्मान दिया है। मेरे अध्यक्ष होते हुए दो बार जयसिंहपुर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से विधायक बने हैं। उन्होंने कहा कि टंबर पंचायत की प्रधान ने जो सोशल मीडिया में मेरे ऊपर आरोप लगाए हैं वो पूरे निराधार हैं।



## अपने हक के लिए एकजुट होकर लड़नी होगी लड़ाई

### मझेड़ा में हुई अखिल भारतीय कोली समाज जिला कांगड़ा की बैठक

अजय पाल, अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** अखिल भारतीय कोली समाज जिला कांगड़ा कार्यकारिणी की बैठक रविवार को जिला अध्यक्ष काली दास की अध्यक्षता में मझेड़ा पंचायत में हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जब तक किसी भी जातीय संगठन के लोग एकजुट नहीं होते हैं, तब तक संगठन का कोई औचित्य नहीं रह जाता, इसलिए हमें अपने समाज के लिए एकजुट होकर अपने हक की लड़ाई को लड़नी होगी।



मझेड़ा पंचायत में जिला अध्यक्ष काली दास की अध्यक्षता में हुई अखिल भारतीय कोली समाज जिला कांगड़ा कार्यकारिणी की बैठक।

उन्होंने कहा कि जब से कोली समाज का संगठन बना है, तब से हमारे समाज में बहुत सुधार हुआ है। इस आधुनिकता के दौर में हमें भी आज की पीढ़ी के साथ चलकर समाज में चल रही कुरीतियों का बहिष्कार कर के नए समाज के गठन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को हमें हर तरह से जागरूक करके समाज में फैल रहे नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाना होगा। समाजसेवी मनजीत डोगरा ने कहा कि कोली समाज को एकजुट करने के लिए हमें पंचायत स्तर पर समितियों का गठन करना पड़ेगा, ताकि कोली समाज से संबंधित ज्यादा से ज्यादा लोग संगठन के साथ जुड़ सकें। जिला अध्यक्ष काली दास ने कहा कि कोली समाज का संगठन जरूरतमंद असहाय लोगों की सहायता के लिए हमेशा आगे रहता है। उन्होंने कार्यकारणी के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को संगठन के साथ जोड़ें, ताकि कहीं जरूरत पड़ने पर सभी एकजुट होकर किसी की सहायता करने में अपना योगदान कर सकें। कालिदास ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकारणी के चुनाव को तीन वर्ष हो गए हैं, इसलिए सभी सदस्यों की सहमति से शीघ्र ही नई कार्यकारणी का चुनाव किया जाएगा। इस मौके पर पंजाब सिंह, भीम सिंह, प्रकाश चंद राजेंद्र पाल, दुर्गा दास, सुरेंद्र कुमार, संदीप कुमार, प्रताप चंद, सुरेश कुमार, टेक चंद, कर्ण सिंह व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## हरीश नड्डा ने मां नयना देवी के दर भरी हाजिरी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के पुत्र व समाजसेवी हरीश नड्डा ने गुप्त नवरात्र के दौरान श्री नयना देवी मंदिर में हाजिरी लगाई। हरीश नड्डा ने विशेष रूप से गुप्त नवरात्र के पावन अवसर पर प्रदेश में बरसात के मौसम के दौरान किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा न आने की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में समाजसेवी संस्थाओं द्वारा लगाए गए ठंडे पेयजल छबीलों का निरीक्षण भी किया और श्रद्धालुओं को अपने हाथों से पानी वितरित कर सेवा भाव का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि तीर्थ स्थलों पर श्रद्धालुओं को हर सुविधा मिले, उसके लिए वह केंद्र सरकार के माध्यम से निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थलों के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। विशेष रूप से शक्तिपीठों पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में श्री नयना देवी जैसे धार्मिक स्थलों का और अधिक विकास होगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आशुतोष शर्मा, पुजारी भारत गौतम, अंकु गौतम, विशाल शर्मा पप्पू सहित अन्य स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## संत समागम से भक्तिमय हुआ माहौल

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** संत निरंकारी मिशन की ब्रांच गुलेर में संयोजक स्तर पर महिला संत समागम का आयोजन हुआ। नंदपुर भटोली, देहरा, खैरियां, भटोली फकोरिया, बढलठोर, परागपुर, और गुलेर से सत्संग की बहनों ने इकट्ठे होकर महिला संत समागम का आनंद प्राप्त किया और सारा माहौल भक्तिमय हो गया। मिशन की प्रचारक बहन पूजा ने बताया कि संत निरंकारी मिशन की विचारधारा और संत महापुरुषों के प्रेरणादायक विचारों को जिंदगी में अपना कर इंसान अपने जीवन को सफल बना लेता है।

## कम पैसे देने और नकली दस्तावेज बनाकर ट्रक बेचने वाले व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**खरीदे** ट्रक के कम पैसे देने और नकली दस्तावेज बनाकर ट्रक बेचने वाले पुलिस जिला नूरपुर के व्यक्ति के खिलाफ न्यायालय के आदेशों पर सदर थाना बिलासपुर में धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। आरोपित के खिलाफ ट्रक के मूल मालिक एवं कंदरौर निवासी ने मार्च 2024 में न्यायालय में केस दर्ज करवाया था। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता पंकज कुमार निवासी कंदरौर गांव, तहसील सदर बिलासपुर ने बताया कि वर्ष 2023-24 में उनके अपना ट्रक नंबर एचपी-24-डी-2154 को बेचने के लिए मुकेश कुमार निवासी गांव बराल डाकघर नूरपुर जिला कांगड़ा से बातचीत की। दोनों के बीच 12 लाख 25 हजार रुपए की डील फाइनल हुई, जिसके बाद उसने ट्रक मुकेश को दे दिया। इसकी एवज में मुकेश ने उसे 10 लाख 90 हजार रुपए दे दिए। इतने पैसे देने के बाद शेष एक लाख 35 हजार रुपए देने से मुकेश आनाकानी करने लगा। यहां तक ही वह यह भी बताने को तैयार नहीं था कि वह ट्रक का उपयोग कहां कर रहा था। पूछने का असल कारण कि अभी तक ट्रक के सारे दस्तावेज मुकेश के नाम नहीं किए गए थे, क्योंकि अभी देनदारी लंबित थी। शक के आधार पर जब पंकज ने अपने स्तर पर जांच तो उसे पता चला कि मुकेश ने ट्रक किसी ओर को बेच दिया है। इसके लिए उसने नकली दस्तावेज बनवाए थे। आरोपी के खिलाफ बिलासुपर न्यायालय में मार्च 2024 से केस चल रहा था। अब न्यायालय ने इस केस की जांच करने के लिए सदर थाना बिलासपुर को आदेश दिए हैं। न्यायालय के आदेशों पर पुलिस ने आरोपित मुकेश के खिलाफ आइपीसी की धारा 420 सहित अन्य धाराओं के तहत धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने सेल परचेज यानी क्रय विक्रय फार्म में पंकज के नकली हस्ताक्षर करके ट्रक को अपने नाम कर लिया था। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी द्वारा बनवाए गए दस्तावेजों की जांच कर रही है।

- **न्यायालय के आदेशों पर सदर थाना बिलासपुर में दर्ज हुआ धोखाधड़ी का मामला**

### मामले की जांच जारी: थाना प्रभारी

**सदर** थाना बिलासपुर प्रभारी हरनाम सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेशों पर दर्ज हुए केस में अभी जांच की जा रही है कि आरोपित ने ट्रक के दस्तावेज कैसे और किससे बनवाए थे।

## घुमारवीं में मेधावी व उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं होंगी सम्मानित

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

**संस्कार** सोसायटी घुमारवीं द्वारा आयोजित संस्कार उत्सव में ललित कुमार वशिष्ठ उपकुलपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी मुख्यातिथि होंगे। 6 जुलाई रविवार को 'संस्कार उत्सव' का आयोजन होटल एम4यू में किया जाएगा।

इसमें घुमारवीं के मेधावी छात्रों व उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने बताया कि संस्कार उत्सव में घुमारवीं उपमंडल के मेधावी छात्रों और किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रेरणा पुरस्कार देकर नवाजा जाएगा। घुमारवीं उपमंडल के 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाले छात्रों और घुमारवीं उपमंडल की वो महिलाएं जिन्होंने किसी कृषि, बागवानी, खेल, पशुपालन, व्यवसाय या अन्य किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया हो उन्हें सम्मानित करेगी। संस्कार संस्था पिछले 15 साल से यह कार्यक्रम आयोजन करती आ रही है। बैठक में कुंदन रतवान, डॉ. तिलक, प्रवीण, सुनील शर्मा, डॉ. पुष्पराज, जोशी, बाबू लाल, शशि गौतम, राजेश ठाकुर, विशाल गुप्ता, अमरनाथ, बांके बिहारी आदि उपस्तिथ रहे।



बैठक के दौरान उपस्थित संस्था के सदस्य।

## सुशील शर्मा बने ब्राह्मण कल्याण परिषद जयसिंहपुर के अध्यक्ष



प्रदेश महासचिव शेष राम की अध्यक्षता में हुआ प्रदेश ब्राह्मण कल्याण परिषद जयसिंहपुर कार्यकारिणी का चुनाव।

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर

**प्रदेश** ब्राह्मण कल्याण परिषद जयसिंहपुर कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को सकोह पंचायत के परशुराम भवन में परिषद के प्रदेश महासचिव एवम चुनाव पर्यवेक्षक शेष राम की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर परिषद निरीक्षक कमलेश शर्मा की ओर से पिछले छह वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। इस मौके पूर्व अध्यक्ष ने सुशील शर्मा के नाम का अनुमोदन किया और अध्यक्ष बनाए जाने के लिए नामित किया।

परिषद के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया व सुशील शर्मा को दो वर्ष के लिए सर्व सम्मति से नया अध्यक्ष चुन लिया गया। इसके अतिरिक्त देशराज शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सतीष शर्मा महासचिव, कमलेश शर्मा कोषाध्यक्ष, बिहारी लाल शुक्ला निरीक्षक, पुष्पराज डोगरा संगठन सचिव व बाल कृष्ण शर्मा मुख्य सलाहकार चुने गए। वहीं, जगदीश शर्मा को परिषद का संरक्षक बनाया गया।

इस अवसर पर परशुराम मंच के प्रदेश अध्यक्ष जय कृष्ण शर्मा (घुमारवीं) प्रदेश उपाध्यक्ष प्यारे लाल परशुराम मंच की महिला प्रदेश अध्यक्षा सुमन शर्मा (इंदौरा) आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बंदरों व भालूओं के आतंक से बागवान परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** जनजातीय क्षेत्र भरमौर और आसपास के सेब के बगीचों में इन दिनों बंदरों व भालुओं का खूब आतंक फैला हुआ है। जानकारी के मुताबिक भरमौर के कुछ हिस्सों में इस बार सेब की बंपर फसल निकली हुई है। लेकिन बंदर और भालू बागवानों की सेब के बगीचों में इन फसलों को चट कर रहे हैं। भरमौर खनी और आसपास के क्षेत्र में जंगली जानवरों के आतंक से सेब के बागवान काफी परेशान है। सेब बागवानों में अशोक ठाकुर प्रवीण कुमार सुभाष सिंह रामनाथ ओमप्रकाश शिबू चौकस, पवन कुमार भागमल ने बताया है कि इस बार सेब की भरपूर फसल है लेकिन बंदरों ने फिर से अकाल डाल दिया है। गौरतलब है भरमौर में अधिकतर लोग सेब के बगीचों पर ही निर्भर रहते हैं। मौसम की प्राकृतिक आपदा के बाद अब यहां बागवान जंगली जानवरों के आतंक से परेशान हैं।

### मिंजर मेले में न हो मांसाहारी स्टॉल की अनुमति

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले को लेकर इस बार राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच, चंबा ने धार्मिक मर्यादा और सांस्कृतिक गरिमा की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण मांग उठाई है। मंच के चंबा जिला युवा अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने जिला प्रशासन से अपील की है कि इस वर्ष के मिंजर मेले में किसी भी प्रकार के मांसाहारी (नॉन-वेज) स्टॉल को अनुमति न दी जाए। उन्होंने कहा कि मिंजर मेला केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि यह चंबा की सनातन परंपराओं, धार्मिक आस्थाओं और आध्यात्मिक मूल्यों से गहराई से जुड़ा हुआ पर्व है। इस दौरान भगवान रघुनाथ जी की शोभायात्रा, पवित्र रावी नदी का पूजन और धार्मिक झांकियों के माध्यम से हजारों श्रद्धालु अपनी आस्था प्रकट करते हैं। सुरेश ठाकुर ने स्पष्ट कहा कि मंच का उद्देश्य किसी की आजीविका रोकना नहीं है, लेकिन धार्मिक आयोजनों की मर्यादा से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि मंच इस संबंध में प्रशासन को शीघ्र ही ज्ञापन सौंपेगा। इस मांग को सोशल मीडिया और स्थानीय जनमानस में व्यापक समर्थन मिल रहा है व अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं।

### फुटबाल में सुलियाली ने बनीखेत को 2-1 से हराया

**अनंत ज्ञान, बकलोह।** गोरखा फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित सात दिवसीय चिलामा लखदाता फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ बकलोह में हुआ। पहले



दिन के मुख्य अतिथि रूजस प्यारा के सूबेदार मेजर अनिल कुमार (सेना मेडल) रहे, जिनका स्वागत बैज व स्मृति चिन्ह देकर किया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने और भाईचारे को बढ़ावा देने का संदेश दिया। टूर्नामेंट में जूनियर व सीनियर वर्ग की 6-6 टीमें भाग ले रही हैं। पहले दिन रोज फुटबॉल क्लब सुलियाली (जूनियर) ने बनीखेत जूनियर को 2-1 से हराया। रीयल फुटबॉल क्लब धर्मशाला (जूनियर) ने गोरखा बॉयज बकलोह (जूनियर) को 4-1 से हराया। विजेता टीमों के कल फाइनल मुकाबला खेला जाएगा, जिसके बाद सीनियर वर्ग के मैच शुरू होंगे। आयोजक अनिल गुरुंग ने बताया कि विजेता जूनियर टीम को ₹11,000 व मोमेंटो, जबकि सीनियर वर्ग की विजेता टीम को ₹41,000 व मोमेंटो पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे।

### कुश्ती में अमृतसर के जिंदा पहलवान विजेता

**अनंत ज्ञान, बकलोह।** चिलामां पंचायत के लोहड ड्रमन लखदाता कमेटी की ओर से अपने ही गांव में एक छोटा सा मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मैला कमेटी के प्रधान मदन कुमार ने रिबन काट कर लगभग एक बजे के करीब छींज मेला का शुभारंभ किया गया। जिसमें लगभग 40 के करीब छोटे बड़े का पहलवानों ने भाग लिया। इस इसमें खासकर पंजाब के पहलवालों ने भी शिरकत की जिसको देखते हुए मेला कमेटी के प्रधान मदन कुमार के द्वारा पंजाब से आए हुए और आसपास के क्षेत्र से आए हुए पहलवान का जोरदार स्वागत किया गया। बारिश के चलते शाम 5 बजे कुश्ती खत्म कर दी गई। वह मेले में बच्चों ने जंपिंग झूले का भरपूर आनंद लिया। वहीं महिलाओं ने पकोड़े और जलेबी का भरपूर आनंद लिया। वही बच्चों ने भी खूब खिलौने वालों से खूब खिलौने खरीदे। कुश्ती में पहले माली के विजेता पंजाब अमृतसर के जिंदा पहलवान ने पठानकोट के कालू पहलवान को चित करते हुए पहली माली के विजेता रहे। जितने वाले को 3100 ओर गागर, उप विजेता को₹ 2500 रूपये और गागर दिए गए। वही दूसरी माली के विजेता रहे यश चिलामा ने डेरा बाबा नानक के पहलवान सागर को हराया। जीतने वाले पहलवान को 2100 और हारने वाले पहलवान को 1500 नकद पुरस्कार दिए गए।

### सतगुरु की कृपा से प्राप्त होता है ब्रह्मज्ञान : बंदना

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** संत निरंकारी सत्संग भवन बनीखेत में बहन वंदना ने साध संगत को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा को जानने के बाद ही अपने मूल रूप का पता चलता है कि हम आत्मिक रूप से इसी परमात्मा की अंश हैं। एक परमात्मा का एहसास होने के बाद एकत्व का भाव साकार हो जाता है। परमात्मा का दृश्य को जानकर प्रेम भावना से भक्ति की जाए तो वह प्रेमा-भक्ति बन जाती है। हर एक में परमात्मा है और हर कोई श्रेष्ठ है, इस भाव से विचरण करें तो भेदभाव समाप्त हो सकता है । निःस्वार्थ रूप से सेवा का भाव तथा एक-दूसरे के साथ सहयोग करते हुए जीवन जीना ही मानवता है। सदैव सरबत के भले की बात रखनी है। संत का हृदय हर एक के लिए पिघल जाता है और अपने पराए का भेद मिट जाता है। केवल शारीरिक रूप से ही इंसान नहीं बनना बल्कि मानव मात्र के प्रति मानवता झलकनी चाहिए । वंदना जी ने कहा कि परमात्मा को अपने दिल में बिठाएंगे, तभी मानवता के प्रति प्यार होगा। हर इंसान को कीचड़ में कमल की तरह खिलना चाहिए । आसपास का माहौल खराब होने के बावजूद भी हमें अपने जीवन को निखारना चाहिए ।

# भनोड़ी बौद्ध मठ संरक्षण के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से मांगा सहयोग

## ताशी दोरजे ने मठ के संरक्षण व मूलभूत सुविधाओं के विकास को लेकर सौंपा ज्ञापन

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** जिले की चुराह घाटी में स्थित 250 वर्षों से अधिक प्राचीन भनोड़ी बौद्ध मठ को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में विकसित करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास सामने आया है। नालंदा पद्मा रिट्रीट सेंटर भनोड़ी के सचिव इंजीनियर ताशी दोरजे खम्पा ने हाल ही में भारत सरकार के संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से केलांग में विशेष भेंट की व मठ के संरक्षण व मूलभूत सुविधाओं के विकास को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

इस ऐतिहासिक मठ की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता को रेखांकित करते हुए ताशी दोरजे ने मंत्री से मठ परिसर के पास एक विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) के निर्माण हेतु आर्थिक सहायता की मांग की, ताकि देश-विदेश से आने वाले भिक्षुओं, तीर्थयात्रियों, शोधार्थियों व पर्यटकों को आधारभूत सुविधाएं मिल सकें। उल्लेखनीय है कि कुछ ही दिन पूर्व ताशी दोरजे खंपा ने उपायुक्त मुकेश रेपसवाल से भी इसी मुद्दे पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था, जिसमें उन्होंने प्रशासन से इस आध्यात्मिक स्थल की सड़क, ठहराव और प्रचार-प्रसार संबंधी सुविधाओं के विस्तार की मांग की थी। डीसी ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया था।



केंद्रीय मंत्री रिजिजू से मुलाकात करते हुए नालंदा पद्मा रिट्रीट सेंटर भनोड़ी के सचिव इंजीनियर ताशी दोरजे खंपा।

### केंद्रीय मंत्री को मठ आने का दिया आमंत्रण

**भेंट** के दौरान ताशी दोरजे खंपा ने केंद्रीय मंत्री को भनोड़ी मठ आने का विशेष और ऐतिहासिक आमंत्रण भी दिया। उन्होंने बताया कि 1952 में प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार ने मठ का दौरा किया था, लेकिन उसके बाद से अब तक किसी केंद्रीय या राज्यस्तरीय वरिष्ठ राजनेता ने यहां की धरती पर कदम नहीं रखा।

### किरेन रिजिजू ने दिए सकारात्मक संकेत

इस मुलाकात के दौरान किरेन रिजिजू ने मठ की महत्ता को समझते हुए सकारात्मक रुख दिखाया और आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण और विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास देश की सांस्कृतिक विविधता को सहेजने और पर्यटन को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## जगत व रुणहकोठी पंचायत को उरई से जोड़ने वाला एकमात्र पैदल पुल क्षतिग्रस्त

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** ग्राम पंचायत जगत व रुणहकोठी को उरई व दूसरी जगह से जोड़ने वाला एकमात्र पैदल चलने वाला पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए पुल से यहां पर कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। यहां से हर रोज दर्जनों लोग व स्कूली बच्चे एक जगह से दूसरी जगह अपनी जान जोखिम में डालकर जाते हैं।

बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी इस पर अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक बरसों पहले वन विभाग द्वारा यहां पर लोगों को आने-जाने के लिए लकड़ी के पल का निर्माण किया गया था। लेकिन पुल की रिपेयर ना होने के चलते इस पुल के फट्टे और साइड में लगाई हुई लकड़ी पूरी तरह से टूट चुकी है। जबकि यहां से हर रोज स्कूली बच्चे वह भेड़ पालक एक जगह से दूसरी जगह जाम जोखिम में डालकर जा रहे हैं। यही नहीं दो गांव को जोड़ने के लिए यह पुल अब पैदल चलने योग्य भी नहीं रहा है। स्थान निवासी



जगत व रुणहकोठी को उरई से जोड़ने वाला पैदल पुल क्षतिग्रस्त।

एवं समाजसेवी घनश्याम शर्मा संजय कुमार रवि कुमार सुरजन कुमार शशि कुमार सहित लोगों का कहना है कीव स्कूल की मरम्मत को लेकर कई बार विवाह के साथ मौखिक व लिखित रूप से गुहार लगा चुके हैं। प्रशासन को भी कई बार इस बारे में अवगत करवा चुके है। लोगों का कहना है कि भविष्य में अगर यहां पर कोई भी अनहोनी घटना घटित होती है तो उसकी सारी जिम्मेवारी प्रशासन की होगी। उन्होंने जल्द से जल्द इस पुल की मरम्मत करने की गुहार प्रशासन से लगाई है।

## अठलुंई पंचायत को मिली राहत, 3 साल पहले स्थापित ट्रांसफार्मर अब हुआ चालू

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** में करियां वार्ड के जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार ने जानकारी साझा की है कि काफी लंबे इंतजार के बाद अठलुंई पंचायत के लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से बड़ी राहत मिली है। पंचायत में करीब तीन साल पहले स्थापित किया गया ट्रांसफार्मर अब जाकर आज चालू कर दिया गया है। स्थानीय प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि विधानसभा चुनावों के दौरान जब इस पंचायत का दौरा किया गया, तो लोगों ने साफ तौर पर लो वोल्टेज की गंभीर समस्या सामने रखी थी। तत्पश्चात पूर्व विधायक और स्थानीय लोगों के सहयोग से इस क्षेत्र के लिए लाइन स्वीकृत करवाई गई थी और ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया था, लेकिन सरकार बदलने के बाद यह ट्रांसफार्मर तीन वर्षों तक चालू नहीं हो पाया।

हाल ही में हुई जिला परिषद की बैठक में इस मुद्दे को जोरदार ढंग से



उठाया गया, जिसके बाद विभागीय अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि दस दिन के भीतर ट्रांसफार्मर को चालू कर दिया जाएगा।

अधिकारियों और स्थानीय जनता के सामूहिक प्रयासों से आखिरकार यह ट्रांसफार्मर आज चालू हो गया है। कुछ जरूरी सामान की कमी के बावजूद, विभागीय स्टाफ और ग्रामीणों ने मिलकर तीन दिनों के भीतर सभी व्यवस्थाएं पूरी कींऔर बिजली आपूर्ति को सुचारु कर दिया। इस कार्य के लिए विद्युत विभाग के एक्सईएन, एसडीओ, जेई, लाइनमैन और सभी फील्ड स्टाफ का विशेष आभार प्रकट किया गया है। स्थानीय लोगों ने भी विभाग की तत्परता और टीमवर्क की सराहना की है।

## अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले से पहले शहर की छवि पर बदनुमा दाग

## चंबा का ऐतिहासिक चौगान नंबर-2 बना शौचालय

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** शहर के गौरव, संस्कृति और पहचान का प्रतीक माने जाने वाला ऐतिहासिक चौगान नंबर-2 इन दिनों असंवेदनशीलता और अस्वच्छता का शिकार बनता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के शुभारंभ में अब एक महीने से भी कम समय शेष है, लेकिन चौगान की हालत देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो स्वच्छता और शहरी मर्यादा को कुछ लोगों ने ताक पर रख दिया है।

जहां एक ओर नगर परिषद चंबा लगातार लोगों को जागरूक कर रही है, वहीं दूसरी ओर कुछ गैर-जिम्मेदार नागरिक चौगान नंबर-2 को खुले में पेशाब करने की 'मनचाही जगह' बना चुके हैं। यह दृश्य न सिर्फ स्थानीय लोगों की भावनाओं को आहत कर रहा है, बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के सामने शहर की छवि को भी धूमिल कर रहा है। जिस चौगान पर आने वाले दिनों में हजारों लोग मिंजर मेले के रंगों में



चौगान नंबर-2 में खुले में शौचालय करने से लोगों को सता रहा बीमारियों का डर।

रंगने वाले हैं, वहां आज दुर्गंध, गंदगी और लापरवाही की तस्वीरें सामने आ रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद की चेतावनियों का कोई असर नहीं हो रहा। यहां तक कि कुछ लोग तो साफ तौर पर 'ना शर्म, ना संकोच' की मानसिकता के साथ इन बोर्डों की बगल में ही गंदगी फैलाने से नहीं चूकते। अब समय आ गया है कि नगर परिषद केवल चेतावनियों तक सीमित न रहे, बल्कि सीसीटीवी निगरानी, ऑन-द-स्पॉट फाइन और सख्त कानूनी कार्रवाई का सहारा लेकर स्थिति को तुरंत नियंत्रण में लाए। साथ ही, सामाजिक संगठनों और युवाओं को भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता है। अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले से पहले अगर चंबा को साफ-सुथरा और स्वागत योग्य बनाना है।

## लेखिका नंदिता ने जीवन के संघर्ष को सभी के समक्ष रखा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** आज महिला साहित्यकार संस्था हिमाचल प्रांत द्वारा नारी मन की संवेदना भाग-2 शृंखला का शुभारंभ, जिला चंबा इकाई द्वारा आभासी माध्यम से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृत विदुषी प्रदेश विश्वविद्यालय की सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉक्टर विद्या शारदा उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में विशिष्ट आमंत्रित वक्ता के रूप में डॉक्टर नंदिता बाली सुप्रसिद्ध लेखिका जिला सोलन भी उपस्थित रहीं। जिला की सुप्रसिद्ध साहित्यकार रेखा ने अपनी मधुर ध्वनि से सरस्वती वंदना गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर कविता बिजलवान जिला चंबा इकाई अध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रांत की सुप्रसिद्ध लेखिका नंदिता बाली ने अपने मुखारविंद से जीवन के संघर्ष को सभी के समक्ष रखा। इसके साथ-साथ उन्होंने साहित्य के क्षेत्र में अपने कार्यों से भी सभी को अवगत करवाया।

## भरमौर के त्रिलोचन महादेव मंडल में 'मन की बात' कार्यक्रम बना जन-जन की आवाज

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

रविवार को भरमौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोचन महादेव मंडल में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। मंडल महामंत्री सुमन ठाकुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस दिन मंडल के लगभग 80 प्रतिशत बूथों पर लोगों ने सामूहिक रूप से इस कार्यक्रम को सुना, जो यह दर्शाता है कि यह संवाद आज देश के हर वर्ग को गहराई से छू रहा है।

प्रधानमंत्री द्वारा हर महीने के अंतिम रविवार को देशवासियों से साझा किया जाने वाला यह रेडियो संबोधन अब महज़ एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं रह गया, बल्कि यह जनमानस की





त्रिलोचन महादेव मंडल में पीएम की 'मन की बात' को सुनने के बाद भाजपा कार्यकर्ता।

उम्मीदों, भावनाओं और विचारों का सशक्त मंच बन चुका है। लोगों की आंखों में कार्यक्रम के प्रति आदर और विश्वास साफ झलक रहा था। त्रिलोचन महादेव मंडल में इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि 'मन की बात' केवल प्रधानमंत्री का संवाद नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज है, जिसे देश का हर नागरिक सुनना और आत्मसात करना चाहता है।

## पीएम मोदी का संवाद समाज सेवा व राष्ट्र निर्माण के लिए करता प्रेरित: डीएस ठाकुर

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक डीएस ठाकुर ने रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को भाजपा मंडल बनीखेत के बूथ संख्या 103, सदर बाजार डलहौज़ी में कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सुना।

इस अवसर पर स्थानीय बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक, बीएलए., एवं अन्य समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। 'मन की बात' का यह नया एपिसोड भी हमेशा की तरह अत्यंत प्रेरणादायक और जनभावनाओं से जुड़ा हुआ रहा। विधायक डीएस ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह मासिक संवाद देश के कोने-कोने तक सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और लोगों को समाज सेवा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है।

इसी भावात्मक जुड़ाव और जनहित से जुड़े विषयों के कारण 'मन की बात' आज हर वर्ग के लोगों के दिलों तक पहुंचकर लोकप्रियता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नेतृत्व, लोकसंवाद और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम बन चुका है।



भाजपा मंडल बनीखेत के बूथ पर विधायक ने कार्यकर्ताओं संग सुनी 'मन की बात'।

### सूडोकू नवताल- 7476

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7475 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

सोमवार, 30 जून 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** पंचमी (09:25) : **नक्षत्र** मघा (07:21), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** सिद्धि (05:20), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:56-12:52)। **राहुकाल** (07:10-08:55)।

### विशेष दिन

- 30 जून 2025: हरा पंचमी आज।
- 30 जून 2025: द्वारकाधीश जी का पाटोत्स्व आज।

**मेषः** व्यवहार कुशलता की तारीफ़ होगी। वस्त्र आभूषण की प्राप्ति होगी। रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। भाई बहनों से विवाद की स्थिति बन सकती है।

**वृषः** धीमी शुरुआत के बावजूद कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यापार में विस्तार होगा। जीवन में धोखे आसानी से मिल जाते हैं पर मौके नहीं मिलते समय का भरपूर लाभ लें।

**मिथुनः** सफलतादायक समय चल रहा है। संतान के कार्यों से मन दुखी होगा। आज का दिन जरूरी कार्यों को पूरा करने में व्यतीत होगा। कारोबार में नए अवसर लाभ दिलवायेंगे।

**कर्कः** आपके निकटतम लोग ही नहीं चाहते की आप आगे बढ़ें, अपना काम पूरी ईमानदारी से करें। भितरघात वालो से सावधान रहें। कार्य स्थल पर विवाद की स्थिति निर्मित होगी।

**सिंहः** स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। विधुत उपकरण खरीदने के योग है। वाहन मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। राजकीय कार्यों में अवरोध आ सकते है।

**कन्याः** किसी के जवाब का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नौकरी में बदलाव के योग हैं। तकनीकी के प्रयोग से विद्यार्थी सफल होंगे। दांतों में विकार की संभावना है।

**तुलाः** वर्तमान समय शुभ फल देने वाला है। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। बने काम बिग? सकते है। अपनी सोच को बदलें न की दूसरों को बदलने की कोशिश करें।

**वृश्चिकः** छोटी-छोटी बातों पर क्रोध आना आप के लिए नुकसान दायक हो सकता है। कई दिनों से जो कार्य आप करना चाहते थे, वह आज कोई और कर जायेगा।

**धनुः** स्वास्थ्य में सुधार होगा। अपने आगामी भविष्य को लेकर चिंतित रहेंगे। मन में कई विचार आयेंगे। व्यवसाय में उन्नति होगी। भूमि भवन संबंधित मामले पक्ष में हल होंगे।

**मकरः** अपनी संतान से विवाद हो सकता है। आजीविका को लेकर आप चिंतित हैं। विवाह योग्य जातकों के लिए समय उपयुक्त है। कारोबार विस्तार करने का मन होगा।

**कुंभः** अपने मन की बात हर किसी को बताने से नुकसान आपका ही है। सुख-सुविधा की वस्तुओं और धन खर्च होगा। आप की उन्नति से विरोधी नाखुश होंगे।

**मीनः** अपने चंचल स्वभाव के कारण नुकसान संभव है। बड़ों के अनुभव आप के लिए लाभप्रद साबित होंगे। वैवाहिक निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। व्यापारिक यात्रा संभव है।

## बनीखेत में पानी व बिजली समस्या में नहीं कोई सुधार

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**बनीखेत** ग्रामीणों ने पानी और बिजली की समस्या को लेकर बैठक की। लोगों का कहना है कि बनीखेत में पानी व बिजली समस्या में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बिजली भी हर रोज आंख मचोली खेलती है। पिछले कल ही रात को 8:00 बजे के करीब बिजली चली गई थी और पूरी रात नहीं आई। जिससे कि लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बनीखेत आषाढ़ मिले में बाहर से आए हुए व्यापारियों ने दुकानें किराए पर ले रखी हैं कई दुकानदारों ने खाने-पीने का सामान जैसे की आइसक्रीम वगैरा

**लोगों ने 15 जुलाई को धरना देने की दी चेतावनी**

के लिए दुकान दे रखी है और बार-बार लाइट जाने से उनका धंधा बिल्कुल चौपट हो गया है ।

युवा मंडल के प्रधान व पंचायत के उप प्रधान विश्वजीत कालू ने कहा है कि हमने जल विभाग व बिजली बोर्ड के उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र भेज दिए हैं । जहां तक की मुख्यमंत्री को भी शिकायत पत्र भेजा जा चुका है । लोगों की पानी की समस्या बहुत बढ़ती जा रही है लोगों को पानी तीसरे दिन पहले 45 मिनट दिया जाता था लेकिन अब 35 मिनट कर दिया गया है्। वह भी लोगों की शिकायत है कि कभी तो तीसरे दिन भी पानी नहीं दिया जाता और 6 दिन तक बिना पानी के कैसे गुजरा करेंगे। सभी ग्रामीणों ने इस बैठक में निर्णय लिया है कि शिकायत पत्रों के जवाब का इंतजार किया जाएगा। बनीखेत चौक पर 15 जुलाई को धरना दिया जाएगा और पूर्ण तौर से रास्ता बंद कर दिया जाएगा। लोगों ने कहा कि बिजली का बिल सर्विसिंग चार्जिंग के साथ दिया जाता है लेकिन लोगों को अच्छी सर्विस ही नहीं मिल रही।

## बणखंडी माता मंदिर में किया हवन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित करगौरा मोड़ के पास आज बणखंडी माता मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति हवन, प्रसाद वितरण और ठंडे जल सेवा का भव्य आयोजन किया गया। गर्मी के मौसम में राहगीरों के लिए यह सेवा न केवल शीतलता का स्रोत बनी, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए यह एक आस्था से जुड़ा पर्व जैसा अनुभव रहा। यह मंदिर खास तौर पर सड़क दुर्घटनाओं से जुड़ी एक दर्दनाक पृष्ठभूमि को लेकर विख्यात है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पहले इस मोड़ पर अक्सर दुर्घटनाएं होती थीं और कई लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी। इसी कारण गांव के सभी निवासियों ने मिलकर इस स्थान पर माता बणखंडी मंदिर की स्थापना की। हैरानी की बात यह है कि मंदिर की स्थापना के बाद से अब तक इस स्थान पर कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है। हर वर्ष की तरह इस बार भी मंदिर में माता की पूजा-अर्चना, हवन, और सामूहिक प्रसाद वितरण का आयोजन बड़े श्रद्धा भाव से किया गया। गांव के सक्रिय युवाओं व नागरिकों में सोनू कुमार, धनपत, बिट्टू, पवन कुमार, काकू राम, कमल और राधिका ने बताया कि जो भी श्रद्धा से इस मंदिर में माथा टेकता है, माता उसकी रक्षा करती हैं।

## आधुनिक तकनीक से डेढ़ करोड़ में लगाया डंगा दे गया जवाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मानसून** ने शुरुआत में ही अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। यही नहीं आपदा प्रबंधन व बारिश से होने वाले नुकसान को कम करने के लक्ष्य को सामने रख कर किए गए कामों की गुणवत्ता को भी इस पहली ही बरसात ने आईना दिखा दिया है। 13-14 अगस्त को मंडी शहर के बीचों बीच विश्वकर्मा चौक पर हुए भारी भूसख्लन जिससे दर्जनों मकानों को खतरा पैदा हो गया था तथा लोगों को घर छोड़ कर दूसरी जगह जाना पड़ा था, को लोक निर्माण विभाग ने डेढ़ साल बाद कुछ महीने पहले ही अत्याधुनिक तकनीक रॉक बोल्टिंग व जाली के कवर करके लगभग डेढ़ करोड़ खर्च करके इस दावे के साथ सही कर दिया था कि अब इसका पक्का इलाज हो गया है, मगर यह सब गलत साबित हुआ। पहली ही बरसात में यह पूरा पहाड़ फिर से फूल गया और रविवार दोपहर बाद यह अचानक फट कर सड़क पर आ गया। इससे यह मार्ग फिर से खतरे में आ गया तथा दर्जनों घरों में रहने वाले सैंकड़ों लोगों को फिर से अपने आशियाने धंस जाने का डर सताने लगा। स्थानीय लोगों राणा रणपत सिंह, नरेंद्र सिंह, अवनिंद्र सिंह, भवानी सिंह, कन्हैया राम आदि ने हैरानी जताई कि इतना पैसा खर्च करके आधुनिक तकनीक से ठीक की गई यह पहाड़ी एक भी बारिश नहीं झेल पाई। प्रशासन को इस काम की निर्माण गुणवता की जांच करवानी चाहिए। उतराखंड में सैंकड़ों पहाड़ियों को इस तकनीक से थामा गया है जो सालों से टिकी हुई हैं तो यहां पर कुछ ही महीनों में यह कैसे दरक गई। सुकेती खड्ड व ब्यास नदी उफान पर हैं। नदी किनारे लोग न जाएं इसके लिए प्रशासन बार बार आग्रह कर रहा है।



मंडी में डेढ़ करोड़ की लागत से आधुनिक तकनीक से बनाया गया डंगा जो टूट गया।

### भारी बारिश से मंडी जिले में 340 ट्रांसफार्मर ठप

**मंडी** में हुई भारी बारिश के कारण लोक निर्माण विभाग की 44 सड़कें बाधित हो गई हैं। जानकारी के अनुसार सब डिवीजन सराज में 12, सब डिवीजन थलौट में 12, सब डिवीजन धर्मपुर में 15, मंडी में एक, गोहर में एक, सुंदरनगर में एक और पधर में दो सड़कें बाधित हैं। अधिकतर लिंक रोड बाधित हैं, जबकि आवाजाही के लिए मुख्य सड़कों को बाहर कर लिया गया है। बंद हुई सड़कों में 39 ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें हैं। डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि बाधित हुए सड़कों को जल्द ही बहाल कर लिया जाएगा। वहीं 340 ट्रांसफार्मर बाधित हुए हैं, विभाग की कड़ी में मशक्कत के बाद 208 ट्रांसफार्मर को बहाल कर दिया गया है, जबकि 340 ट्रांसफार्मर अभी भी बाधित हैं। सब डिवीजन मंडी में 32, गोहर में 206, धर्मपुर में 1, जोगिंद्रनगर में 8, थलौट में 12 और सुंदरनगर में 81 ट्रांसफार्मर बाधित हैं।

**एक** छोटा कदम छोटे लक्ष्य के बाद विशाल लक्ष्य भी हासिल करा देता है।
– **छत्रपति शिवाजी महाराज**

## संपादकीय

# न्याय की आस में पौंग विस्थापित

पौंग बांध विस्थापितों के विस्थापन के 50 साल पूरे हो गए। उनकी कहानी भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडंबनाओं में से एक है। यह कहानी उन लोगों की है जिन्होंने देशहित में अपने पुश्तैनी घर, खेत, खलिहान और जीवनभर की कमाई छोड़ दी, सिर्फ इस भरोसे पर कि सरकार उन्हें समुचित पुनर्वास और बेहतर भविष्य देगी, लेकिन यह समुदाय आज भी अपने अधिकारों के लिए दर-दर भटक रहा है। राजस्थान सरकार का रवैया न सिर्फ असंवेदनशील है, बल्कि धोखाधड़ी और अन्याय की पराकाष्ठा को दर्शाता है। जब पौंग बांध बना था, तो हिमाचल प्रदेश के हजारों परिवारों ने अपना सब कुछ छोड़ दिया। बदले में राजस्थान सरकार ने इन्हें गंगनहर क्षेत्र में जमीन देने का वादा किया। इस वादे के तहत राजस्थान सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा था कि इन विस्थापितों के लिए भूमि आरक्षित की जाएगी, लेकिन धीरे-धीरे यह साफ होता गया कि सरकार की नीयत में ही खोट है। जिस जमीन को पौंग विस्थापितों के लिए आरक्षित किया गया था, वही जमीन अब राजस्थान सरकार ने अपने स्थानीय लोगों में बांटनी शुरू कर दी। यह न सिर्फ समझौते का उल्लंघन है, बल्कि विस्थापितों के संवैधानिक अधिकारों का भी सीधा अपमान है।

सरकार ने कानून में ऐसे प्रावधान जोड़ दिए जिससे बाहर के लोगों, यानी पौंग विस्थापितों के अधिकार खत्म कर दिए गए। राजस्थान के गंगनहर क्षेत्र में भू-माफिया इतना मजबूत हो चुका है कि सरकार की मशीनरी भी उनके सामने घुटने टेक चुकी है। आरक्षित जमीन पर अवैध कब्जे खुलेआम हो रहे हैं। हालत यह है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश भी कागजों तक सीमित रह गए हैं। भूमि माफिया न सिर्फ जमीन पर कब्जा करता है, बल्कि जो भी इसके खिलाफ आवाज उठाता है, उसे डराया-धमकाया जाता है। सवाल यह उठता है कि अगर एक चुनी हुई सरकार माफियाओं से डरकर काम करेगी, तो वह कमजोर और पीड़ित पौंग विस्थापितों को क्या न्याय दे सकती है? यह स्थिति लोकतंत्र के लिए एक गंभीर खतरा है। पौंग विस्थापितों का भरोसा अब सिर्फ सुप्रीम कोर्ट पर टिका है, लेकिन सवाल यह है कि क्या सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को भी राज्य सरकार और माफिया मिलकर अनदेखा कर सकते हैं? दुर्भाग्य से इसका जवाब 'हां' में है। पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने साफ आदेश दिए कि आरक्षित भूमि विस्थापितों को ही दी जाए, मगर आज भी सैकड़ों परिवार ऐसे हैं जिन्हें उनकी जमीन नहीं मिली।

कई मामलों में सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के बाद भी प्रशासन ने अवैध कब्जे हटाने में गंभीरता नहीं दिखाई। यह न केवल कोर्ट की अवमानना है, बल्कि यह पूरे न्यायिक तंत्र की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े करता है। जब राज्य सरकारें अपनी जिम्मेदारी से भागने लगें और न्यायिक आदेशों का भी पालन न करें, तब केंद्र सरकार का दखल देना जरूरी हो जाता है। यह मामला सिर्फ राजस्थान और हिमाचल का नहीं है, बल्कि यह भारतीय संघीय ढांचे, अंतरराज्यीय समझौतों और विस्थापितों के मानवाधिकारों से जुड़ा राष्ट्रीय मुद्दा है। अगर केंद्र सरकार चाह ले तो एक विशेष कानून बनाकर या राष्ट्रपति आदेश के जरिए इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप कर सकती है, लेकिन अभी तक केंद्र की ओर से भी सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं, ठोस कार्रवाई नहीं। यह संघर्ष सिर्फ जमीन का नहीं है, बल्कि सम्मान, पहचान और अस्तित्व का है। सोचिए, जिन लोगों ने देशहित में अपनी जमीन, मकान और गांव छोड़े, उनके बच्चे आज भी उस दर्द को ढो रहे हैं। न उनके पास स्थायी घर है, न रोजगार और न ही सामाजिक सुरक्षा।

दूसरी तरफ, जिन लोगों ने कुछ नहीं खोया, वे आज आरक्षित जमीन पर मौज कर रहे हैं। यह अन्याय नहीं तो और क्या है? क्या ऐसे में सरकार पर भरोसा करना सही है? क्या ऐसे में लोकतंत्र और कानून पर भरोसा करना संभव है? दुर्भाग्य से मुख्यधारा मीडिया ने भी इस गंभीर मुद्दे पर उतनी आवाज नहीं उठाई जितनी उठानी चाहिए थी। चुनावी वादों में यह मुद्दा सिर्फ भाषणों और घोषणाओं तक सीमित रह जाता है। समाज का एक बड़ा वर्ग भी इससे अंजान है कि आजादी के 75 साल बाद भी अपने ही देश में लोग बेघर हैं, उनके पास अपनी जमीन नहीं है और वे न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। ऐसे में नागरिक समाज, सामाजिक कार्यकर्ताओं और मीडिया को मिलकर इस अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करनी होगी।

पौंग विस्थापितों का संघर्ष हमें बताता है कि विकास की कीमत किन लोगों ने चुकाई और सत्ता में बैठे लोग कितने असंवेदनशील हो सकते हैं। यह मामला सिर्फ एक राज्य या एक समुदाय का नहीं है, यह उस व्यवस्था का आईना है जिसमें कमजोर हमेशा कुचले जाते हैं और शक्तिशाली अपने स्वार्थ के लिए नियम बदलते रहते हैं। अब वक्त आ गया है कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले में न सिर्फ आदेश दे, बल्कि उसकी निगरानी भी खुद करे। केंद्र सरकार को भी तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पौंग बांध के विस्थापितों को उनका हक मिल जाए। अगर अब भी सरकारें और अदालतें जागरूक नहीं हुईं तो यह मामला न सिर्फ भारतीय लोकतंत्र के माथे पर कलंक बनेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह सीख भी होगी कि इस देश में गरीब और कमजोर की कोई सुनवाई नहीं होती। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती


### राज्यसभा सांसद

**भूपेंद्र** यादव भारतीय राजनीतिज्ञ और राज्यसभा के सांसद हैं। वह देश के बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के राजनेता है। 7 जुलाई, 2021 को मोदी मंत्रिमंडल के विस्तार और उसमें फेरबदल के बाद यादव को 'पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय' तथा 'श्रम और रोजगार मंत्रालय' का दायित्व दिया गया है। यादव का जन्म जमालपुर, गुरुग्राम (हरियाणा) में हुआ था। राजस्थान के अजमेर में पले-बढ़े और गुरुग्राम जिले के गांव जमालपुर के मूल



**भूपेंद्र यादव**
**जन्म :** 30 जून, 1969

निवासी भूपेंद्र यादव का मंत्री बनना कई मायनों में अहम है। प्रधानमंत्री मोदी ने भूपेंद्र यादव को कैबिनेट मंत्री बनाकर बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है। 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' के साधारण कार्यकर्ता से केंद्रीय मंत्री बनने तक का उनका सफरनामा प्रेरक है। राज्यसभा सदस्य यादव मोदी सरकार में यादव समुदाय से पहले कैबिनेट मंत्री हैं। हालांकि अहीर/यादव समाज के विभिन्न संगठनों से जुड़े कुछ लोग मोदी सरकार में श्रम मंत्री रहे। हरियाणा के नवनियुक्त राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को भी यादव मानते हैं। पहली पारी में जब मनोहरलाल के विकल्प की बातें चली तब यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने की चर्चाएं भी कई दिन हवा में तैरती रही। ■



कविता

### मेरी बहन

*मधु, कक्षा नौवीं, रावमावि लड्डा, जिला चंबा*

**बहन** मेरी है बहुत न्यारी, मुझको लगती बड़ी प्यारी।
आंगन में जब यह चहकती,
फूलों जैसी है यह महकती।
डांट फटकार न कभी लगाती,
बड़े चाव से हमें हंसाती।
रक्षाबंधन पर दौड़े आती,
चम-चम सुंदर राखी लाती।
सदा ही देती मुझे सम्मान,
बहन है मेरी बड़ी महान।
मुझे उंगली पकडकर चलना सिखाया,
कई बार गिरने से भी बचाया।
बड़ी होकर अब ससुराल में रहती,
सब काम संभाल न शिकायत कहती।
मेरी बहन है सुंदर व नेक,
बुद्धिमान व सुशील लाखों में एक।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# मानसून : पहाड़ से मैदान तक आफत में जान

हिमाचल में मानसून सीजन शुरू होते ही पहाड़ से लेकर मैदान तक लोगों की जान आफत में पड़ जाती है। दरकते पहाड़, भूस्खलन से टूटती सड़कें और उजड़ते गांव। मकानों का गिरना और सैकड़ों लोगों का बेघर होना और गोशालाओं का ढहना...। न सिर्फ इंसान, बल्कि पशु-पक्षी और वन्य जीव भी प्राकृतिक आपदाओं के शिकार हो जाते हैं। कहीं क्नेक्टिविटी कट जाती है तो कहीं नेटवर्क ध्वस्त हो जाता है। पिछले कुछ सालों की प्राकृतिक आपदाओं को देखें तो हिमाचल में करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। यह भयाभह तस्वीर जब मन-मस्तिष्क में घूमती है तो डर तो लगता ही है। यूं तो हिमाचल प्रदेश अपने प्राकृतिक सौंदर्य और शांति के लिए विश्वभर में विख्यात है। बर्फ से ढके पहाड़, कल-कल बहती नदियां, हरे-भरे जंगल और ठंडी हवाएं यहां की पहचान हैं, जिसके आकर्षण से सब यहां खिंचे चले आते हैं, लेकिन जब बरसात शुरू होती है तो पर्यटक भी यहां से कन्नी काटने लग पड़ते हैं। वजह साफ है, जीवन खोने का डर। हिमाचल में हर साल जब मानसून दस्तक देता है तो यही सुंदरता तबाही में बदल जाती है। मानसून का मौसम हिमाचल के लिए अब प्राकृतिक सौंदर्य का पर्व नहीं, बल्कि डर और त्रासदी का पर्याय बन चुका है।



**पांच साल की तबाही :** यदि हम पिछले पांच वर्षों का आकलन करें तो तस्वीर बेहद भयावह है। वर्ष 2019 से लेकर 2024 तक हर साल मानसून हिमाचल पर भारी पड़ा है। 2019 में हुई भारी बारिश से करीब 1200 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। 2020 में ये आंकड़ा 1500 करोड़ रुपए के पार चला गया। 2021 में भूस्खलन और सड़कें बहने की घटनाओं ने 1800 करोड़ से ज्यादा का नुकसान किया। 2022 में प्राकृतिक आपदाओं ने करीब 2200 करोड़ रुपए की चपत लगाई, लेकिन सबसे विनाशकारी रहा वर्ष 2023, जब जगह-जगह बादल फटे, भूस्खलन और बाढ़ें आईं तो हिमाचल का नक्शा ही बदल गया। हिमाचल सरकार ने तब 12 हजार करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया था। हजारों मकान जमींदोज हुए, सैकड़ों सड़कें ध्वस्त हो गईं और दर्जनों छोटे-बड़े पुल बह गए। कई परिवार हमेशा के लिए उजड़ गए।

**क्या इंसान है जिम्मेदार? :** जब हम आपदा की वजहों को टटोलते हैं तो स्पष्ट होता है कि इसमें प्राकृतिक कारकों के साथ-साथ मानवीय गतिविधियों की भूमिका कहीं ज्यादा है। दरअसल, विकास की अंधी दौड़ में मनुष्य ने प्रकृति से छेड़छाड़ की हर सीमा लांघ दी है। पहाड़ों में सड़कों का बेतरतीब विस्तार, जंगलों की अंधाधुंध कटाई और नदियों के प्राकृतिक बहाव में बाधा डालने वाले निर्माण कार्य इसका बड़ा उदाहरण हैं। नदियों के किनारे अवैध रूप से होटल, मकान और व्यावसायिक ढांचे खड़े कर देना खुद को मौत का बुलावा देने के समान है। प्राकृतिक नालों और जलधाराओं पर कब्जा करके कंक्रीट के जंगल उगाना कहां की समझदारी है? जहां पानी का सहज बहाव होता था, वहां दीवारें और सड़कें बना दी गईं। परिणामस्वरूप बारिश का पानी अपने पारंपरिक रास्तों से नहीं बह पाता और सीधा रिहायशी इलाकों में घुस जाता है। इसके अलावा भूस्खलन, बादल फटना और अचानक आने वाली बाढ़ जैसी आपदाएं अब अधिक घातक रूप में सामने आ रही हैं। पहाड़ों की प्राकृतिक जल-धारण क्षमता कम हो गई है, क्योंकि पेड़ों की जड़ें जो मिट्टी को बांधकर रखती थीं, वो तेजी से घट रही हैं। जलवायु परिवर्तन ने भी हालात को और गंभीर बना दिया है। वर्षा के पैटर्न में बदलाव, कभी अत्यधिक बारिश तो कभी लंबा सूखा, आपदा की आवृत्ति और तीव्रता दोनों को बढ़ा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट है कि यदि मानवीय गतिविधियों पर समय रहते नियंत्रण नहीं लगाया और प्राकृतिक संतुलन बहाल करने के प्रयास नहीं किए तो आपदाओं का यह सिलसिला और विकराल होता जाएगा।

यथार्थ



**समरजीत**

**फोरलेन और सुरंगें :** हिमाचल में साल दर साल वाहनों की तादाद बढ़ती जा रही है। सड़कें तंग हैं तो फोरलेन बनने लगे। पिछले एक दशक से फोरलेन परियोजनाओं और सुरंगों का निर्माण जोरों पर है। इसके लिए पहाड़ों को बम और ब्लास्टिंग से काटा जा रहा है। हजारों पेड़ गाजर-मूली की तरह काट दिए गए। पहाड़ों की जो संरचना लाखों सालों में बनी थी, उसे चंद सालों में तोड़-मरोड़ दिया गया। इस छेड़छाड़ का असर यह हुआ कि जहां पहले कभी भूस्खलन नहीं होता था, अब वहां भी पहाड़ दरकने लगे हैं। सुरंगों के निर्माण से पहाड़ों में गहरी दरारें पड़ गई हैं। बरसात के दिनों में ये दरारें जलभराव का कारण बनती हैं और बड़े भूस्खलनों को जन्म देती हैं।

**बांध और जल प्रबंधन : वरदान या अभिशाप? :** हिमाचल प्रदेश में जल विद्युत परियोजनाओं का व्यापक जाल फैला हुआ है। लगभग हर बड़ी नदी और नाले पर बांध और पावर प्रोजेक्ट बने हुए हैं। इन परियोजनाओं से बिजली उत्पादन तो होता है, लेकिन इसके दुष्परिणाम भी अब गंभीर रूप में सामने आ रहे हैं। खासकर बरसात के मौसम में ये बांध आपदा का बड़ा कारण बन जाते हैं। जब लगातार बारिश होती है तो बांधों में पानी तेजी से भर जाता है। बांध की सुरक्षित क्षमता से अधिक पानी जमा होने पर परियोजना प्रबंधन को मजबूरी में गेट खोलने पड़ते हैं। अचानक छोड़ा गया पानी नदी के प्राकृतिक बहाव से कहीं अधिक होता है, जो नीचे बसे गांवों, कस्बों और खेतों में बाढ़ का कारण बनता है। यह 'दोहरी मार' है। एक तरफ आसमान से झमाझम बारिश और दूसरी तरफ बांध से छोड़ा गया उफनता पानी। इसका असर विनाशकारी होता है। खेत बह जाते हैं, घर जमींदोज हो जाते हैं और सड़कों का नामोनिशान तक मिट जाता है। कई बार लोग जान-माल की क्षति का शिकार हो जाते हैं। हैरानी की बात यह है कि बांध प्रबंधन समय रहते लोगों को अलर्ट नहीं कर पाता, जिससे नुकसान और बढ़ जाता है। इसके अलावा बांधों के कारण नदियों का प्राकृतिक प्रवाह रुक जाता है, जिससे जल-चक्र और पर्यावरण संतुलन भी प्रभावित होता है। अब यह जरूरी हो गया है कि जल विद्युत परियोजनाओं का संचालन जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन के नजरिए से पुनर्विचार किया जाए, ताकि विकास के साथ लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।

**बादल फटने की भविष्यवाणी नहीं :** हिमाचल में बादल फटने की घटनाएं अब आम हो गई हैं। कुल्लू, शिमला, मंडी, चंबा और किन्नौर जैसे जिले हर साल बादल फटने से प्रभावित होते हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि जब अधिक नमी वाला बादल एक जगह अटक जाता है और अचानक उसका सारा पानी कुछ ही मिनटों में गिर जाता है, तो इसे बादल फटना कहते हैं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इसे रोका जा सकता है? जवाब है-नहीं। आज भी मौसम विज्ञान के पास ऐसा कोई उपकरण नहीं है, जो बादल फटने से पहले सटीक भविष्यवाणी कर सके। केवल भारी बारिश की चेतावनी दी जा सकती है, लेकिन कब और कहां बादल फटेगा, इसका पूर्वानुमान संभव नहीं है।

**राजनीति और आपदा :** हिमाचल में आपदा के बाद राहत और पुनर्वास का काम राजनीति की भेंट चढ़ जाता है। उदाहरण के तौर पर, 2023 की आपदा के बाद राज्य सरकार ने 12 हजार करोड़ रुपए के नुकसान का दावा किया था, लेकिन केंद्र सरकार ने केवल 2006 करोड़ रुपए की राहत राशि मंजूर की। इस देरी और कमी के पीछे राजनीतिक मतभेद भी वजह हैं। राज्य में कांग्रेस की सरकार है, जबकि केंद्र में भाजपा। इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ता है, जो हर साल तबाही झेलती है और राहत के लिए महीनों इंतजार करती है। प्राकृतिक आपदाओं के नुकसान की भरपाई समय पर होनी चाहिए, तभी प्रभावितों को पनुर्वास हो सकेगा और वे दोबारा सामान्य जिंदगी जी सकेंगे।

**मौजूदा आपदा प्रबंधन प्रणाली :** हिमाचल में आपदा प्रबंधन के लिए स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स यानी एसडीआरएफ और नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स यानी एनडीआरएफ तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) जैसी संस्थाएं कार्यरत हैं। इनके पास रेस्क्यू उपकरण, अस्थायी शिविर, हेलिकॉप्टर सेवा और राहत सामग्री होती है। मौसम विभाग भी समय-समय पर अलर्ट जारी करता है, लेकिन समस्या यह है कि ये व्यवस्थाएं कागजों पर ज्यादा मजबूत हैं, जमीनी स्तर पर इनकी क्षमता सीमित है। दुर्गम क्षेत्रों में रेस्क्यू टीमों का पहुंचना मुश्किल होता है और राहत सामग्री समय पर नहीं पहुंच पाती।

**समाधान और स्थायी विकास की राह :** जहां लोग अतिक्रमण करें वहां पर सख्त कार्रवाई सख्ती से होना जरूर है, तभी लोग पीछे हटेंगे। नदियों और नालों के किनारे अवैध निर्माण को तत्काल हटाया जाना चाहिए। सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर को तवज्जो देनी चाहिए। फोरलेन और सुरंगों का निर्माण वैज्ञानिक मानकों के तहत होना चाहिए। एन्वायरनमेंट इंपैक्ट असेस्मेंट यानी ईटीए अनिवार्य रूप से लागू हो। हर विकास परियोजना के साथ वनों की कटाई की भरपाई के लिए पौधरोपण किया जाए। स्थानीय प्रजातियों के पौधे रोपे जाएं। अर्ली वॉर्निंग सिस्टम को और मजबूत करना चाहिए। डॉप्लर रडार की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। रियल टाइम डेटा आधारित पूर्वानुमान विकसित किए जाएं। कोई भी योजना तब तक सिरे नहीं चढ़ती जब तक उसमें आम जनमानस की भागीदारी न हो। गांव स्तर पर आपदा प्रबंधन कमेटियां बनाई जाएं। ग्रामीणों को बेसिक रेस्क्यू ट्रेनिंग दी जाए।

राज्य सरकार का आपदा राहत कोष मजबूत किया जाए, ताकि केंद्र पर पूरी निर्भरता न रहे। वहीं, स्कूलों और कॉलेजों में आपदा प्रबंधन को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। साथ ही बच्चों को बचाव और राहत की प्राथमिक ट्रेनिंग दी जाए।

**विकास और प्रकृति के बीच संतुलन :** हिमाचल में आपदा अब सिर्फ मौसम की मार नहीं रही, बल्कि यह मानव की गलतियों और लापरवाह विकास मॉडल का नतीजा बन गई है। विकास बेशक जरूरी है, लेकिन ऐसा विकास किस काम का जो हर साल सैकड़ों लोगों की जान ले और हजारों करोड़ रुपए की संपत्ति को मलबे में बदल दे। पहाड़ों की मजबूती ही यहां के जीवन और भविष्य की मजबूती है। जब पहाड़ कमजोर होंगे तो हमारी जिंदगी भी संकट में आ जाएगी। अंधाधुंध सड़क निर्माण, नदी-नालों पर कब्जा, जंगलों की बेतहाशा कटाई और अवैज्ञानिक तरीके से किए जा रहे निर्माण कार्य पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना को कमजोर कर रहे हैं। यदि हम अब भी नहीं चेते तो हिमाचल में आपदाओं का यह सिलसिला और विकराल होता जाएगा। विकास और प्रकृति के बीच संतुलन कायम करना समय की सबसे बड़ी मांग है।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# ईंधन-तेल के बाद रेयर अर्थ मिनरल्स आत्मनिर्भरता के मापक

कभी केवल तेल था, अब इसके साथ रेयर अर्थ मिनरल्स भी आ जुड़ा है किसी देश की आर्थिक संप्रभुता को प्रबल बनाए रखने के लिए, क्योंकि जहां कोई भी उत्पादन होता है, वहां मैगनेट की जरूरत पड़ती है, जैसे विंड टर्बाइन, विद्युत जेनेरेटर्स ; इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स, एयरक्राफ्ट इंजन, कार आदि। मैगनेट चाहिए तो जरूरी है आपके पास रेयर अर्थ मिनरल्स हों, जिससे ये बनकर तैयार होती है।



**लेखक : इंजी. राजेश पाठक**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

रेयर अर्थ मिनरल्स आज चीन के पास सर्वाधिक 42 मिलियन टन हैं , जबकि इसके शोधित प्रारूप की दृष्टि से दुनिया की 90 प्रतिशत आपूर्ति ये करता है। भारत के पास भी 7 मिलियन टन का वर्तमान रिजर्व है और दुनिया में रूस के बाद पांचवें नंबर पर है, जबकि अमेरिका के पास दुनिया का केवल 2 प्रतिशत ही है। वैसे भारत में अभी एक्स्प्लॉरैशन चल रहा है, और संभावना है ये क्षमता 15 मिलियन टन के ऊपर पहुंच सकती है। अभी स्थिति यह है कि भारत को इसे चीन से आयात करना पड़ रहा है, क्योंकि अब से पहले इसका नियंत्रण देश के पब्लिक सेक्टर 'इंडियन रेयर अर्थ मिनरल्स लिमिटेड' के अधीन था। कुछ अपवादों को छोड़ दें, तो इन सरकार नियंत्रित सेक्टर्स की सुस्त कार्य प्रणाली से सब सुपरिचित हैं, लेकिन अमेरिका के टैरिफ-वार के चलते अब चीन ने इसको शस्त्र के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया।

साथ ही औद्योगिक विस्तार के साथ भारत की भी आवश्यकता बढ़ गई है। पिछले वर्ष हमें जरूरत थी 4.5 हजार टन की, जबकि देश में उत्पादन हुआ कुछ सौ टन। इसलिए भारत ने अब एक 1000 करोड़ की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेन्टीव-स्कीम भी शुरू कर दी है, साथ ही पब्लिक सेक्टर का एकाधिकार खत्म कर प्राइवेट सेक्टर को आमंत्रित किया जा रहा है। कहते हैं राजस्थान के रेगिस्तान में इसका अथाह भंडार पड़ा है, जहां अभी तक गहरी खुदाई हुई ही नहीं, क्योंकि जिसे करना था वो था पब्लिक सेक्टर का उपक्रम। उसके लिए अब रास्ता खोल दिया गया है, अश्विनी वैष्णव के द्वारा। अब यह काम प्राइवेट सेक्टर संपन्न करेगा। इतना भर नहीं, ऑस्ट्रेलिया के पास 6 टन रेयर अर्थ मिनरल्स है। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने समझौता कर निश्चित किया है कि इस दिशा में मिलकर काम करेंगे। दूसरी तरफ खबर है कि देश में अंडमान के समुद्री तट के निकट तेल का 4.5 बिलियन बैरल्स का बड़ा भंडार मिला है। इतना बड़ा कि जब यहां से तेल निकलना शुरू हो जाएगा, तो इसकी मात्रा कम से कम 2.50 लाख बेरल्स प्रति दिन होगी। जबकि वर्तमान में बॉम्बे हाई से सर्वाधिक 1.35 लाख बैरल्स प्रतिदिन प्राप्त होता है।



यहां 1970 से हमें तेल मिल रहा है जो कि वर्तमान में प्राप्त कुल मात्रा का 35 प्रतिशत है। कुछ समय पहले ही हमें बॉम्बे-हाई के पास ही दो जगह तेल के भंडार मिले हैं-सूर्यमणि और वज्रमणि। साथ ही त्रिपुरा में कुछ दिन पूर्व 200 तेल के कुएं में से कुछ में ऑईल एक्स्प्लॉरैशन (अन्वेषण) चल रहा है, तो कुछ में से तेल निकालना भी शुरू कर दिया है। इसी प्रकार कृष्ण-गोदावरी बेसिन में 5 कुंओं में से 45 हजार बैरल्स प्रतिदिन तेल मिलने का अनुमान है। फिर बिहार के समस्तीपुर और यूपी के बलिया जिले में भी तेल पाया गया है। क्या कारण है कि पिछले कुछ समय से लगातार नित्य नए तेल भंडार का पता चल रहा है? ऑईल-फील्ड से सामान्यता जहां तेल मिलता है, वहां गैस भी पाई जाती है। आज की स्थिति में सोनार और राडार तकनीकी और साथ ही रिसोर्स-सेटेलाइट से तेल को खोज निकलने का काम भी शुरू हो चुका है, जबकि इसके पहले पता नहीं क्यों इस और ध्यान ही नहीं दिया गया। इसी प्रकार इस व्यवसाय से जुड़े अंदर की खबर रखने वालों की मानें तो आयातकों से मिलने वाले भारी कमीशन के चलते कभी निजी कंपनियों को इस क्षेत्र से दूर रखा गया, जिससे यथास्थिति बनी रहे, लेकिन अब जब से मोदी सरकार केंद्र की सत्ता में आई 'ओपन लाइसेंसिंग पालिसी' के तहत जो अब तक अप्राप्त रहा उसे पाने के लिए इन निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी मौका दिया जाना शुरू हो चुका है। 2016 में सिंगल हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन एंड लाइसेंसिंग पालिसी (HELP) लागू कर पहले से स्थिति को आसान किया गया है। आज सुनने में विचित्र लग सकता है,

तो तेल के साथ निकलने वाली गैस भले हवा में उड़कर व्यर्थ नष्ट हो जाए पर ठेके की शर्त से बंधी कंपनी उसको स्टोर नहीं कर सकती थी, लेकिन अब नई नीति के अंतर्गत कुएं से प्राप्त होने वाली हर उपयोगी चीज देश हित में कंपनी स्टोर कर सकती है। इतना भर नहीं, अब ओपन एरिया लाइसेंसिंग पालिसी (OALP) के अंतर्गत कोई कंपनी तेल को खोज निकालने के काम के प्रस्ताव को भी लेकर आ सकती है।

जबकि पहले सरकार के पास ही ये अधिकार सुरक्षित थे और जो कि अपनी सुस्त गति से चलने के लिए अभिशिप्त थे। पहले डीआरडीओ, कोस्ट गार्ड और इसरो जैसे संगठनों ने बहुत बड़े क्षेत्र को सामरिक दृष्टि से प्रतिबंधित कर रखा था, लेकिन अब सरकार ने इन क्षेत्रों को ऑइल एक्स्प्लॉरैशन के लिए खोल दिया है, साथ ही एक्स्ट्रैक्शन (निकालने) के लिए भी। खबर है, शेवेरॉन, एक्सोन मोबिल, फ्रांस की टोटल एनेरजीस जैसी ऑइल एक्स्प्लॉरैशन कंपनियों ने भारत से संपर्क करना शुरू भी कर दिया है। बताया जाता है, अंडमान में जिस तेल भंडार का पता चला है, अगर उसकी पूरी क्षमता का उपयोग किया जाए, तो उससे हमारी अगले 70 साल की कुल जरूरत संभव हो सकेगी। अंडमान में सालों से एक गैस-ज्वालामुखी स्थल है और जो वहां घूमने जाता है, वो यहां भी आता है, लेकिन हम तेल आयात करते रहे, इस ओर ध्यान ही नहीं दिया गया। कृष्ण-गोदावरी बेसिन में 20 साल पहले तेल मिल चुका था, अब उसको निकालने की दिशा में आगे बढ़ा जा रहा। बॉम्बे हाई पर रिलायंस रिग 40-50 प्रतिशत की क्षमता पर काम कर रही थी। अब उसको कहा गया है, यह अधिकतम स्तर तक ले जाया जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अंतरिक्ष की नई उड़ान:एक्सिओम-4 से भारत की वैश्विक पहचान

41 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद जब भारत का कोई प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर रवाना हुआ, तो यह महज एक मिशन नहीं था, बल्कि भारत के अंतरिक्ष विज्ञान, वैश्विक कूटनीति और वैज्ञानिक प्रतिष्ठा का पुनर्जन्म था। एक्सिओम-4 मिशन में भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ल की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब अंतरिक्ष की दौड़ में सिर्फ एक सहभागी नहीं, बल्कि एक संभावित नेतृत्वकर्ता के रूप में देखा जा रहा है। इस मिशन के माध्यम से भारत ने एक साथ कई स्तरों पर उपलब्धियां प्राप्त कीं। सबसे पहले, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बात करें, तो भारत ने इस मिशन के तहत सात प्रमुख वैज्ञानिक प्रयोग अंतरिक्ष में भेजे। ये सभी प्रयोग सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण पर आधारित थे और इनका उद्देश्य जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझना था।



**लेखिका : प्रियंका सौरभ**
कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार

मेथी और मूंग जैसे बीजों पर किया गया अध्ययन भारतीय कृषि तकनीकों की विशिष्टता को अंतरिक्ष तक ले गया। इससे यह प्रमाणित होता है कि भारत की पारंपरिक खेती भी वैज्ञानिक शोध के लिए प्रासंगिक और आधुनिक है। इसके अतिरिक्त, सूक्ष्मजीवों, माइक्रोएल्गी और मांसपेशियों के पुनरुत्पादन पर आधारित प्रयोगों ने दीर्घकालिक अंतरिक्ष यात्रा में जीवन समर्थन प्रणालियों के विकास में भारत की उपयोगिता को सिद्ध किया। इससे स्पष्ट है कि भारत केवल अंतरिक्ष में मौजूदगी दर्ज कराने नहीं, बल्कि उसमें नवाचार और अनुसंधान के स्तर पर योगदान देने आया है। शुभांशु शुक्ल का स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन यान को सफलतापूर्वक डॉक करना और अंतरिक्ष में आपातकालीन स्थितियों का प्रशिक्षण प्राप्त करना, आने वाले गगनयान मिशन के लिए अमूल्य अनुभव है।

यह भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए एक मजबूत बुनियाद का कार्य करेगा। एक्सिओम-4 ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब व्यावसायिक अंतरिक्ष उड़ानों में भी प्रवेश कर चुका है। एक्सिओम-4 स्पेस और भारतीय स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस के बीच हुआ समझौता दर्शाता है कि भारत अब केवल सरकारी संसाधनों पर निर्भर नहीं रहना चाहता, बल्कि निजी क्षेत्र के सहयोग से सस्ते और नवीन समाधान विकसित करने की दिशा में अग्रसर है। यह भारतीय अंतरिक्ष नीति की आत्मनिर्भरता और स्टार्टअप संस्कृति की सफलता की कहानी है।



रणनीतिक दृष्टि से देखें तो एक्सिओम-4 भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते सहयोग का प्रतीक है, विशेषकर आईसीईटी और आर्टेमिस समझौते जैसी व्यवस्थाओं के अंतर्गत। भारत ने इस मिशन के जरिए न केवल अमेरिका, बल्कि वैश्विक दक्षिण-उत्तर सहयोग की भावना को भी मजबूती दी। इस मिशन में भारत के साथ पोलैंड और हंगरी जैसे देशों के अंतरिक्ष यात्री भी शामिल थे। यह वैश्विक समावेशिता और साझेदारी का प्रतीक था।

यह मिशन भारत की 'सॉफ्ट पावर' को भी बढ़ावा देता है। जब दुनिया के समाचार चैनलों पर भारत का नाम मानव अंतरिक्ष यात्रा के साथ जोड़ा गया, तो यह सिर्फ तकनीकी नहीं, कूटनीतिक जीत भी थी। भारत ने यह दिखा दिया कि वह केवल उपग्रह भेजने वाला देश नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में मानव भेजने और सहयोग करने वाला देश बन चुका है। स्काईरूट और अग्निकुल कॉसमॉस जैसी कंपनियां अब वैश्विक सहयोग की दिशा में अपने कदम बढ़ा रही हैं। यह भारत के लिए निवेश, तकनीकी सहयोग और वैज्ञानिक नवाचार के नए द्वार खोलने वाला साबित हो सकता है। इसके अतिरिक्त, इस मिशन ने भारत को गगनयान के लिए आवश्यक अनुभव प्रदान किया है। एक्सिओम-4 को विशेषज्ञों ने 'बीमा नीति' की संज्ञा दी है, जिसका तात्पर्य है कि इस मिशन से भारत को उन जोखिमों को समझने और नियंत्रित करने का अवसर मिला जो गगनयान जैसे जटिल मिशनों में सामने आ सकते हैं। साथ ही, यह अनुभव भारत के भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशन 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' के निर्माण की दिशा में भी सहायक होगा। अंततः एक्सिओम-4 केवल एक उड़ान नहीं थी, यह भारत की वैज्ञानिक प्रतिष्ठा, वैश्विक सहभागिता और भविष्य की अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की संभावनाओं की घोषणा थी। भारत अब अंतरिक्ष की दौड़ में पीछे नहीं, बल्कि अगली पंक्ति में खड़ा है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# गासियां खड्ड में फिर होने लगा जलभराव

## पाड़छु पुल का मलबा उठाने के बजाए वहीं आसपास किया जा रहा है डंप, प्रशासन बना मूक दर्शक

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**



गासियां खड्ड में जलभराव से लोगों को सताने लगा डर।

सरकाघाट। सरकाघाट और धर्मपुर उपमंडल की सीमा पर गासियां खड्ड पर निर्माणाधीन पुल 23 जून को ढह गया था और उसके बाद प्रशासन और मौर्थ विभाग के अधिकारी कुछ सक्रिय हुए थे और गत रोज मंडी में समीक्षा बैठक भी की गई, जिसमें धर्मपुर व सरकाघाट के विधायक भी शामिल हुए। लेकिन मीटिंग में घरों की सुरक्षा, नालियों, कलवर्ट इत्यादि के कार्य को सितंबर माह तक पूरा करने के लिए कंपनी को कहा गया जो सही फैसला नहीं है।

पांच दिन पहले हुई बारिश से गासियां खड्ड में पानी जमा हो गया था, जिससे गासियां माता मंदिर और मोक्षधाम डूब गया था और खड्ड में डाली गई सैकड़ों टन मलबा बहने से धर्मपुर तक खतरा पैदा हो गया था। हिमाचल किसान सभा ने तुरंत मलबा उठाने की मांग को लेकर 25 जून को वहां पर प्रदर्शन किया था और अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मंडी डॉ. मदन कुमार को मांगपत्र सौंपा था। इसके चलते उन्होंने 24 घंटे में खड्ड के रुके पानी की निकासी सुनिश्चित करने और एक सप्ताह में सारा मलबा उठाने के निर्देश कंपनी और मौर्थ विभाग के अधिकारियों को दिए थे। कंपनी ने बीच में से मिट्टी काटकर छोटी खाई निकाल करके पानी की निकासी सुनिश्चित करने का कार्य किया है, लेकिन गत शाम से हो रही बारिश से दोनों तरफ की कच्ची मिट्टी गिरने से पानी की निकासी फिर से रुक गई है। इसके अलावा कंपनी ने सारी मिट्टी और मलबा वहां से उठाकर सौ मीटर निचली ओर खड्ड किनारे फेंका जा रहा है, जो पानी से नीचे की ओर ही बह रहा है।

हिमाचल किसान सभा के खंड अध्यक्ष रणताज राणा व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने इस बारे पहले ही प्रशासन को आगाह किया है कि कंपनी ने खड्ड में जो अवैध डंपिंग की है उसे वहां से उठा कर ऐसी जगह फेंका जाए। मलबा खड्ड किनारे ही फेंका जा रहा है और प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है।

भूपेंद्र ने कहा कि 4 जून को कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस थाना सरकाघाट में एक दर्जन लोगों ने शिकायत पत्र दिया था, लेकिन पुलिस ने कंपनी पर अभी तक भी एफआईआर दर्ज नहीं की है, जिससे ये बात तो साफ हो गई है कि कंपनी के इस अवैध निर्माण कार्य को यहां के विधायक व प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है।

# बस रूट में फेरबदल से ग्रामीणों में गुस्सा

## पहले से निर्धारित समयानुसार सीधी बस सेवा मियोट तक चलाने की मांग

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**



मियोट रूट में बदलाव के विरोध में छोटी झरवाड़ की महिलाएं व ग्रामीण।

बरोट। मंडी से बरोट होते हुए मियोट जाने वाले बस रूट को वाया ग्रामण-थल्टूखोड़ भेजे जाने से खलैहल पंचायत के लोगों में गहरा रोष है। पंचायत क्षेत्र के चार गांव—मियोट, खलैहल, छोटी झरवाड़ व बड़ी झरवाड़ के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पथ परिवहन निगम ने ग्रामीणों की सुविधा की अनदेखी करते हुए यह बस रूट बार-बार बदल दिया है।

इससे न केवल लोगों को देर रात बस ठहराव तक पहुंचना पड़ता है, बल्कि कभी-कभी एक-एक सप्ताह तक बस आती ही नहीं। महिला मंडल छोटी झरवाड़ की सदस्य गुड्डी देवी, सावित्री देवी, चंद्री देवी, सपना, साजी देवी, चंद्रमणी, रुमा, लता, सकीना व अन्य ग्रामीणों महेश्वर, तारा चंद, विजय, पवन, सुंदर सिंह आदि ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। उनका कहना है कि इस रूट में एक ही बस है और वह भी खटारा हालत में भेजी जाती है, जो अक्सर बीच रास्ते में खराब हो जाती है। गांववासियों की मांग है कि इस रूट पर पहले से निर्धारित समयानुसार सीधी बस सेवा मियोट तक दी जाए। पंचायत प्रधान भागमल व उपप्रधान जाया सिंह ने बताया कि वे इस विषय में कई बार परिवहन निगम के अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से मिल चुके हैं, मगर कोई ठोस समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मांग पूरी नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री देव मांहूनाग चुनाहन मेला 2 जुलाई को

**आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** हर वर्ष की भांति इस बार भी श्री देव मांहूनाग चुनाहन का मेला 2 जुलाई को बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। मेले में क्षेत्र के दो दर्जन देवी-देवता शिरकत करेंगे। देव मिलन की रस्म मेले का मुख्य आकर्षण होगी। इसके अलावा देवी देवताओं के देवलुओं की बजयंत्री प्रतियोगिता, महिला मंडलों की मटका फोड़ तथा बच्चों की जलेबी दौड़ प्रतियोगिता सहित मेले में आयोजित की जाने वाली खेल प्रतियोगिता भी दर्शकों का मनोरंजन करेगी। हिमाचल राज्य को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक लाल सिंह कौशल मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। स्थानीय मंदिर कमेटी ने मेले की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। मंदिर कमेटी के प्रधान रमेश यादव व महासचिव मस्तराम ने क्षेत्र की जनता से मेले में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की है। कमेटी के प्रधान रमेश यादव ने बताया कि सोमवार 30 जून को श्री देव मांहूनाग देहरा से मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे जहां पूजा अर्चना कर जाग का आयोजन किया जाएगा 1 जुलाई को मंदिर में विशाल जागरण का आयोजन होगा तथा 2 जुलाई को विधिवत रूप से मेले का आयोजन किया जाएगा।

### सरकार पर दलित विरोधी रवैए का आरोप

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** आम आदमी पार्टी विधानसभा सरकाघाट के प्रवक्ता अश्वनी शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सुक्खू सरकार हिमाचल के दलित वर्ग के साथ बहुत बड़ा धोखा करने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम को बंद करने की योजना बना रही है, जो दलित वर्ग के लिए संचालित कई कल्याणकारी योजनाएं जैसे शिक्षा ऋण, वजीफा, प्रशिक्षण और हस्तशिल्प योजना के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा भरमौर, जुब्बल, देहरा व सरकाघाट के सहायक प्रबंधक कार्यालय बंद किए जा रहे हैं, जबकि 12 जिलों में से 6 जिलों में जिला प्रबंधक के पद समाप्त किए जा रहे हैं। अब एक जिला प्रबंधक दो जिलों का कामकाज संभालेगा, जिससे 50 पद एक साथ खत्म हो जाएंगे और 10 लाख से अधिक एससी-एसटी वर्ग के लोग प्रभावित होंगे। 'आप' प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि 14 मई 2025 को सरकारी अधिकारियों की बैठक में निगम को कमजोर करने की योजना पर चर्चा हुई, लेकिन गैर-सरकारी सदस्य बोर्ड का गठन तक नहीं किया गया। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि कार्यालय और योजनाएं बंद की गईं तो प्रदेशव्यापी विरोध किया जाएगा।

### बरोट पंचायत में स्वच्छता अभियान जारी

**अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी की बरोट पंचायत में स्वच्छता को लेकर गांववासी व युवक मंडल ढरांगण पूरी तरह से सक्रिय हैं। रविवार को युवक मंडल ढरांगण ने गांव के आसपास फैले कूड़े-कचरे को एकत्रित कर पंचायत घर में जमा किया और गंदगी न फैलाने की चेतावनी भी दी। होम स्टे, गेस्ट हाउस व कैंप संचालकों को भी स्वच्छता बनाए रखने की हिदायत दी गई। युवक मंडल ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति भविष्य में गंदगी फैलाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्य के लिए बीडीसी सदस्य कृष्ण कुमार व पंचायत प्रधान डॉ. रमेश ठाकुर ने युवक मंडल की सराहना की। अभियान में युवक मंडल प्रधान राजेन्द्र कुमार, उपप्रधान गोपाल सिंह सहित बीस सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रेस क्लब कोटली के अध्यक्ष बने वासुदेव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रेस क्लब कोटली का शुभारंभ रविवार को समाजसेवी राजेश कपूर के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने क्लब के सभी सदस्यों को बधाई दी और पत्रकारिता के क्षेत्र में सकारात्मक योगदान की उम्मीद जताई। कार्यक्रम के दौरान सर्वसम्मति से वासुदेव को अध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार को उपाध्यक्ष, हंसराज को सचिव, विजय कुमार को सह सचिव तथा चंपा देवी को कोषाध्यक्ष चुना गया। शुभारंभ के उपरांत प्रेस क्लब कोटली की एक महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष वासुदेव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सचिव हंसराज, कोषाध्यक्ष चंपा देवी, सह सचिव विजय कुमार, सुरेंद्र कुमार, डिंपल शर्मा, खेमचंद शास्त्री सहित कई पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। प्रेस क्लब को सोसायटी एक्ट 2006 के तहत पंजीकृत कर स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक कोटली में खाता खोलने का निर्णय लिया गया। यह खाता अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षरों से संचालित होगा। वरिष्ठ पत्रकार खेमचंद शास्त्री को क्लब का मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। इसके अलावा प्रेस क्लब को मंडी प्रेस क्लब से संबद्ध करने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रेस क्लब के लिए भवन की व्यवस्था के लिए एसडीएम कोटली को आवेदन देने का निर्णय भी लिया गया। यह जानकारी भी साझा की गई कि ग्राम पंचायत कोटली में नया भवन बन चुका है और पुराने पंचायत भवन को प्रेस क्लब भवन के रूप में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### बलवीर ठाकुर ने 26 मतों से की जीत हासिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्रंग- 1 की कमान बलवीर ठाकुर को मिल गई। रविवार को राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्रंग- 1 के चुनाव प्रवेक्षक कपिल राव, करतार मानिये व अन्य की देखरेख में हुए। अध्यक्ष पद के लिए बलवीर ठाकुर व बलदेव के मध्य चुनाव हुए, जिसमें बलवीर ठाकुर ने 26 मतों से जीत हासिल की। बलवीर ठाकुर को 91 जबकि बलदेव 65 मत मिले। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कटोच, महासचिव सुरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष सोहन सिंह सकलानी, मुख्य सलाहकार राजवीर चुना गया। महिला विंग में अंजना ठाकुर अध्यक्ष जबकि महासचिव विरेंद्र ठाकुर को संघ की कमान सौंपी। इस चुनाव प्रक्रिया में खंड के 156 शिक्षकों ने अपने मत का प्रयोग किया।

### प्राथमिक शिक्षा खंड के अध्यक्ष बने अभिजीत

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर प्राथमिक शिक्षा खंड दो के त्रैवार्षिक चुनाव सज्योपिपलु में संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार थे, जिनमें मुकाबला जिसमें अभिजीत सकलानी को 40 मत व उनके प्रतिद्वंदी को 30 मत जिसमें अभिजीत सकलानी को विजयी घोषित किया गया। इस मौके पर उन्होंने अपना कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण पठानिया, महासचिव महेश पठानिया, कोषाध्यक्ष सतपाल महिला विंग की अध्यक्षता संतोष कुमारी, मुख्य सलाहकार केंद्रीय मुख्य शिक्षक को बनाया गया।

### हरेंद्र ठाकुर को मिली बल्ह की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** प्राथमिक शिक्षक संघ खंड बल्ह के त्रैवार्षिक चुनाव होटल हिमगिरि में जिला प्राथमिक शिक्षक संघ मंडी से नियुक्त पर्यवेक्षकों के समक्ष पूर्ण हुई जिसमें हरेंद्र ठाकुर राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढांगू को दूसरी बार प्राथमिक शिक्षक संघ खंड बल्ह का अध्यक्ष चुना गया। कुल 120 मतों में से हरेंद्र ठाकुर को 85 मत मिले तथा विपक्षी उम्मीदवार जितेंद्र ठाकुर राजकीय प्राथमिक पाठशाला घासणू को 35 मत प्राप्त हुए इस नवनिर्मित कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष यादविंदर यादव, महासचिव चंद्र मोहन सकलानी, कोषाध्यक्ष परम देव, महालेखाकार खेम सिंह यादव को चुना गया। कार्यकारिणी के महिला अनुभाग में इंदिरा ठाकुर को अध्यक्षा, राज गुलेरिया को महासचिव एवं चंद्रेश शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया कार्यकारिणी के विस्तार के लिए खंड कार्यकारिणी को अधिकृत किया गया।

# भूस्खलन से पीडब्ल्यूडी डिवीजन धर्मपुर की 25 सड़कें क्षतिग्रस्त

## मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, रविवार दोपहर तक कुछ सड़कों में आवाजाही शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल में शनिवार रात्रि से हो रही मूसलाधार बारिश ने जन जीवन अस्त व्यस्त कर डाला है। बनाल, बरोटी, चलाल, कमलाह, चंबानौण, मढ़ी, कोटुआं, स्योह आदि स्थानों पर भूस्खलन से सामान्य जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है जबकि बारिश से हुए भारी भूस्खलन के कारण पीडब्ल्यूडी डिवीजन धर्मपुर की करीब पच्चीस सड़कों को नुकसान पहुंचा है।

इन सड़कों में से अधिकांश को दोपहर तक वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है, जबकि कुछ सड़कों के रविवार देर शाम तक बहाल होने की उम्मीद जताई जा रही है, लेकिन लगातार हो रही बारिश से राहत कार्यों में अड़चन आ रही है। रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग हमीरपुर मंडी वाया धर्मपुर के चलाल, सरोहली और बनाल के पास बंद रहने से वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

रियूर के पास भू-स्खलन से बुरी तरह क्षतिग्रस्त राजमार्ग को बहाल करने के लिए कंपनी की मशीनें देर शाम तक लगी रहीं जबकि यातायात को सरोहली बरोटी वाया तड़ा भेजा गया। इसी सड़क पर चलाल डीडगु बरोटी सड़क बारल स्कूल के पास चट्टानें गिरने से बंद रही जिससे बारल तक मंडप सड़क भी अवरुद्ध रही। मढ़ी टीहरा कमलाह संधोल सड़क चंबानौण के पास खड्ड का रूप धारण कर लिया है दर्जनों वाहन दोनों और फंस गए हैं।



मूसलाधार बारिश से विभाग को करीब एक करोड़ 67 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। लोनिवि मंडल धर्मपुर के अंतर्गत आने वाली 25 सड़कें अवरुद्ध हुई थी जिनमें से अधिकांश को दोपहर तक खोल दिया गया था जबकि लगातार हो रही बारिश से कुछ सड़कें देर शाम तक बहाल होने की संभावना है।
-अनिल शर्मा, अधिशाषी अभियंता, लोनिवि मंडल धर्मपुर।

### खतरे से चौतरफा घिरा गंतरैलु गांव

उपमंडल मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूर सरकाघाट-जोगिंदनगर सड़क किनारे बसा गांव गंतरैलु कहने को तो बिजली, पानी और सड़क सुविधा से जुड़ा हुआ है लेकिन बरसात के मौसम में यही गांव क्षेत्र का सबसे असुरक्षित गांव बन जाता है। पंचायत प्रधान उमेश ललित का कहना है कि गंतरैलु गांव वास्तव में एक दलित बस्ती है जहां मझुआरे लोग रहते हैं। बरसात के मौसम में यह गांव नदी नालों से घिर जाने के कारण असुरक्षित हो जाता है।

बरसात से होने वाली आपदा के मद्देनजर बचाव कार्य हेतु इंतजाम किए गए हैं। कुछ स्थानों पर भूस्खलन के कारण ढंगे गिरने से रिहायशी मकानों को खतरा उत्पन्न होने की सूचना है, ऐसे परिवारों को तिरपाल इत्यादि भेज दिए गए हैं। विभागों के साथ साथ पंचायतों से समन्वय स्थापित कर सतर्क रहने को कहा गया है।
-जोगेंद्र पटियाल, एसडीएम धर्मपुर।

# मानसिक तनाव का मुख्य कारण नशाः एनआर ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**टिहरा में नशा मुक्ति प्रशिक्षण कार्यशाला का दूसरा दिन**

टिहरा लोक निर्माण विश्राम गृह में नशा मुक्ति प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर व हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर ने बतौर स्रोत व्यक्ति भाग लिया। एनआर ठाकुर ने इस मौके पर जानकारी दी कि वर्तमान में नब्बे प्रतिशत बीमारियां नशे के कारण हो रही हैं। इसलिए हमें सभी लोगों के मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के तौर तरीकों पर जागरूकता पैदा करने के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति मानसिक तौर पर स्वस्थ होते हैं वे ही सामाजिक, शारीरिक और आधात्मिक तौर पर स्वस्थ हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि नशे की रोकथाम के लिए हमें युवाओं को अपराधी के रूप में देखने की प्रवृति बदलनी होगी और उनके साथ संवाद बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा है कि हमें स्कूल, कॉलेज में पढ़ने वाले युवाओं के साथ डायलॉग करने के लिए अलग अलग तरीके अपनाने होंगे। इसके लिए अभिभावकों को अपनी सोच के साथ नहीं बल्कि जिस युग व माहौल में उनका बच्चा रह रहा है उसी के हिसाब से उनके साथ डील करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जो युवा चिट्टा व सिंथेटिक नशा करता है वो आठ दस साल ही जिंदगी जी सकता है और उससे उसी का ही नहीं बल्कि पूरा परिवार और समाज तबाह हो जाता है। रवि भूषण ने कहा कि नशा एक मनोवैज्ञानिक डिसऑर्डर होता है।

# वॉलीबाल प्रतियोगिता में डीएवी मनाली की टीम विजेता, मंडी बना उपविजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**डीएवी स्कूल मंडी में क्लस्टर स्तरीय खेल स्पर्धा शुरू**

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के खेल मैदान आज जोश, उमंग और उत्साह से भर गए जब बहुप्रतीक्षित क्लस्टर स्तरीय डीएवी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन वॉलीबॉल और फुटबॉल के रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को तालियों और जयघोष से झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर डीएवी गोहर के प्रधानाचार्य चंद्रेश्वर व डीएवी कटराई की प्रधानाचार्या चंद्रिका मल्होत्रा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहीं। वॉलीबाल प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर-17 बालक वर्ग में डीएवी मनाली की टीम विजेता रही, जबकि दोनों वर्गों में डीएवी मंडी उपविजेता बना। अंडर-19 बालिका वर्ग में डीएवी मंडी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं डीएवी मनाली उपविजेता रहा। अंडर-19 बालक वर्ग में एक बार फिर डीएवी मनाली विजेता रहा और डीएवी मंडी को उपविजेता का स्थान प्राप्त हुआ।

फुटबॉल प्रतियोगिता में भी शानदार मुकाबले देखने को मिले। अंडर-14 और अंडर-17 बालक वर्ग में डीएवी मंडी की टीमों ने जीत दर्ज की, जबकि दोनों वर्गों में डीएवी कुल्लू की टीमें उपविजेता रहीं। अंडर-19 बालक वर्ग में डीएवी सुंदरनगर की टीम विजेता रही और डीएवी कुल्लू को उपविजेता स्थान प्राप्त हुआ। इस भव्य उद्घाटन समारोह ने टूर्नामेंट के आगामी मुकाबलों के लिए उत्साहजनक शुरुआत दी है।

# अपनत्व सेवा समिति का स्थापना दिवस समारोह संपन्न, केके सकलानी ने की मुख्यातिथि शिरकत

## समिति के पास हैं 150 से अधिक नियमित डोनरः हरीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए केके सकलानी मुख्यातिथि।

समाजसेवी संस्था अपनत्व सेवा समिति ने रविवार को अपने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में केके सकलानी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ अन्नपूर्णा मंदिर लदरुही के मठाधीश श्री 1008 राममोहन दास रामायणी, जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज के निदेशक राकेश धरवाल, डीसी कटोच और नगर के अन्य प्रमुख समाजसेवी व गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

समिति के प्रधान हरीश बहल ने स्वागत भाषण में समिति की अब तक की गतिविधियों और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। हरीश बहल ने बताया कि समिति से आज 200 से 300 सदस्य जुड़े हुए हैं, जिनमें 150 से अधिक नियमित डोनर हैं। समिति ने बीते वर्षों में एक शव वाहन नगर को समर्पित किया था। इसके साथ ही समिति द्वारा ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भी कम लागत पर जरूरतमंदों को किराए पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। समिति की आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए हरीश बहल ने बताया कि सितंबर 2022 से मई 2025 तक समिति की कुल आय 16,17,452 रुपए रही, जिसमें से विभिन्न सेवाओं पर व्यय के उपरांत समिति के पास वर्तमान में 4,47,668 रुपए की राशि शेष है।

इस अवसर पर समिति के सक्रिय सदस्य हरीश बहल, विनोद शर्मा, रूपेश सैनी, रमन बहल, राजीव बहल, राजेश शर्मा, भास्कर गुप्ता, नागपाल डोहरू, अक्षय सूद, रणजीत, तिलक राज बहल, दीपक, सुमित सूद, अजय धरवाल सहित दर्जनों अन्य सदस्य एवं दानदाता उपस्थित रहे। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा सभी सहयोगी सदस्यों व दानदाताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### 50,000 रुपए राशि देने की घोषणा की

मुख्यातिथि केके सकलानी ने समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसे समाजसेवा की सच्ची मिसाल बताया। उन्होंने समिति को 50,000 रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को भी 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि भेंट की।

# देव अजियापाल की विशेष यात्रा शुरू

## देवता नलहौता गांस से अपने मूल स्थल पलाचक के लिए हुए रवाना

**अनंत ज्ञान, बरोट**



नलहौता से मूल स्थल पलाचक की ओर रवाना होते देव अजियापाल व देवलू।

छोटाभंगाल घाटी के आराध्य देव अजियापाल की सालाना यात्रा रविवार को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शुरू हुई। हर वर्ष की भांति इस बार भी देवता नलहौता गांव में अस्थायी तौर पर स्थापित मंदिर से अपने मूल स्थल पलाचक के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पहले मंदिर प्रांगण में मुख्य गुर पहाड़ चंद व अन्य सहयोगी गुरों द्वारा देव खेल आयोजित किया गया।

इसके पश्चात देवता चिका रा खल (राजगुंधा), डूमान और चंगी चलियार स्थित छोटे मंदिरों में भी रुके जहां पूजा-अर्चना के साथ देव खेल हुए। देव यात्रा के दौरान देव अजियापाल की माता के मंदिर, पलाचक में स्थित वनराजा व जोगणियों के स्थानों पर विशेष पूजा संपन्न हुई। 30 जून की सुबह पलाचक में मुख्य गुर द्वारा विशेष पूजा की गई। इसके उपरांत घंटों तक देव खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न देवी-देवताओं की उपस्थिति भी रही। वापसी में फिर से डूमान, चंगी चलियार, चिका रा खल व बड़ाग्रां में पूजा और देव खेल का आयोजन हुआ। नलहौता लौटकर देवता विधि विधान से अपने भंडार में विराजमान हुए। इस धार्मिक यात्रा में देव अजियापाल कमेटी के प्रधान सुरजीत सिंह, मुख्य गुर पहाड़ चंद, सहयोगी गुर संतोष कुमार, सुखराम, सूरत राम, माता बढ़धारनी के गुर दुष्यंत ठाकुर, पुजारी मेघराज सहित लगभग 20 देवलू व श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान आस्था और उत्साह की अनूठी छटा देखने को मिली।

# दंगल टीवी के नए शो में मंडी के गगन प्रदीप निभाएंगे विधायक मदनमोहन का किरदार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**दंगल टीवी पर शुरू हो रहा है कहानी पहले प्यार की**



प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी के नाम से मशहूर मंडी शहर के कलाकार आज भी अपनी प्रतिभा की चमक मायानगरी मुंबई में बिखेर रहे हैं। ऐसे कलाकार हैं गगन प्रदीप शर्मा जो बीते दिनों अपनी फिल्म द रेबिटस हाउस से खूब नाम कमा चुके हैं। अपनी अभिनय यात्रा को जारी रखते हुए नए शो कहानी पहले प्यार की में काम कर रहे हैं, जो 30 जून सोमवार से दंगल टीवी पर आने वाला है। कहानी पहले प्यार की में गगन प्रदीप विधायक मदन मोहन त्रिपाठी का किरदार निभा रहे है, जो एक आक्रामक और दबंग नेता हैं, लेकिन अपने परिवार के लिए बहुत प्यार करने वाला है। गगन प्रदीप इस शो में संजू के पिता की भूमिका निभा रहे हैं जो राजनीतिक परिवार होने के बावजूद परिवार की खुशी के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। गगन प्रदीप ने बताया कि इस शो की कहानी में रोमांस, ड्रामा और भावनाओं का समावेश होने के साथ यह शो दर्शकों को आकर्षित करेगा। दंगल टीवी पर दर्शकों का प्यार और समर्थन मिलने की उम्मीद है। सिने मेकर मीडिया प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले दंगल टीवी पर 30 जून से रात दस बजे शुरू होने वाले इस सीरियल को सप्ताह में सोमवार से शनिवार तक देख जा सकता है। इसकी कहानी भावना व्यास ने लिखी है, निर्देशन प्रभात और क्रियेटिव डायरेक्टर पवनदीप कौर हैं। यह कहानी संजू और नेहा के प्यार पर आधारित है, जिसमें संजू के रोल में विशाल और नेहा की भूमिका ब्रिंदा निभा रही है। रोमांस, ड्रामा और भावनाओं से भरपूर इस कहानी में सभी किरदार अपनी-अपनी भूमिका को बखूबी निभा रहे हैं। उम्मीद है दंगल टीवी पर प्रसारित होने वाले इस शो को दर्शक खूब पसंद करेंगे।

### भूस्खलन से दो घरों में मलबा घुसा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** ग्राम पंचायत हारगुनेन के अंतर्गत गांव नकेहड़ में देर रात भूस्खलन की घटना में दो घरों को नुकसान पहुंचा है। जानकारी के अनुसार रोशन लाल व किशन के मकानों में भारी मलबा घुस गया, जिससे घरों में रखा सारा सामान तहस-नहस हो गया। पीड़ित रोशन लाल ने बताया कि रात करीब एक बजे उन्हें एक जोरदार आवाज सुनाई दी। जब वह बाहर निकले तो देखा कि पूरा घर मलबे से भर चुका है। गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। रोशन लाल व उनका परिवार गांववालों की मदद से पड़ोसी के घर में सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांववासियों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। हालांकि, प्रशासन की ओर से अब तक कोई मदद नहीं पहुंची है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से शीघ्र राहत और पुनर्वास की मांग की है।

**पुनर्निर्माण** | सुक्खू सरकार की उदार सहायता व त्वरित राहत से पुनः बसे बारिश में उजड़े आशियाने

# पटरी पर लौटी प्राकृतिक आपदा से प्रभावितों की जिंदगी

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

मंडी। दो वर्ष पूर्व बरसात के मौसम में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावितों की जिंदगी फिर से पटरी पर लौटने लगी है। वर्ष 2023 में प्रदेश भर में भारी बारिश से तबाही हुई। तेज बारिश व भूस्खलन से मंडी जिला के जोगिंद्रनगर उपमंडल में भी 23 मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए।

इन परिवारों के सामने सिर छुपाने के लिए एक अदद छत का संकट खड़ा हो गया, लेकिन सुक्खू सरकार की त्वरित कार्रवाई, मानवीय दृष्टिकोण और विशेष आर्थिक पैकेज ने प्रभावित परिवारों के उजड़े आशियाने फिर से बसाने में सार्थक भूमिका निभाई है। सीएम सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में राज्य सरकार ने राहत मैनुअल में व्यापक बदलाव लाते हुए विभिन्न मदों में राहत राशि में 25 गुना तक की बढ़ोतरी की। इसी का परिणाम रहा कि प्रत्येक प्रभावित परिवार को मकान पुनर्निर्माण के लिए 7-7 लाख की विशेष आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्रभावितों ने बताया कि यदि यह सहायता समय पर नहीं मिलती, तो वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो जाते। उस आपदा के दौरान ग्राम पंचायत गुम्मा के गांव जगलोण के प्रभावित परिवार के सदस्य विनोद ने बताया कि आपदा में हमारा सब कुछ चला गया था। सरकार ने जो 7 लाख की मदद दी, उससे हम दोबारा घर बनाने में सक्षम हुए हैं। इन आपदा प्रभावितों को अक्टूबर, 2023 में पहले चरण में 3 लाख रुपए की राशि दी गई। दूसरे चरण में अगस्त, 2024 में 2.50 लाख की दूसरी किश्त विशेष आपदा राहत पैकेज तथा 1.30 लाख आपदा राहत कोष से मिली। अंतिम चरण में 20- 20 हजार रुपए की राशि लाभार्थियों को दी जा रही है।

जोगिंद्रनगर के एसडीएम मनीश चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष के विशेष पैकेज नियमावली से गृह पुनर्निर्माण को 7-7 लाख की स्वीकृति मिली, जिससे लोगों को नया जीवन मिल सका। अब तक उपमंडल में 23 घरों के लिए लगभग 154 लाख की राशि सरकार की तरफ से प्रभावित परिवारों को दी जा चुकी है।

### मैं ताउम्र नहीं भुला पाऊंगी मदद : नारदा

गुम्मा क्षेत्र की नारदा देवी ने बताया कि दो साल पहले हुई तबाही ने उनका आशियाना छीन लिया। कुछ दिन वे लोगों के घरों में रुकने को मजबूर हुए। प्रदेश सरकार की ओर से गृह निर्माण के लिए की गई मदद को मैं ताउम्र नहीं भुला पाऊंगी। इसके लिए सरकार का धन्यवाद करते हैं।




नवनिर्मित मकान के साथ खड़े मालिक।

### 7 लाख की मिली मदद : भूतड़ी देवी

प्रभावित महिला, भूतड़ी देवी ने कहा कि भारी बारिश से हमारा पूरा मकान गिर गया था, जिसके चलते हमें तंबू लगाकर रहना पड़ा। प्रदेश सरकार की ओर से मकान बनाने के लिए 7 लाख रुपए की मदद प्राप्त हुई। इसी से हमने नया घर बनाया तथा अब अपने घर में सुख से रह रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गगरेट में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, विद्युत उपमंडल गगरेट द्वारा जारी जानकारी के अनुसार 30 जून को आवश्यक कार्यों के चलते क्षेत्र की 11 केवी लाइनों पर विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। गगरेट के तहत आने वाले गगरेट, क्लोह, बड़ोह, टटेहड़ा, मवा सिंधिया, कुठेड़ा जसवाला, लोहारली, जाडला इत्यादि क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अतिरिक्त 11 केवी इंडस्ट्री-1 फीडर, एमआई फीडर, 11 केवी भरवाई, 11 केवी पॉलिटेक्निकल व 11 केवी दियोली फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र अंबोटा, दियोली, संघनेई, कालापंगा, बने दी हट्टी में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता ने बताया कि यह शटडाउन मौसम साफ रहने की स्थिति में ही किया जाएगा।

### लेक्चरर संघ ने डॉ. राजेश शर्मा को दी बधाई

**आशीष शर्मा, अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के राज्य प्रधान अजय नेगी मुख्य संरक्षक लोकेंद्र सिंह नेगी प्रदेश महासचिव इंदर सिंह ठाकुर प्रांतीय प्रेस सचिव राजन शर्मा लेक्चरर संघ के प्रदेश चेयरमैन सुरेंद्र पुंडीर कार्यकारी प्रधान दीप सिंह खन्ना विकास रतन वरुण लखनपाल, पूर्व जिला प्रधान एवं प्रिंसिपल विनोद बन्याल, राजीव कौशल, राजीव शर्मा, बिहारी लाल, संजीव सैनी, राजेश सैनी, ऊना जिला के प्रधान शशि सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम कुमार आदि ने डॉ. राजेश शर्मा को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई दी है। हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय प्रेस सचिव राजन शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में काफी समय से चेयरमैन का पद खाली था जिससे बोर्ड से संबंधित कई कार्यों को करवाने में असुविधा हो रही थी।

### हरोली क्षेत्र में लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

**अनंत ज्ञान, हरोली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वर्तमान सांसद अनुराग सिंह ठाकुर तथा प्रयास संस्था द्वारा संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत जून माह में हरोली क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 1777 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि 1278 लोगों के रक्त सैंपल लिए गए। इस अभियान में आशा वर्कर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। टीम में डॉ. प्रदीप कुमार, रुचि कपिला, मनीष कुमार एवं निहाल सिंह शामिल रहे, जिन्होंने घर-घर जाकर लोगों की दवा, जांच व उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाई। ग्रामीणों ने इस सेवाभावी पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य सेवा लोगों के लिए वरदान बनकर उभरी है। उन्होंने इस अतुलनीय सेवा को आगे भी इसी प्रकार जारी रखने की उम्मीद रखी कहा स्वास्थ्य सेवा से हर वर्ग के लोगों को घर द्वार पर ही मुफ्त इलाज मिल रहा है उन्होंने सांसद अनुराग ठाकुर का धन्यवाद भी किया।

### बंगाणा में निजी स्कूल बसों की होगी जांच

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के एसडीएम सोनू गोयल सोमवार को उपमंडल क्षेत्र के निजी स्कूलों की बसों का औचक निरीक्षण करेंगे। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और निजी स्कूलों द्वारा प्रयोग में लाई जा रही बसों की प्रशासनिक मानकों के अनुरूप जांच करना है। यदि किसी भी बस में अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो संबंधित स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी किया जाएगा। एसडीएम सोनू गोयल ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बंगाणा उपमंडल में वर्तमान में एक दर्जन से अधिक निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं। इनमें कई स्कूल ऐसे हैं जो दूर-दराज के क्षेत्रों से बच्चों को लाने-ले जाने के लिए बसों का प्रयोग करते हैं। पिछले कुछ समय से मिल रही शिकायतों और निरीक्षण के दौरान सामने आई खामियों को देखते हुए प्रशासन ने अब इन बसों की नियमित जांच करने का निर्णय लिया है।

### किसान मधुमक्खी प्रशिक्षण के लिए कुरुक्षेत्र रवाना

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने और शहद का व्यावसायिक उत्पादन बढ़ाने के मकसद से रविवार को जिला ऊना के 24 किसानों को एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र, रामनगर (कुरुक्षेत्र) में 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए हरी झंडी देकर रवाना किया गया। यह शिविर 30 जून से 04 जुलाई तक आयोजित होगा। बागवानी विभाग जिला ऊना के उप-निदेशक डॉ. केके भारद्वाज ने 24 किसानों के दल को सफल प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए किसानों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया की प्रशिक्षण शिविर का नेतृत्व बागवानी विभाग बंगाणा के बागवानी प्रसार अधिकारी मोहम्मद अरशद कर रहे हैं ।

### संतोषगढ़ में होगा डिजिटल मैपिंग सर्वे

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** नगर परिषद संतोषगढ़ में जुलाई माह के पहले हफ्ते से डिजिटल मैपिंग हाऊस टैक्स सर्वेक्षण का कार्य शुरू हो रहा है। नगर परिषद संतोषगढ़ की कार्यकारी अधिकारी वर्षा चौधरी ने बताया कि सरकारी संस्थान आर्यभट्ट भू सूचना विज्ञान और अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र हिमाचल प्रदेश के शहरी विकास विभाग के निर्देशानुसार संबंधित नगर पंचायतों, नगर परिषदों और नगर निगमों में डिजिटल सर्वेक्षण का कार्य कर रहा है। जिसके अंतर्गत कुछ समय पूर्व नगर परिषद संतोषगढ़ में ड्रोन के द्वारा सर्वे कर लिया गया है तथा अब इसी कढ़ी में घर-घर जाकर भी डिजिटल मैपिंग हाऊस टैक्स सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। संस्था द्वारा नगर परिषद संतोषगढ़ के प्रत्येक वार्ड से ही लोकल प्रतिनिधियों को नियुक्त करके सर्वेक्षण टीम तैयार की गई है और सर्वेक्षण टीम के प्रतिनिधि प्रत्येक घर में जाकर सर्वे फॉर्म में पूछी गई जानकारी के अनुसार घर के मालिक का नाम, पता और फोन नंबर इत्यादि जानकारी एकत्रित करेंगे तथा घर के मालिक के सामने घर के क्षेत्रफल को भी नापा जाएगा। कार्यकारी अधिकारी ने नगरवासियों से अपील की है कि वह उनके घर पर आई हुई सर्वेक्षण टीम की मदद करें और सर्वेक्षण टीम द्वारा पूछी जाने वाली जानकारी उनसे सांझा करें, ताकि इस सर्वेक्षण कार्य को सुगमता के साथ संपन्न किया जा सके।

### नामदेव समाज के अंजन केशव बने कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** नामदेव समाज महासभा हिमाचल प्रदेश की जिला ऊना की कार्यकारिणी का साधारण अधिवेशन व चुनाव का आयोजन देवी मंदिर अम्ब में किया गया। आज के अधिवेशन में नामदेव समाज महासभा हिमाचल प्रदेश की तरफ से कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अंजन केशव, महासचिव अनिल कुमार, उपाध्यक्ष चांद रानी, मस्त राम इंदौरिया, जिला कांगड़ा से बलदेव नामदेव प्रधान, कृष्ण कुमार, बीना कुमारी तथा जिला हमीरपुर से सतीश भारद्वाज प्रधान, कुन्दन राठौर सचिव ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से शुरू हुई तदोपरांत आए हुए सभी सदस्यों ने अपने श्रद्धा सुमन बाबा नामदेव के चरणों में अर्पित किए इसके पश्चात अनिल कुमार महासचिव ने मंच संचालन करते हुए वक्ताओं को स्टेज पर विचार रखने हेतु आमंत्रित किया इसके पश्चात् नई कमेटी के गठन हेतु चुनाव का कार्यक्रम शुरू किया गया। सर्वसम्मति से डा विजय सरपाल प्रधान, कैलाश चंद्र उपप्रधान, सुषमा देवी उप प्रधान, सतीष करीर लीगल एडवाइजर, विनोद कुमार सचिव, कृष्ण सरपाल कैशियर, कुशल कुमार प्रैस सचिव, कमल किशोर ऑर्गेनाइजिंग सचिव, शोभा रानी संयुक्त सचिव के पद पर चुने गए।

# खैर की लकड़ी सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों ने किए कई खुलासे, बड़ी मछलियां भी अवैध कटान में शामिल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की पंचायत अम्बेहड़ा धीरज के गांव अम्बेहड़ा क्षेत्र में शनिवार रात वन विभाग की विशेष टीम ने गश्त के दौरान कार्रवाई में अवैध खैर कटान का बड़ा मामला सामने आया है।

फॉरेस्ट विभाग के सतर्क अभियान में खैर की लकड़ी के दर्जनों मोच्छे के साथ तीन आरोपी गाड़ी सहित पकड़े गए। इस कार्रवाई ने न सिर्फ वन माफिया के नेटवर्क को उजागर किया है, बल्कि कई रसूखदार नाम भी संदेह के घेरे में आ गए हैं। पकड़े गए आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। सूत्रों के अनुसार तीनों आरोपी कई बार पहले भी इसी तरह की गतिविधियों में लिप्त रहे हैं। इन पर फॉरेस्ट विभाग ने पहले भी कार्रवाई की थी, लेकिन पुलिस जांच में लापरवाही के चलते ये बच निकलते थे। शनिवार को भी तीनों में से एक आरोपी को जोल पुलिस चौकी में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। मगर उसी रात अवैध कटान में लिप्त पाया गया। यह दर्शाता है कि वन माफिया न तो कानून से डरते हैं और न ही सख्ती से सुधार की उम्मीद रखते हैं।



### रामगढ़ धार की सरकारी भूमि पर हो रहा था अवैध कटान

**फॉरेस्ट** विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध कटाई सरकारी भूमि पर हो रही थी। खैर की बाजार में अच्छी कीमत मिलती है। इसी लालच में गिरोह बड़े स्तर पर खैर की अवैध कटाई में जुटे हुए हैं। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि इस अवैध धंधे में कई बड़े व्यापारी, बॉयलर मालिक और ट्रांसपोर्टर भी शामिल हो सकते हैं।

### जिले में फैली सनसनी फॉरेस्ट विभाग सतर्क

**जिला** फॉरेस्ट अधिकारी सुशील राणा ने बताया कि विभाग ने पूरी मुस्तैदी से कार्य करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि यह केवल शुरुआत है। अब बड़ी मछलियों तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं, जो इस पूरे अवैध नेटवर्क के पीछे हैं। विभाग अब बेहद सख्त रुख अपना चुका है ।

### लोगों में जगी उम्मीद

**अंबेहड़ा** और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में इस घटना के बाद लोगों में रोष व्याप्त है। कई ग्रामीणों ने बताया कि वे लंबे समय से इस अवैध कटान की गतिविधियों को देख रहे थे, लेकिन डर या सबूतों की कमी के कारण खुलकर कुछ नहीं कह पाए। अब जब विभाग ने कार्रवाई शुरू की है, तो लोग उम्मीद कर रहे हैं कि यह नेटवर्क पूरी तरह से उजागर होगा। फॉरेस्ट विभाग की इस कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब अवैध लकड़ी कटान करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### फॉरेस्ट गार्ड का हुआ तबादला, होगी जांच

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के थानाकलां क्षेत्र के गहरा जंगल में लंबे समय से चल रहे अवैध कटान मामले ने अब प्रशासनिक मोड़ ले लिया है। इस गंभीर मामले में स्थानीय फॉरेस्ट गार्ड सुशील कुमार की संदिग्ध भूमिका उजागर होने के बाद उन्हें थानाकलां से गगरेट चैक पोस्ट पर तबादला कर दिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएफओ सुशील राणा ने जांच के आदेश भी जारी किए हैं। रामगढ़ धार के रेंज ऑफिसर संदीप को इस जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

डीएफओ सुशील राणा ने स्पष्ट किया है कि अगर जांच में फॉरेस्ट गार्ड की भूमिका में अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग अब अवैध लकड़ी कटान जैसे मामलों को लेकर गंभीर रवैया अपना रहा है। स्थानीय जनता ने पहले ही फॉरेस्ट गार्ड की भूमिका पर सवाल उठाए थे। हालांकि, जांच पूरी होने तक फॉरेस्ट गार्ड सुशील कुमार को गगरेट चैक पोस्ट में ड्यूटी दे दी गई है, लेकिन उन पर विभागीय निगरानी बनी रहेगी। आगामी दिनों में जांच की रिपोर्ट सामने आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी।



गुप्त नवरात्र के चौथे दिन चिंतपूर्णी के दरबार में श्रद्धालुओं की लगी कतारें।

# गुप्त नवरात्र में महामाई के दरबार में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी में गुप्त नवरात्र के चौथे दिन रविवार को भी भारी संख्या में श्रद्धालु मां के दरबार में हाजिरी भरने के लिए पहुंचे। रविवार को भारी बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नजर नहीं आई। श्रद्धालु मां के जयकारे लगाते हुए लाइन में खड़े अपनी बारी का इंतजार करते रहे। श्रद्धालुओं को मां के दर्शन करने के लिए 2 से 3 घंटे का समय लाइन में खड़े रहना पड़ा। इसके बावजूद भी श्रद्धालुओं में मां के प्रति आस्था और उत्साह देखने को मिला।

गुप्त नवरात्रि 26 जून से शुरू हुए हैं और 4 जुलाई को समाप्त होंगे। इन नवरात्र में देवी दुर्गा की दस महाविद्याओं की पूजा की जाती है, जिनमें काली, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, माता छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, मां धूमावती, माता बगलामुखी, मातंगी और कमला देवी शामिल हैं।

मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं को बारिश से बचाने के पुख्ता प्रबंध न होने के कारण श्रद्धालुओं में रोष दिखा। श्रद्धालुओं का कहना था कि 10 साल पहले जैसे व्यवस्था थी दर्शन करने की, आज भी वही है। श्रद्धालुओं ने व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है।

# पंचायत व को-ऑपरेटिव घोटाले पर सभी जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई : संदीप

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

पंचायतों और कोऑपरेटिव सोसायटी में सामने आ रहे करोड़ों के घोटालों को लेकर ब्लॉक समिति अम्ब के उपाध्यक्ष व चिंतपूर्णी लोअर मंडल के सोशल मीडिया प्रभारी संदीप ठाकुर ने गंभीर चिंता जताते हुए बड़ा और सख्त बयान जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त किसी भी पंचायत प्रधान या कोऑपरेटिव सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन इसके साथ उन सरकारी अधिकारियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए जो इन कामों की निगरानी और जिम्मेदारी में होते हैं। संदीप ने सवाल उठाया कि आखिर कैसे कोई अकेला पंचायत प्रधान या सोसाइटी सचिव इतने बड़े वित्तीय घोटाले को अंजाम दे सकता है, जब हर सरकारी योजना और लेन-देन पर संबंधित विभागों की निगरानी होती है? ठाकुर ने कहा कि पंचायतों के कार्यों में जेई, पंचायत सचिव, पीआई और बीडीओ जैसे कई अधिकारी निगरानी करते हैं। वहीं कोऑपरेटिव सोसाइटी में सचिव के कार्यों का नियमित ऑडिट होता है। फिर भी घोटाले होते रहे तो यह दर्शाता है कि संबंधित अधिकारी जिम्मेदारियों में विफल रहे हैं ।

# डॉ. अतुल के समर्थन में उतरे ग्रामीण, आरोपों को बताया निराधार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा एवं थानाकलां अस्पताल में कार्यरत स्त्री रोग विशेषज्ञ (गायनी स्पेशलिस्ट) डॉ. अतुल राणा पर लगाए गए कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों के खिलाफ रविवार को हजारों ग्रामीणों ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया।

कुटलैहड़ क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में यह जनसमूह अस्पताल प्रांगण में इकट्ठा हुआ और डॉ. राणा के पक्ष में अपना विश्वास प्रकट किया। क्षेत्र के हटली पंचायत प्रधान सवर्ण सिंह, उपप्रधान सुरेंद्र हटली, मुच्छाली पंचायत प्रधान विजय शर्मा, उपप्रधान सुरेंद्र हटली, बीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू, मदन गोपाल एवं गांवों से भारी संख्या में एकत्रित हुए पुरुषों और महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर डॉ. अतुल राणा के समर्थन में नारे लगाए। ग्रामीणों ने कहा कि डॉ. राणा पिछले कई वर्षों से पूरी निष्ठा और ईमानदारी से जनता को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।



डॉक्टर के समर्थन में ग्रामीण विधायक से मिलते हुए।

### विधायक विवेक ने स्वास्थ्य मंत्री से की बातचीत

**विधायक** विवेक शर्मा ने इस पूरे घटना क्रम को गंभीरता से लेते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल से फोन पर बात की और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। विधायक विवेक शर्मा ने इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित से भी बात की और डॉ. अतुल को बदनाम करने के पीछे छिपे षड्यंत्र की जांच की मांग की।

### डॉ. अतुल बोले-मानहानि का मुकद्दमा कराएंगे दर्ज

**बंगाणा** एवं थानाकलां अस्पताल में सेवाएं दे रहे स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल राणा ने स्वयं मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने अपने पूरे चिकित्सकीय जीवन में कभी कोई अनैतिक कार्य नहीं किया है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति लगातार उन्हें धमका रहा था और जब उन्होंने उसकी अनुचित मांगें मानने से इनकार किया, तो उसने एक अन्य सोशल मीडिया उपयोगकर्ता के माध्यम से उनके खिलाफ झूठे आरोप फैलाने शुरू कर दिए। डॉ. राणा ने स्पष्ट किया कि वे उक्त व्यक्ति पर 5 करोड़ की मानहानि का मुकद्दमा दायर करेंगे।

# दियोली में बिजली की तारों से हटाई पेड़ की टहनी

**अनंत ज्ञान, घनारी**





विभाग द्वारा हटाई गई पेड़ की टहनी।

गगरेट विधानसभा क्षेत्र के गगरेट से दौलतपुर जाने वाली सड़क के किनारे दियोली में पेड़ों की टहनियां जहां की वाहनों से टकराने के चलते दुर्घटनाओं का कारण बनती रहीं वहीं इन्हीं पेड़ों की टहनियों से बिजली विभाग की तारे भी कई बार टहनियों से वाहनों के टकराने के चलते टूटकर सड़क पर कई बार गिरीं व दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती आ रही थीं।

वर्षों से इस समस्या को लेकर स्थानीय आम जनमानस जहां चिंता में था वही वाहनों पर आने जाने वाले भी असुरक्षित महसूस करते थे । वहीं सड़क विभाग, वन विभाग द्वारा भी उनकी मांग को कोई ध्यान नही दिया जाता रहा। बता दें की अनंत ज्ञान द्वारा लगातार आम जनमानस की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस लंबित समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया जिस का असर उस समय दिखा जब समाचार के माध्यम से उठी समस्या का समाधान करने की पहल बिजली विभाग ने की व आम के पेड़ का टहना काटकर समस्या का समाधान किया।

# शतरंज चैंपियनशिप में अंडर 10 में कुंज प्रथम

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

डीएवी पब्लिक स्कूल, अम्बोटा में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमताओं को निखारने और खेल भावना को प्रोत्साहन देने हेतु राज्य स्तरीय ओपन दसवीं रैपिड शतरंज चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया। यह ऐतिहासिक प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्गों अंडर-10, अंडर-13 एवं अंडर-17 श्रेणियों में आयोजित की गई। अंडर 10 लड़कों में प्रथम स्थान निकुंज, द्वितीय स्थान लवित डडवाल डीएवी बिलासपुर, तृतीय स्थान विवान सकलानी डीएवी आलमपुर तथा लड़कियों में प्रथम स्थान कार्निका ठाकुर डीएवी ग्रेयोह, तानिया डीएवी भडोली , माहिरा डीएवी अम्बोटा ने प्राप्त किया।

अंडर 13 लड़कों में प्रथम स्थान श्रेयांश जैन, द्वितीय स्थान अंश मेहरा डीएवी भडोली, सूर्यांश डीएवी अम्बोटा तो वहीं लड़कियों की प्रतियोगिता में अर्निका ठाकुर डीएवी ग्रेयोह, ऐनी राजपूत डीएवी अम्बोटा तथा काव्या डीएवी अम्बोटा ने प्राप्त किया तथा अंडर 17 लड़कों में नितिन गुलरिया ने प्रथम स्थान, माधव डीएवी अम्बोटा द्वितीय स्थान, आयुष राणा डीएवी अम्बोटा ने तृतीय स्थान वहीं लड़कियों की प्रतियोगिता में कृति ठाकुर डीएवी अम्बोटा ने प्रथम स्थान, नितिशा डीएवी भडोली ने द्वितीय स्थान, वंशिका और सृष्टि डीएवी अम्बोटा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नमित शर्मा द्वारा बच्चों सम्मानित किया गया।

# जोगीपंगा बॉल क्षेत्र में नया औद्योगिक हब होगा विकसित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

- स्थानीय उद्योगपतियों के साथ विधायक विवेक ने की बैठक

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बसाल औद्योगिक क्षेत्र में रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक विवेक शर्मा ने की। इस बैठक में स्थानीय औद्योगिक क्षेत्र के प्रमुख उद्योगपतियों और इंडस्ट्री यूनिट मालिकों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में औद्योगिक विस्तार, स्थानीय युवाओं को रोजगार और बाहरी निवेश को प्रोत्साहित करना था।

विधायक विवेक शर्मा ने इस अवसर पर उद्योगपतियों से अपील की कि वे रोजगार देने के मामले में कुटलैहड़ क्षेत्र के युवाओं को प्राथमिकता दें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्थानीय युवाओं को रोजगार देना केवल सामाजिक जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि सरकार द्वारा बनाए गए नियमों का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। विधायक विवेक शर्मा ने जानकारी दी कि बसाल औद्योगिक क्षेत्र की सफलता को देखते हुए सरकार अब जोगीपंगा बॉल क्षेत्र में नया औद्योगिक हब विकसित करने जा रही है।

इसके लिए लगभग 300 कनाल भूमि को चिह्नित कर लिया गया है। इस नई साइट पर बिजली, पानी, सड़क और अन्य सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

साथ ही, उन्होंने सभी स्थानीय उद्योगपतियों से आग्रह किया कि वे इस पहल का हिस्सा बनें और बाहर के राज्यों के बड़े उद्योगपतियों को भी इस क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित करें।



बंगाणा में उद्यमियों के साथ बैठक करने के दौरान विधायक विवेक शर्मा ।

### चहेतों का व्यवस्था परिवर्तन कर रही सरकार : वशिष्ट

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश सरकार जनता का नहीं अपने चहेतों का व्यवस्था परिवर्तन कर रही है। यह बात भाजपा सेवानिवृत कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट ने कहीं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेताओं ने 5 लाख युवाओं को 58 साल वाली पक्की नौकरी देने के वायदा किया था, लेकिन प्रदेश के विभिन्न विभागों में 1.70 लाख कर्मचारियों के पद रिक्त पड़े हुए हैं।



इन पदों को भरने के लिए कोई काम नहीं किया जा रहा है। आज हालात यह हो गए है कि कई विभागों में अधिकारी/कर्मचारियों के पद रिक्त होने से जनता के काम प्रभावित हो रहे हैं। कांग्रेस नेता ने केवल अपने चहेतों का विकास और अधिकारियों को प्रताड़ित ही किया है। अधिकारी भी डर के माहौल में काम कर रहे है। ठेकेदारों को काम के बाद पैसे तक नहीं दिए जा रहे है। चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का काम किया है और अन्य ठेकेदारों से भेदभाव किया है।

# चिंतपूर्णी मंदिर पहुंचे वॉलीबॉल महासंघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर



वीएफआई के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर चिंतपूर्णी मंदिर में अपने परिवार के साथ।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश स्थित माता चिंतपूर्णी मंदिर में रविवार देर रात्रि भारतीय वॉलीबॉल महासंघ (वीएफआई) के अध्यक्ष बनने के बाद वीरेंद्र कंवर ने अपने परिवार के साथ मंदिर पहुंचे। मंदिर में उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। वहीं मंदिर पुजारी ने वीरेंद्र कंवर और उनके परिवार की पूजा अर्चना करवाई तथा माता के चरणों में अरदास की।

इस मौके पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी मीना कंवर, उनके पुत्र दीपांकर कंवर, पुत्रवधू धान्या कंवर, उनके दामाद लेफ्टिनेंट स्वप्निल, उनकी बेटी नंदिता कंवर व अन्य परिवार उपस्थित रहा। वॉलीबॉल महासंघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने कहा कि वॉलीबॉल के विकास के लिए काम करेंगे और ओलंपिक के लिए तैयारी करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के मामले में लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब और आम आदमी के लिए कई प्रकार की योजनाएं शुरू की है। जिसका लोगों को काफी लाभ मिल रहा है।

**सहायता** पति की अकस्मात मृत्यु पर मिली 4.20 लाख रुपए की आर्थिक मदद

# शकुंतला की अंधेरी जिंदगी में सरकार ने किया उजाला

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** जिंदगी में कभी-कभी ऐसी घटनाएं घटती हैं जिनसे व्यक्ति की जिंदगी में अंधेरा छा जाता है। न कोई उम्मीद बचती है और न ही कोई साधन रहता है। ऐसी स्थिति से पार पाना किसी चुनौती से कम नहीं होता। जिला ऊना के ठठल गांव की शकुंतला देवी के जीवन में भी ऐसा संकटपूर्ण क्षण तब आया, जब एक सड़क दुर्घटना में उनके पति रमन कुमार का निधन हो गया। परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य चला गया और पूरे घर पर दुख और चिंता के बादल छा गए। ऐसे कठिन समय में हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड शकुंतला देवी के लिए संबल बनकर सामने आया। रमन कुमार एक निर्माण इकाई से संबद्ध थे और इस नाते कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत थे। उनके असामयिक निधन के बाद बोर्ड ने 4.20 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की, जो न केवल परिवार के लिए तत्काल सहारा बनी, बल्कि उनके दो बेटों और एक बेटी की शिक्षा तथा पारिवारिक जिम्मेदारियों को संभालने की बुनियाद भी साबित हुई।

शकुंतला देवी बताती हैं कि पति की अचानक मौत के बाद वे पूरी तरह टूट चुकी थीं, भविष्य को लेकर मन में डर और असमंजस था, लेकिन कामगार कल्याण बोर्ड की ओर से मिली सहायता ने न सिर्फ उन्हें जीवन की नई दिशा दी, बल्कि यह भरोसा भी दिलाया कि सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। उनके बच्चे अब उच्च शिक्षा की तैयारी में जुटे हैं और घर की स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। वे कहती हैं कि यह सहायता उनके लिए बहुत बड़ा सहारा बनी।



अपने बेटे के साथ शकुंतला देवी ।

### बोर्ड से पंजीकृत श्रमिकों तक पहुंच रही मदद : कंवर

**हिमाचल** प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरवेद सिंह का कहना है कि सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश का कोई भी श्रमिक अपनी सामाजिक और पारिवारिक जरूरतों के लिए अकेला महसूस न करे। मुख्यमंत्री सुक्खू के मार्गदर्शन में बोर्ड पारदर्शी और सरल प्रक्रिया के तहत श्रमिकों को सहायता पहुंचा रहा है और सभी जिलों में क्रियान्वयन की सतत निगरानी की जा रही है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**जिला** श्रमिक कल्याण अधिकारी अमन शर्मा बताते हैं कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से श्रमिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, विवाह, पेंशन और आवास जैसे क्षेत्रों में वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। ऊना जिले में पंजीकृत सैकड़ों श्रमिक इन योजनाओं से लाभान्वित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि सभी लाभार्थियों को पारदर्शी और सरल प्रक्रिया के तहत योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इन योजनाओं में शादी के लिए वित्तीय सहायता-लाभार्थी के स्वयं के विवाह तथा दो बच्चों के विवाह के लिए 51-51 हजार, मातृत्व और पितृत्व प्रसुविधा के तहत महिला लाभार्थी को प्रसव अवधि के समय अथवा बच्चे के जन्म पर 25 हजार, पंजीकृत कर्मकार की पत्नी को 6 हजार राशि दी जाती है।

# चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब में मनाई संत जोगिंद्र पाल की पांचवीं बरसी



चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब में उपस्थित प्रमुख लोग।

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

बाथड़ी से सटे प्रसिद्ध श्री गुरु रविदास ऐतिहासिक चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब में रविवार को सन्त जोगिंद्र पाल जोहरी की पांचवीं बरसी मनाई गई, जिमसें मौजूदा संत समाज व संगत में सबसे पहले स्वर्गीय संत जोगिंद्र पाल जोहरी को उनकी बरसी पर श्रद्धांजलि दी। चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब के प्रधान संत सुरिंद्र दास ने जोहरी की जीवनी पर प्रकाश डालकर अपने विचारों में कहा की जोगिंद्र पाल जोहरी ने अपना सारा जीवन गुरु रविदास महाराज, आदिधर्म मिशन, बाबा साहिब डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा को देश के कोने-कोने पर पहुंचाने में लगा दिया था।

ऑल इंडिया आदिधर्म मिशन के राष्ट्रीय प्रचारक थे संत जोग्रिंद पाल जोहरी ने जिन्होंने शादी न करवाकर अपना सारा जीवन गुरु रविदास व बाबा साहिब की विचारधारा में समर्पित किया था। इस दौश्रान ज्ञान चंद गंगड़ व बंता राम घेड़ा अकेडमी ने गुरु महिमा का गुणगान किया। इस मौके अवसर पर गुरु घर के चेयरमैन नाजर सिंह मान, प्रिंसिपल सरूप चंद , संत कर्म चंद, कमल राज गुड्डू, मास्टर नैनोवालिया संत कर्म चंद आदि मौजूद रहे।

# बुद्धिस्ट डेवलपमेंट प्लान से होगा बौद्ध मठों और प्राचीन गोंपाओं का जीर्णोद्धार: रिजिजू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को प्रधानमंत्री जनकल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार के 90:10 के वित्तीय अनुपात में वित्तपोषित केलांग मल निकासी योजना का शिलान्यास किया। इस परियोजना के तहत केलांग में 26.75 करोड़ की लागत से आधुनिक मल निकासी प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे केलांग और बिलिंग गांव के करीब 9600 लोग लाभान्वित होंगे।

केलांग में जनसभा को संबोधित करते हुए किरेन रिजिजू ने मल निकासी योजना के शिलान्यास की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से क्षेत्र में स्वच्छता और जनस्वास्थ्य की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होगा। यह योजना केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से संभव हो रही है, जो लाहौल-स्पीति जैसे दुर्गम क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि चार दिनों के प्रवास में शिमला, कल्पा से लेकर केलांग तक दौरा किया है। पूरे देश में लाहौल-स्पीति जिले को अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय द्वारा सबसे अधिक धनराशि दी गई है। मंत्रालय द्वारा जिला लाहौल-स्पीति को 200 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं और उन्होंने अपने दौरे में 167 करोड़ के शिलान्यास किए हैं। उन्होंने कहा कि जनजातीय जिलों का दौरा विशेष रहा, जिसमें स्थानीय लोगों से मिलने का अवसर मिला। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर, पूर्व विधायक रवि ठाकुर, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव राम सिंह, डीसी किरण भड़ाना, जिला परिषद अध्यक्ष बीना ठाकुर सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।



केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू केलांग में योजना का शिलान्यास करते हुए व उनके साथ अन्य गणमान्य लोग।

## हिमाचल के जनजातीय जिलों का दौरा करने के लिए आभार: जयराम ठाकुर

इस अवसर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का प्रदेश के जनजातीय जिलों का दौरा करने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपए की विकास योजनाओं के शिलान्यास और घोषणाओं से जनजातीय इलाकों के विकास को महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से जनजातीय जिलों के विकास के लिए अधिक से अधिक योगदान देने की अपील की है।

## विधायक अनुराधा राणा ने जताया आभार

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने केंद्रीय मंत्री का केलांग पहुंचने पर स्वागत किया और केलांग के लिए मल निकासी परियोजना देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी केंद्रीय मंत्री ने लगातार 4 दिनों तक ट्राइबल क्षेत्र का दौरा किया और 700 किलोमीटर सफर तय कर लोगों से मिले। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री सुक्खू का केलांग के लिए प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम में 90:10 के वित्तीय अनुपात में करोड़ों रुपए की योजना स्वीकार करने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस योजना से यहां की वर्षों पुरानी मांग पूर्ण होगी।

## जिले को आगे ले जाना दोनों सरकारों की सामूहिक जिम्मेदारी

उन्होंने कहा कि विकास कि दृष्टि से लाहुल-स्पीति को आगे ले जाना दोनों सरकारों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक्सट्रीम बॉर्डर एरिया क्षेत्र के लोगों तक मूलभूत सुविधायें पहुंचाने के लिए गृह मंत्रालय ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम चलाया है। इस योजना में ऐसे गांव में सड़क, स्कूल, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करवाई जाएंगी। केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम द्वारा आयोजित जागरूकता शिविर में लाभार्थियों से भेंट की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम ने राज्य सरकार के अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम से समझौता किया है। इस योजना में लोगों को सस्ते लोन उपलब्ध करवाकर अल्पसंख्यकों को स्वरोजगार अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेने की अपील की।

## बौद्ध मठों के लिए धनराशि की जाएगी उपलब्ध

उन्होंने कहा कि इस दौरान कई प्रमुख गोंपा और बौध मठों के लोग अपनी समस्यों को लेकर उनसे मिले हैं। ऐसे प्राचीन मठों और प्रमुख गोंपाओं के जीर्णोद्धार के लिए बुद्धिस्ट डेवलपमेंट प्लान बनाकर सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि गोंपा और बौद्ध मठों द्वारा जो भी आवेदन आएंगे, उन्हें धनराशि उपलब्ध करवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनजातीय जिलों के सौंदर्य और लोगों के स्वागत और प्यार से पूरी थकान मिट गई। उन्होंने कहा कि अटल टनल के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों की समस्याएं पहले से कम हुई हैं।

# रवि ठाकुर की पीठ थपथपा गए मंत्री

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

केलांग। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के तीन दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर की पीठ थपथपाई।

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने पूर्व विधायक रवि ठाकुर की खुलकर तारीफ करते हुए कहा कि वह लाहौल-स्पीति के लिए लगातार केंद्र सरकार में योजनाओं की पैरवी करते आ रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि जब-जब दिल्ली में रवि ठाकुर से मुलाकात हुई, उन्होंने सिर्फ एक ही बात की है और वह है लाहौल-स्पीति का विकास। लिहाजा, कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामने के बाद भी पूर्व विधायक रवि ठाकुर जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के विकास को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। यही कारण है कि भाजपा में शामिल होने के बाद इतने कम अंतराल में उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार के नेतृत्व में अच्छी पकड़ बना ली है। रिजिजू ने शनिवार को केलांग में 26 करोड़ रुपए की सीवरेज योजना का शिलान्यास करते हुए बताया कि यह योजना वर्ष 2023 में हिमाचल सरकार द्वारा केंद्र को भेजी गई थी, जब रवि ठाकुर लाहौल-स्पीति के विधायक थे।

उन्होंने कहा आज हम जिस योजना का धरातल पर उतार रहे हैं, उसकी नींव उस समय रखी गई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब रवि ठाकुर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष रहे, तब भी उन्होंने लाहौल-स्पीति से जुड़ी अनेक परियोजनाओं के लिए आयोग स्तर पर सक्रियता दिखाई। उनकी इसी सक्रियता और केंद्र स्तर पर संपर्कों का परिणाम है कि आज यह इलाका विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है।

## भाजपा मंत्रियों में मजबूत पैठ, क्षेत्र को होगा लाभ

रिजिजू ने कहा कि भाजपा सरकार के शीर्ष मंत्रियों में रवि ठाकुर की अच्छी पकड़ है। इसका सीधा लाभ लाहौल-स्पीति की जनता को मिल सकता है। क्षेत्रीय विकास के लिए यह राजनीतिक समन्वय आने वाले समय में और भी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

# वशिष्ठ मंदिर मार्ग की दुर्दशा सीवरेज कार्य अधूरा: संजीव

अनंत ज्ञान, मनाली

कहा- सड़क मरम्मत न होने से लोगों में रोष

पर्यटन नगरी मनाली के वशिष्ठ गांव के समाजसेवी संजीव शर्मा ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध वशिष्ठ मंदिर मार्ग पर सीवरेज पाइपलाइन डालने के लिए किए गए खुदाई कार्य को कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक सड़क की मरम्मत नहीं हो पाई है।



उन्होंने कहा कि विभाग केवल मिट्टी भरकर सतही मरम्मत करता है, जो पहली ही बारिश में खराब हो जाती है। इससे सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ बन जाते हैं, जिससे हादसों का खतरा बना हुआ है। शर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा सीवरेज पाइप तो बिछा दी गई है, लेकिन अभी तक चैंबर नहीं बनाए गए हैं। बरसात के मौसम में हालात और खराब हो रहे हैं। सड़क पर फिसलन इतनी बढ़ गई है कि आए दिन वाहन स्किड हो रहे हैं, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है।

उन्होंने आईपीएच विभाग से मांग की है कि जल्द सड़क की उचित मरम्मत की जाए और अधूरे पड़े चैंबर का कार्य पूरा किया जाए। उधर, जल शक्ति विभाग मनाली के एसडीओ दीक्षांत शर्मा ने कहा कि समर सीजन को देखते हुए होटल संचालकों व ग्रामीणों के आग्रह पर काम रुकवाया था। काम के कारण ट्रैफिक जाम भी लग रहा था, अब सीजन ढलान पर है। पर्यटक वाहनों की आमद कम होते ही वशिष्ठ में सीवरेज का कार्य युद्धस्तर पर किया जाएगा।

# डॉ. कवींद्र आज होंगे सेवानिवृत्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू के मौहल से संबंध रखने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन शिमला मुख्यालय में कार्यरत राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कवींद्र लाल आज 33 साल की प्रभावी सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने 33 साल की अपनी लंबी सेवाओं के दौरान विभिन्न स्थानों पर काम कर कई उपलब्धियां हासिल की। इसमें कोविड महामारी के दौरान ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी सुन्नी के रूप में उनका योगदान सराहनीय रहा। शिमला के ही विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों में शिक्षा प्राप्त डॉ. कवींद्र मूलता कुल्लू जिले से संबंध रखते हैं और शिमला के पूर्व में डीसी रह चुके स्वर्गीय महिंद्र लाल के बेटे हैं। कवींद्र लाल वर्तमान में कुल्लू पिपुल्स एसोसिएशन शिमला के सलाहकार भी हैं। कुल्लू पिपुल्स एसोसिएशन ने उनके द्वारा अपने कार्यकाल में स्वास्थ्य विभाग में उनके कार्य की सराहना की है।

# 10वीं में पढ़ रही नाबालिग छात्रा के साथ अपहरण के बाद दुष्कर्म का मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, आनी

4 दिनों तक पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर भेजा आरोपी

पुलिस थाना आनी में एक 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा के अपहरण, घर लेजाकर दुष्कर्म करने का मामला पंजीकृत किया गया है।

लड़की के पिता (नाम एवं पता गोपनीय) द्वारा दी गई लिखित शिकायत के अनुसार, उनकी बेटी (नाम एवं पता गोपनीय) जो दसवीं कक्षा में पढ़ती है, 26 जून 2025 को स्कूल से घर वापस नहीं लौटी। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि अरूण उर्फ काकू पुत्र हरवंस लाल, निवासी गांव शिल, तहसील आनी, जिला कुल्लू, 26 जून की शाम के समय लड़की को किसी गाड़ी में डालकर बहला-फुसला कर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 27 जून की शाम के समय दलाश के शील क्षेत्र से आरोपी अरूण उर्फ काकू को लड़की सहित गिरफ्तार कर लिया और पीड़िता और आरोपी दोनों का मेडिकल परीक्षण सिविल अस्पताल आनी में करवाया गया। इसके उपरांत आरोपी को अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे 1 जुलाई तक 4 दिनों के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है, ताकि मामले की गहन पूछताछ और विस्तृत जांच की जा सके। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेजी से की जा रही है, ताकि सच सामने लाया जा सके और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और लोग आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं।



ग्राम पंचायत भरैण में कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल लोगों के साथ भाजपा के पदाधिकारी।

# भरैण के उपप्रधान कांग्रेस छोड़ भाजपा में हुए शामिल

अनंत ज्ञान, भुंतर

ग्राम पंचायत भरैण में मन की बात कार्यक्रम के उपरांत पंचायत के उपप्रधान शिवराज ने भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों में विश्वास जताते हुए भाजपा पार्वती मंडल के अध्यक्ष एवं जिया के पंचायत प्रधान संजू पंडित की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए। उनके साथ केहर सिंह भी कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए भाजपा पार्वती मंडल के संजू पंडित ने बताया कि दोनों को भाजपा में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। उधर, जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने दोनों का कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने पर स्वागत किया है।

# निशा को मिलेगा निफा रजत जयंती वर्ष पुरस्कार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला कुल्लू निवासी युवा समाजसेवी निशा ठाकुर को कलाकारों और कार्यकर्ताओं का राष्ट्रीय एकीकृत मंच द्वारा सितंबर माह में नई दिल्ली के भारत मंडपम मंच पर प्रतिष्ठित निफा रजत जयंती वर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। निशा को समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। निशा जिला कुल्लू के स्लम एरिया में काफी सालों से बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध करवा रही है। वहीं, समाजसेवा के साथ-साथ यह अपने जीवन यापन के लिए पार्ट टाइम जॉब भी करती हैं, उनके इसी उत्कृष्ट कार्यों के लिए निफा संस्था द्वारा यह मान सम्मान उन्हें सितंबर माह में दिया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू द्वारा निशा ठाकुर को विशेष निमंत्रण पत्र भेजा गया है। निशा का कहना है कि उनके लिए यह मान सम्मान बहुत महत्व रखता है क्योंकि इतने बड़े मंच पर उन्हें यह मान सम्मान मिलना गौरव की बात है।

# 27-28 वर्षों की सेवा के बाद भी बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त होना, निराशाजनक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश मुख्याध्यापक एसोसिएशन जिला कुल्लू द्वारा रविवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम उनसेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों और मुख्याध्यापकों के सम्मान में आयोजित किया गया, जिन्होंने अपने सेवाकाल में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया। इस अवसर पर आदरणीय निवेदिता सूद (प्रधानाचार्य), जगजीवन पाल (प्रधानाचार्य) एवं श्याम लाल (मुख्याध्यापक) को संघ की ओर से सम्मानित किया गया। समारोह में संघ के सदस्यों ने उनके शैक्षिक योगदान, संगठन के प्रति निष्ठा और सेवाभाव को सराहते हुए उन्हें भावभीनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश मुख्याध्यापक संघ, कुल्लू की ओर से सरकार से यह मांग भी रखी गई कि मुख्याध्यापकों की प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नति की सूची जल्द जारी की जाए। संघ ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में कई ऐसे मुख्याध्यापक हैं, जो 27-28 वर्षों की सेवा के उपरांत भी बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निराशाजनक है।





हिमाचल प्रदेश मुख्याध्यापक एसोसिएशन जिला कुल्लू की बैठक के दौरान चर्चा करते हुए गणमान्य।

संघ ने सरकार से आग्रह किया कि मुख्याध्यापकों के वर्षों के परिश्रम और अनुभव को सम्मान देते हुए समयबद्ध पदोन्नति प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए, ताकि योग्य एवं वरिष्ठ शिक्षक सम्मानपूर्वक अपने कार्यकाल को पूर्ण कर सकें। इस सम्मान समारोह में संघ के अध्यक्ष शेर सिंह ठाकुर, महासचिव राजेश बौध, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार और संघ के सभी सदस्यगण प्रकाश चंद्र, राजेश कुमार, नीलम कपूर, निर्मला देवी, सरिता देवी, श्याम लाल, वेद राम, प्रेम कटोच, देवी सिंह, नरेंद्र कुमार, हितेंद्र, प्रेमपाल आदि उपस्थित रहे।

# बीडीओ कार्यालय की साफ-सफाई की

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

पतलीकूहल खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कार्यालय में रविवार को एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इसमें बीडीओ मुकेश कुमार सहित समस्त स्टाफ और स्थानीय स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अभियान का उद्देश्य कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाना और समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। बीडीओ मुकेश कुमार ने इस अवसर पर सभी से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी विभागों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि एक स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें सभी को मिलकर काम करना चाहिए। इस सफाई अभियान में नग्गर में कार्यरत सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इसके



नग्गर में साफ-सफाई कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती हुई महिलाएं व अन्य।

अतिरिक्त, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत देवभूमि ग्राम संगठन पतलीकूहल की महिलाओं ने भी इस कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई।

ग्राम संगठन की सक्रिय सदस्य बिंदु शर्मा, ठाकरी देवी, मीरा, सीमा और भागती देवी सहित जमलू स्वयं सहायता समूह की सदस्यों ने स्वच्छता कार्य में मदद की। नग्गर के प्रगति ग्राम संगठन की सदस्य उषा शर्मा और चित्रमानी भी इस अभियान का हिस्सा बनीं। अभियान के दौरान, खंड विकास अधिकारी कार्यालय के पूरे परिसर की गहन सफाई की गई। इसमें कार्यालय भवन के अंदर और बाहर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों को भी साफ किया गया। प्रतिभागियों ने कचरा इकट्ठा किया, झाड़ियों की कटाई की और परिसर को पूरी तरह से स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया। इस पहल से न केवल कार्यालय परिसर साफ-सुथरा हुआ, बल्कि यह दूसरों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना।

# कुल्लू फलोत्पादक मंडल बेसहारा पशुओं को उपलब्ध करवाएगा चारा: प्रेम शर्मा

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। कुल्लू फलोत्पादक मंडल की पशु कल्याण उपसमिति की बैठक बागवान माहिली में संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता प्रधान प्रेम शर्मा ने की। इस दौरान मंडल के उपप्रधान सुभाष नेगी, महामंत्री रिमन सिंह ठाकुर और कोषाध्यक्ष राकेश ठाकुर भी मौजूद रहे। कुल्लू फलोत्पादक मंडल कई वर्षों से क्षेत्र की गोशालाओं में पल रहे बेसहारा पशुओं के लिए घास उपलब्ध करवाता आ रहा है। इस वर्ष भी मंडल पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराने के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रेम शर्मा के नेतृत्व में एक टीम ने कटराई, रायसन और बंदरोल की गोशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रेम शर्मा ने बताया कि इन गोशालाओं में हर वर्ष सर्दियों में हजारों पशुओं को रखा जाता है, लेकिन इनकी वर्तमान दशा अत्यंत दयनीय है। मंडल ने सरकार के सहयोग से इन गोशालाओं की स्थिति में सुधार लाने की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया है। शर्मा ने सरकार से आग्रह किया कि बेसहारा पशुओं की लगातार बढ़ती समस्या से निपटने के लिए कड़े निर्णय लेने की आवश्यकता है, क्योंकि यह समस्या हर वर्ष विकराल रूप धारण करती जा रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी सरकारें बेसहारा पशुओं को आश्रय देने में पूरी तरह विफल रही हैं, जिस कारण बेसहारा पशु सड़कों के किनारे और खेतों में रहने को मजबूर होते हैं।



कुल्लू फलोत्पादक मंडल की पशु कल्याण उपसमिति गोसदन का निरीक्षण करते हुए।

**आदेश** 10 से 23 जुलाई तक होनी है यात्रा, रास्ते के सभी पड़ावों पर तय रेट से ज्यादा दाम वसूलने वालों पर होगी कार्रवाई

# श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा के खाने-ठहरने के दाम तय

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

आनी। 10 से 23 जुलाई तक होने वाली उत्तर भारत की कठिनतम धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा को लेकर प्रशासन मुस्तैद हो गया है। यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रशासन और श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट ने कदमताल शुरू कर दी है। श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि करीब 35 किलोमीटर यात्रा के दौरान बनाए गए विभिन्न पड़ावों पर यात्रियों की सुविधा के लिए बिस्तर, खाना, नाश्ता, चाय, परांठा और मैग्गी आदि के दाम तय कर दिए गए हैं।

इसकी रेट लिस्ट बाकायदा जारी कर दी गयी है। श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि कई बार यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं के माध्यम से शिकायतें मिली कि यात्रा के पड़ावों क्रमशः बेसकैंप सिंहगाड, ब्राहटीनाला, थाचडू, काली घाटी व कुंशा, भीम डवारी और पार्वती बाग में खाने, ठहरने के मुंह मांगे दाम वसुले जाते हैं, जबकि थके हारे यात्रियों के पास कोई चारा शेष नहीं रहता है। इसके चलते ही ट्रस्ट दाम तय कर देता है, ताकि कोई मनमानी न कर सके। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति में संपर्क के लिए दो हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। एसडीएम कार्यालय निरमंड - 01904-299139 और थाना निरमंड 01904-255126 पर संपर्क कर सकते हैं।



श्रीखंड महादेव के दर्शनों के लिए पहुंचे भक्त। (फाइल फोटो)

| वस्तु का नाम | सिहांगाड़ | बराहटी नाला | थाचडू | काली घाटी व कुंशा | भीमडवारी | पार्वती बाग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| • खाना | 110 | 130 | 200 | 230 | 270 | 290 |
| • मैगी | 35 | 45 | 55 | 65 | 70 | 75 |
| • चाय | 15 | 20 | 25 | 35 | 40 | 45 |
| • परांठा | 35 | 45 | 55 | 65 | 70 | 75 |
| • बिस्तर | 110 | 150 | 210 | 250 | 300 | 320 |
| • नाश्ता | 75 | 100 | 130 | 150 | 170 | 180 |

"यात्रा को सफल बनाने में प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। रास्तों की रेकी करवाकर उन्हें दुरुस्त किया जा रहा है, जबकि यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी इंतजामों की रूपरेखा तैयार की गई है।

मनमोहन सिंह, एसडीएम निरमंड एवं उपाध्यक्ष श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट।

## पंच कैलाशों में से एक है श्रीखंड महादेव की यात्रा

श्रीखंड महादेव को पंच कैलाशों में से एक माना जाता है। पंच कैलाशों में से तीन श्रीखंड महादेव, मणिमहेश और किन्नर कैलाश हिमाचल प्रदेश में ही स्थित हैं। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल में एक रैली में इस बात का उल्लेख करते हुए हिमाचल की धार्मिक महत्ता को रेखांकित किया था। हिमालय की गोद में स्थित 18,570 फुट ऊंचे श्रीखंड महादेव की यात्रा जितनी पवित्र मानी जाती है, उतनी ही जोखिम भरी भी है। हर साल हजारों श्रद्धालु इस कठिन ट्रैक पर निकलते हैं, लेकिन कई बार यह आस्था का सफर मौत की दहलीज तक पहुंचा देता है। श्रीखंड महादेव यात्रा लगभग 35 किलोमीटर की दुर्गम पैदल चढ़ाई है। इसमें यात्रियों को बर्फ से ढके ग्लेशियर, खड़ी चढ़ाइयां और संकरे, खतरनाक पहाड़ी रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है। ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि इस जोखिम भरी यात्रा के दौरान सावधानी बरतें, नशे का सेवन न करें और मेडिकली फिट होने पर ही यात्रा पर निकलें।

## पांच बेस कैंप स्थापित

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य की दृष्टि से सिहांगाड़, थाचड़ू, कुंशा, भीमडवारी और पार्वतीबाग में पांच बेस कैंप स्थापित किए जाते हैं। इन कैंपों में मेडिकल स्टाफ, रेस्क्यू टीमें, पुलिस बल, होमगार्ड तथा अन्य विभागों के अधिकारी तैनात रहेंगे। विशेषकर अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान, वन विभाग, जलशक्ति विभाग और स्वास्थ्य विभाग की भूमिका इस यात्रा में अहम रहती है।

# चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है से गूंजा भुंतर



कुल्लू के भुंतर स्थित स्टेट बैंक के समीप पार्किंग में 29वां भगवती माता के जागरण में पहुंचे सैकड़ों भक्त मां के भजनों पर झूमते हुए।

अनंत ज्ञान, भुंतर

जिला कुल्लू के भुंतर स्थित स्टेट बैंक के समीप पार्किंग में 29वां भगवती जागरण धूमधाम से मनाया गया।

जागरण कमेटी भुंतर के पदाधिकारियों, सदस्यों व सैकड़ों भक्तों द्वारा कुल्लू के रामशिला स्थित वैष्णो मंदिर से मां की पावन ज्योति ज्वाला माता मंदिर तक लाई गई। इस मौके पर वैष्णो माता मंदिर रामशिला से ज्वाला माता मंदिर शमशी तक भजन-कीर्तन का दौर भी जारी रहा। इसके पश्चात गणपति पूजन, ज्योति पूजन व कलश पूजन किया गया। गणेश वंदना के बाद माता का जागरण शुरू हुआ।

इसमें सबसे पहले इंडियन आईडियल रनरअप अनुज शर्मा ने जय जय बजरंग बली, मां तुने मुझे बुलाया शेरांवालिये, मेला मैया दा, शेरावाली नू पसंद किवें आई, फूलां दी क्यारियां च रंहदी मेरी मां, राज आएंगे, कृष्णा तेरी मुरली ते भला कौन नी नचदा आदि एक के बाद एक भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया व भक्तों को नाचने पर विवश कर दिया। वहीं, भजन गायक अभिषेक सोनी, सिमरन भारद्वाज, अनुज शर्मा द्वारा माता के भजनों से मां की महिमा का गुणगान किया। वहीं, शुभम कटोच द्वारा मां तारा रानी कथा सुनाई गई।

वहीं, जागरण में विनय आर्ट्स ग्रुप हमीरपुर द्वारा शिव, माता काली, राधा कृष्ण की मनमोहक झांकियां निकाली गईं। जागरण कमेटी भुंतर के पदाधिकारियों ने बताया हर साल की तरह यहां पर जहां रात को जागरण का आयोजन किया गया। वहीं, रविवार को भंडारे का भी आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने माता का प्रसाद ग्रहण किया।

## फार्मा उद्योग में दीवार टूटने से अंदर घुसा पानी, 60 लाख का नुकसान



झाड़माजरी में बारिश से गिरी स्कॉट एडिल फार्मा की दीवार, जिससे 60 लाख का हुआ नुकसान।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

मानसून की पहली बारिश उद्योगों के लिए भी आफत बन कर आई। कुछ उद्योगों में पानी घुसा, तो कुछ में बारिश से सामान खराब हो गया।

यहां पर औद्योगिक निर्यात प्रोत्साहन पार्क फेस एक झाड़माजरी स्थित एक पुरानी दवाइयां बनाने वाली कंपनी में भारी बारिश के चलते कंपनी की पीछे की दीवार टूट गई और पानी कंपनी में घुस गया, जिससे करीब पचास से साठ लाख का नुकसान हुआ। मिली जानकारी के अनुसार यहां पर प्लाट नंबर 56 स्कॉट एडिल फार्मा कंपनी की पिछली दीवार रात्रि में भारी बारिश के चलते गिर गयी। कंपनी के पीछे पानी की समुचित निकासी न होने के चलते पीछे से आने वाले पानी का बहाव कंपनी की तरफ हो गया, जिससे दीवार का काफी हिस्सा गिर गया और पानी कंपनी के अंदर घुस गया। वहां पर पड़ा रॉ मटेरियल और अन्य सामान पूरी तरह से खराब हो गया। कंपनी के चेयरमैन बलराम अग्रवाल ने बताया कि दीवार टूटने से पानी सारी फैक्टरी मे घुस गया, जिससे रामैटीरियल, पैकेजिंग मैटीरियल, तैयार माल मशीनरी आदि खराब हो गई, करीब 50 से 60 लाख तक के नुकसान का अनुमान है और कामकाज भी कुछ समय के लिए प्रभावित हो गया।

# बारिश के कारण एनएच-5 के चक्की मोड़ में पहाड़ से सड़क पर आया मलबा

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** प्रदेश भर में बारिश ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। सोलन में हुई बारिश से चंडीगढ़-शिमला नेशनल हाईवे-5 के चक्कीमोड़ में पहाड़ से सड़क पर मलबा आने से रविवार सुबह साढ़े 6 बजे करीब डेढ़ घंटा वाहनों की आवाजाही बंद रही।

इससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस कारण वाहनों में बैठे लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं, वाया जंगसु-कसौली रोड भी लैंड स्लाइड के कारण बंद हो गया। इससे वाहनों को डाइवर्ट नहीं किया जा सका। हालांकि, एनएचएआई और प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हाईवे से मलबा हटाकर सिंगल लेन से यातायात बहाल किया। इस बची यात्रियों को गंतव्य पहुंचने में देरी हो गई। हालांकि, दोपहर बाद दोनों लेन से वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई पर चक्की मोड़ पर पहाड़ से मलबा आने का खतरा बना हुआ है। इससे यहां पर वाहन चलाना जोखिम भरा हो चुका है। दो वर्ष पहले भारी बारिश के कारण चक्की मोड़ का एक हिस्सा पूरी तरह ढह गया था, तब से लेकर आज तक एनएचएआई इस हाईवे के इस हिस्से को ठीक नहीं कर पाया है। इससे कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।



नेशनल हाईवे के चक्की मोड़ पर सड़क पर आया मलबा।



रेल लाइन में मलबा आने, पेड़ गिरने से बंद हुआ ट्रैक।

> नेशनल हाईवे के चक्की मोड़ से मलबा हटा दिया गया। दोनों तरफ से वाहनों की आवाजाही शुरू हो चुकी है। भारी बारिश के चलते मार्ग पर कीचड़ और ढलान से फिसलन की संभावना बनी हुई है, ऐसे में यात्रियों को सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की अपील है।
> **गौरव सिंह, एसपी सोलन।**

### रेल लाइन पर भी गिरा पेड़ व पत्थर

**कालका**-शिमला रेल लाइन पर बारिश के चलते पटरी पर मलबा भरने, पेड़ गिरने और पत्थर आने से रेल मार्ग बंद हो गया। इससे शिमला से कालका और कालका से शिमला जाने वाली रेलगाड़ियों को स्टेशनों पर ही रोक दिया गया, जिस कारण यात्रियों को दिक्कतें पेश आई। वहीं, रेलवे की तत्परता से दोपहर बाद रेल मार्ग को किया गया।

### चक्की मोड़ में दोनों ओर का यातायात बहाल

**चंडीगढ़**-सोलन के बीच नेशनल हाईवे के चक्की मोड़ से मलबा हटा दिया गया है। प्रशासन और एनएचएआई की टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मशीनरी के जरिए मलबा हटाने का कार्य शुरू किया और कुछ ही घंटों में सड़क को आंशिक रूप से साफ कर दिया गया, अब दोनों ओर से यातायात सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया है। हालांकि, रास्ता अभी भी फिसलन भरा है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर तैनात है, ताकि वाहनों की आवाजाही में कोई बाधा न आए और जाम की स्थिति न बने। भारी बारिश के चलते मार्ग पर कीचड़ और ढलान से फिसलन की संभावना बनी हुई है, ऐसे में यात्रियों को सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की अपील की गई है। प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि मौसम को देखते हुए अनावश्यक यात्रा से बचें और अपडेट के लिए अधिकृत स्रोतों पर नजर रखें।

## नाहन में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में उमड़ा जनसैलाब

- भगवान जगन्नाथ सभी पर कृपा बनाए रखें : सोलंकी
- बिंदल ने मंदिर में पहुंचकर पालकियों को दिया कंधा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर के मुख्यालय नाहन में भगवान जगन्नाथ की पावन रथयात्रा रविवार को बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ निकाली गई। बड़ा चौक स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ हुई यह यात्रा पूरे नगर में भ्रमण करती है। इसमें असंख्य श्रद्धालु रथ को खींच कर स्वयं को धन्य मानते हैं।

नाहन में यह रथयात्रा पिछले सोलह वर्षों से आयोजित की जा रही है, जो कि ओडिशा के प्रसिद्ध जगन्नाथ पुरी मंदिर की परंपरा पर आधारित है। मान्यता के अनुसार, भगवान जगन्नाथ जो भगवान विष्णु के आठवें अवतार माने जाते हैं, उन्होंने अपनी बहन सुभद्रा की पुरी नगर दर्शन की इच्छा पूरी करने के लिए रथ सजवाया था तभी से यह परंपरा वहां आरंभ हुई और अब नाहन जैसे पर्वतीय नगर में भी यह आस्था का प्रतीक बन चुकी है। रथयात्रा समिति के अध्यक्ष प्रकाश बंसल ने बताया कि नाहनवासी पूरे वर्ष इस आयोजन की प्रतीक्षा करते हैं और सभी धर्म व समुदाय के लोग इसमें भाग लेकर आपसी सौहार्द की मिसाल पेश करते हैं। शहर के प्रमुख स्थानों पर रथयात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मंदिर में पहुंचकर पालकियों को कंधा दिया और यात्रा को रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सामाजिक एकता और श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने भगवान जगन्नाथ से प्रदेश और सिरमौर की सुख-समृद्धि की कामना की। स्थानीय विधायक अजय सोलंकी ने पूजा-अर्चना में भाग लेते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ सभी पर कृपा बनाए रखें, विशेषकर वर्षा ऋतु में प्रदेशवासियों की रक्षा करें। इस अवसर पर सांसद सुरेश कश्यप और डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने भी मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान जगन्नाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### ढाबे से 93 ग्राम चरस सहित आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट पुलिस ने क्यारड़ में पेट्रोल पंप के पास एक ढाबे से 93 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दाड़लाघाट पुलिस की टीम चमाकड़ी पुल पर गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर क्यारड़ में पेट्रोल पंप के साथ ढाबे में छापेमारी की गई और चरस बरामद की गई। आरोपी देवेंद्र कुमार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि अन्वेषण अधिकारी उपनिरीक्षक अंकुश शर्मा के नेतृत्व में एक टीम ने छापेमारी की और 93 ग्राम चरस बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शर्मा ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है।

### एचपीटीडीसी के कर्मियों ने बाघल होटल में रोपे पौधे

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम एचपीटीडीसी बाघल होटल के सदस्यों ने बाघल होटल परिसर में पौधारोपण किया। वन विभाग की ओर से उपलब्ध देवदार और फलदायक पौधे लगाए गए। यह पौधारोपण एचपीटीडीसी मुख्यालय के दिशा-निर्देश पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया। होटल प्रबंधक अमर सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रकृति को बचाने के लिए पौधरोपण करना बहुत ही महत्वपूर्ण है। पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण और संवर्धन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बाघल होटल के आसपास हरियाली और स्वच्छ वातावरण न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी बेहतर जीवन गुणवत्ता प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना था, जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### संस्कृत विषय में अव्वल रहे स्टूडेंट्स नवाजे

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** उपमंडल के तहत आने वाले वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्होग में संस्कृत विषय में अव्वल रहे विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य राधा कश्यप ने की। यह पुरस्कार मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत कार्यरत प्रिया मोहन शर्मा ने भेंट किए। वह मूलतः शोघी शिमला से हैं और संस्कृत विषय के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य कर रहे हैं। विगत शिक्षा सत्र मैट्रिक कक्षा में स्कूल के छात्र लोकेश शर्मा 83 प्रतिशत, विनीत सिंह 78 प्रतिशत विशाल और मुकेश ने 76 प्रतिशत अंक संस्कृत में प्राप्त किए हैं। इन सभी को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त पिछले शिक्षा सत्र में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में स्कूल से जिन विद्यार्थियों ने भाग लिया, उन्हें भी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस परीक्षा में स्कूल की छात्रा टीना प्रथम रही। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को कहा कि संस्कृत हमारी प्राचीन वैदिक भाषा है। यह मधुर और अनेक भाषाओं की जननी है। इस भाषा में हमें रुचि लेना आवश्यक है।

### केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रेस सचिव बाबूराम नेगी ने किन्नौर में करोड़ों रुपए के शिलान्यास किए जाने पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवराज बोध के नेतृत्व में प्रदेश जनजाति क्षेत्रों का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले मंत्री किरेन रिजिजू से मिला था, तब केंद्रीय ने प्रतिनिधिमंडल को जनजातीय क्षेत्र के विकास के लिए आश्वासन दिया था। साथ ही अल्पसंख्यक मंत्रालय ने करोड़ों की परियोजनाएं स्वीकृत की, अब केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने स्वयं हिमाचल प्रदेश के जनजाति क्षेत्रों का दौरा कर करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास कर अपने वादे को पूरा किया है इसलिए प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का आभार व्यक्त किया है।

## विधायक सोलंकी ने संपर्क मार्गों का किया शिलान्यास

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**



**नाहन।** विधायक अजय सोलंकी ने विक्रमबाग पंचायत के खैरवाला और डांडीपुर में दो महत्वपूर्ण संपर्क सड़कों का शिलान्यास किया।

इनमें कौंथरों-डांडीपुर सड़क पर 60.37 लाख रुपए और डांगवाला-जोहड़ीवाला सड़क पर 88.44 लाख रुपए की लागत आएगी। दोनों सड़कों से दर्जनों गांवों को बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। सोलंकी ने कहा कि यह सड़कें केवल कनेक्टिविटी नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास का मार्ग प्रशस्त करेंगी। इन दोनों परियोजनाओं के लिए वन स्वीकृति मिल चुकी है और निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। विधायक ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार का जाति, धर्म या राजनीतिक भेदभाव नहीं होगा। हर गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना ही उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान सोलंकी ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याएं सुनीं और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नाहन विधानसभा का चहुंमुखी विकास ही उनका लक्ष्य है।

## निष्ठा संस्कृत में करेगी मास्टर डिग्री

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** संस्कृत सभी भाषाओं की जननी मानी जाती है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जहां युवा संस्कृत विषय को पढ़ने में रुचि कम रखते हैं। वहीं, राजगढ़ की बेटी निष्ठा तोमर ने संस्कृत भाषा को अपना आधार मान कर इसमें पीएचडी करने का लक्ष्य रखा है। बता दें कि हाल ही में निष्ठा ने शास्त्री करने के उपरांत संस्कृत में मास्टर डिग्री करने के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा दी थी। इसमें निष्ठा ने अपने फॉर्म में चार विश्वविद्यालय के नाम भरे थे, जिसका परिणाम हाल ही में आया है। सौभाग्यवश निष्ठा का चयन चारों विश्वविद्यालय जिसमें जेएनयू, केंद्रीय विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के लिए हुआ है, परंतु निष्ठा ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में अपनी एडमिशन ले ली है।

## मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त आरोपी प्रिवेंटिव डिटेंशन के तहत गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला सोलन पुलिस ने कुख्यात नशा तस्करों जो बार-बार मुकदमे दर्ज होने पर भी जमानत पर बाहर आकर नशा तस्करी में संलिप्त हो रहे हैं।

उन पर नकेल कसते हुए प्रिवेंटिव डिटेंशन यानी निवारक हिरासत की कार्रवाई लगातार जारी है, जिसका मकसद मादक पदार्थ तस्करी करने वाले आदतन अपराधियों को पुनः अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने से रोकना है, जिस संदर्भ में जिला सोलन पुलिस द्वारा पीआईटी एनडीपीएस एक्ट 1988 के प्रावधानों के अनुसार ऐसे आरोपियों को निवारक हिरासत में रखने के संदर्भ में मादक पदार्थ तस्करी करने वाले आदतन अपराधियों को निवारक हिरासत के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार को 15



प्रस्ताव भेजे गए थे, जिनमें से नशा तस्करी के कुख्यात 5 आदतन अपराधियों की निवारक हिरासत के आदेश हिमाचल प्रदेश सरकार से प्राप्त करके जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया है, जो अभी भी जेल में हैं। इसी क्रम में पिछले कल मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक अन्य कुख्यात आदतन अपराधी उवेद खान पुत्र राहत खान निवासी गांव सिरीनगर डाकखाना व तहसील कंडाघाट, जिला सोलन को पुलिस थाना कंडाघाट की टीम द्वारा हिमाचल प्रदेश सरकार/सक्षम प्राधिकारी के आदेशानुसार इस अधिनियम के अंतर्गत निवारणात्मक कार्रवाई करते हुए धारा 3(1) पीआइटी एनडीपीएस एक्ट 1988 के अंतर्गत नियमानुसार हिरासत में लेकर 3 महीने के लिए जेल में भेजा गया है। यह आरोपी मादक पदार्थ की तस्करी का कुख्यात आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 5 मामले दर्ज हैं। जिला पुलिस द्वारा अभी तक मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले कुल 6 कुख्यात आदतन अपराधियों के खिलाफ धारा 3(1) पीआइटी एनडीपीएस एक्ट 1988 के अंतर्गत कार्रवाई करके जेल भेजा गया है।

## सोलन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का जिला सम्मेलन आयोजित

# केंद्र व प्रदेश सरकार पर जमकर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का जिला सोलन सम्मेलन रविवार को आयोजित हुआ। इसमें प्रदेश में मजदूरों-कर्मचारियों को संगठित करने वाले मजदूर हितैषी स्वर्गीय कॉमरेड कामेश्वर पंडित की 24वीं पुण्यतिथि भी मनाई गई।



सोलन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सम्मेलन में उपस्थित नेता व पार्टी सदस्य।

इस सम्मेलन से पहले पार्टी के सभी पूर्व नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसमें सर्वप्रथम कॉमरेड कामेश्वर पंडित, कॉमरेड प्रकाश कपटिया, नानक सिंह, गुरदेव सिंह आदि नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कमेटी के अध्यक्ष कॉमरेड नानक शांडिल ने सम्मेलन में आए हुए सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं एटक के प्रदेशाध्यक्ष कॉमरेड जगदीश चंद भारद्वाज ने सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ करते हुए देश के वर्तमान हालात पर अपनी बात कही तथा सरकार द्वारा मजदूरों, कर्मचारियों व किसानों पर किए जा रहे अत्याचार के बारे जानकारी दी। इस अधिवेशन में 9 जुलाई को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर पार्टी ने अपना पूर्ण नियोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल का समर्थन किया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला सचिव कॉमरेड अनुप पराशर ने जिला सोलन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। तत्पश्चात पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी रिपोर्ट पर चर्चा की। कॉमरेड मनमोहन सिंह ने भी सभागार में शमित कार्यकर्ताओं को क्रांतिकारी गजल पेश की। उपरोक्त जिला सम्मेलन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड भाग सिंह विशेष रूप से शामिल हुए तथा उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला सचिव ने जो रिपोर्ट पेश की उसकी सहराना की। उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो लेबर 4 कोड लेकर आई है, वो मजदूरों, किसानों मेहनत कशों के लिए हानिकारक है। हम सभी को एक जुट हो जाना चाहिए अन्यथा सरमायदारों का इस देश में कब्जा हो जाएगा। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सरकार पर भी उन्होंने बड़े हमले किए। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने जो चुनाव के समय वादे किए थे, उन्हें निभाने में वह नाकाम हो रही है।

## प्रदेश सरकार दलित वर्ग के साथ करने जा रही धोखा : सुरजीत सिंह

**अनंत ज्ञान, सोलन**

आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस सरकार पर दलित वर्ग के साथ एक बड़ा धोखा करने का आरोप लगाया है।

पार्टी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम को धीरे-धीरे बंद करने की योजना बना रही है, जिससे प्रदेश के लाखों दलित प्रभावित होंगे। आप प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उत्थान के लिए स्थापित हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम, जिसका मुख्यालय सोलन में है और जो दलित वर्ग के उत्थान के लिए विभिन्न सरकारी योजनाएं संचालित करता है, उसको सुक्खू सरकार ने बंद करने की पहल प्रारंभ कर दी है। ठाकुर ने बताया कि निगम द्वारा संचालित सहायक प्रबंधक कार्यालय भरमौर, देहरा, जुब्बल तथा सरकाघाट को बंद किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के 12 जिलों में स्थापित जिला प्रबंधक के कार्यालयों में से 6 पद समाप्त किए जा रहे हैं, जिससे अब एक जिला प्रबंधक दो जिलों के कार्यालयों का संचालन करेगा। कुल मिलाकर, इस निगम के 50 पद एक साथ खत्म किए जा रहे हैं। आप ने आशंका जताई कि कांग्रेस सरकार दलित वर्ग के उत्थान की विभिन्न योजनाएं, जो इस निगम के माध्यम से संचालित होती हैं, उन्हें भी बंद करने की योजना बना रही है। इनमें शिक्षा ऋण योजना, हस्तशिल्प योजना, विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम और वजीफा जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। वंचित वर्ग के उत्थान के सारे रास्ते एक साथ बंद करने की योजना प्रदेश की कांग्रेस सरकार बना रही है।



## आपदा से निपटने के गुर बताए

**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल अर्की के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल घड़ियाच में अग्निशमन चौकी अर्की के अग्निशमन कर्मचारियों द्वारा आग से उत्पन्न हुई आपदा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अर्की शमन प्रभारी लीडिंग फायरमैन अशोक पंवर ने जानकारी देते हुए कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घड़याच में फायर चौकी अर्की के अग्निशमन कर्मियों व गृह रक्षा 11वीं वाहिनी की अर्की कंपनी के गृह रक्षकों द्वारा आपदा प्रबंधन को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित स्टूडेंट्स और शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की आपदा के समय अपने व साथियों की सुरक्षा के उपाय बताए व सिखाए गए। इसी कड़ी में आग के बारे में जानकारी देते हुए सिलेंडर की आग पर काबू पाने के तरीके भी सिखाए गए। इस मौके पर 130 स्टूडेंट्स व स्कूल के सदस्य उपस्थित रहे।

## धार्मिक परंपराओं के साथ रहेड का देवी लगासन मेला संपन्न



चायल घाटी के धार्मिक स्थल देवी लगासन रहेड मेले में कुश्ती में दमखम दिखाते पहलवान।

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**

चायल घाटी के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल देवी लगासन रहेड का दो दिवसीय मेला रविवार को प्राचीन धार्मिक परंपराओं के साथ संपन्न हुआ।

शनिवार को देवी के मूल स्थान गांव नावग मंदिर से पारंपरिक पालकी शोभायात्रा रहेड स्थित मंदिर और मेला स्थान पर पहुंची। शनिवार को भजन संध्या, देविक कार्य किए गए। पारंपरिक तौर से दो दिनों तक देवी की पालकी इसी मंदिर में विराजमान रही और सोलन, शिमला और सिरमौर जिले के लोगों ने इस मेले और देविक कार्य में भाग लिया। लोक मान्यता अनुसार देवी लगासन शूलिनी माता सोलन की बहन है। लोगों की इसमें अथाह श्रद्धा है। शूलिनी मेले के अगले रविवार को इसका मेला लगाया जाता है। प्राचीन समय से यह मेला देविक कार्यों को करने के लिए विख्यात है। रविवार को देविक कार्यों के बीच लोगों ने सुख-समृद्धि की कामना की। यहां कुश्ती के आयोजन में उत्तरी भारत के कई राज्यों के नामी पहलवानों ने भाग लिया। खेल प्रेमियों ने इसका आनंद उठाया।

## नुकसान भारी बारिश के चलते वार्ड नंबर-4 स्थित नेहरू मैदान से सटे नाले में आई बाढ़

# राजगढ़ में दुकानों और घरों में घुसा पानी

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** शनिवार रात हुई मूसलधार बारिश के चलते वार्ड नंबर-4 स्थित नेहरू मैदान से सटे नाले में बाढ़ आ गई, जिससे आसपास के दुकानों और घरों में पानी घुस गया। इससे दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

रविवार सुबह एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर और नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहनी ने पटवारी के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। स्थानीय दुकानदार देवेंद्र सूरी की दुकान में दोपहर तक भी पानी भरा रहा। उन्होंने बताया कि बारिश के पानी से उनकी दुकान का काफी सामान खराब हो गया। वहीं, दुकानदार अजय के तीन फ्रिज खराब हो गए और सब्जी तथा राशन का भी भारी नुकसान हुआ। इसी भवन में रहने वाले मजदूरी करने वाले बाबू लाल के कमरे में भी पानी घुसने से बिस्तर पूरी तरह भीग गए और उन्हें रात जागकर गुजारनी पड़ी। इसके अलावा, कपड़े के दुकानदार राजकुमार की दुकान में भी पानी भरने से कपड़ों को नुकसान पहुंचा है। एक्स-रे लैब संचालक राजेंद्र कुमार की लैब में भी पानी घुसने से उनका नुकसान हुआ और सेवाएं भी बाधित हुईं। एसडीएम ने बताया कि भारी वर्षा के कारण बहाव तेज हो गया और नाले में बाढ़ आ गई, जिससे आसपास के भवनों में पानी भर गया। उन्होंने कहा कि मौके पर पटवारी को नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए गए हैं और रिपोर्ट के आधार पर प्रभावितों को राहत प्रदान की जाएगी। एसडीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार नाले की चौड़ाई 5 से 6 मीटर होनी चाहिए, लेकिन मौके पर यह काफी संकरी पाई गई है। उन्होंने फील्ड एजेंसी को नाले की पैमाइश करने और यदि अवैध कब्जा पाया जाता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हो।



भारी बारिश के चलते नाले में आई बाढ़ से राजगढ़ की दुकान में घुसा पानी।

### सिरमौर में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में मध्यरात्रि से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। विशेष रूप से पहाड़ी और मध्यवर्ती क्षेत्रों में पिछले 10 घंटों से जारी भारी वर्षा के कारण गिरि नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। गिरि नदी, जो यमुना की एक प्रमुख सहायक नदी है, उसके उफान पर आने से कई गांवों का संपर्क मुख्य सड़कों से पूरी तरह कट गया है। लगातार बारिश के कारण कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे सड़क मार्ग बाधित हो गए हैं। लोक निर्माण विभाग की टीमें युद्ध स्तर पर यातायात बहाल करने में जुटी हैं, लेकिन दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और भारी बारिश कार्यों में बाधा बन रही है। प्रशासन ने लोगों से नदी किनारे न जाने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।

## पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन तदर्थ समिति के महासचिव बने भूप राम वर्मा



पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में चुने हुए पदाधिकारी व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की बैठक का आयोजन जिला सोलन के अध्यक्ष जेएन निराला की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में जिला कांगड़ा, शिमला, ऊना, सिरमौर, हमीरपुर, किन्नौर, चंबा, बिलासपुर के कुछ पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच पर सभी ने अपने विचार रखे और व्यापक चर्चा के उपरांत मोहन सिंह को प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक और गुरदयाल सिंह, मनमोहन सिंह पठानिया तथा होशियार सिंह को सदस्य चुनकर उनके माध्यम से तदर्थ समिति का गठन किया गया। सुरेश ठाकुर को पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश (तदर्थ) गवर्निंग बॉडी का अध्यक्ष चुना गया। जेएन निराला, हरमेश सिंह राणा, गंगा राम शर्मा और चेत रहा वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। इसके अतिरिक्त भूप राम वर्मा को महासचिव और सेठ राम को कोषाध्यक्ष के पद से नवाजा गया। हरि चंद गुप्ता को मुख्य सलाहकार चुना गया। इसके साथ ही श्रुति पाल शर्मा, ओम लाल चौहान, सुंदर सिंह ठाकुर, जयदेव शर्मा, मीरा ठाकुर, मोलक राम और बीसी नेगी को उपाध्यक्ष का पद दिया गया। मदन लाल शर्मा को मुख्य संगठन सचिव तथा रविंद्र सिंह राणा को संगठन सचिव के पद से सुशोभित किया गया। सुभाष वर्मा, मनमोहन सिंह पठानिया और लायक राम शर्मा प्रेस सचिव के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। कमलेश दत्त शर्मा तथा मोहर सिंह ठाकुर को संयुक्त सचिव का पद दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### झज्जर में सरपंच ने खेत में जहर निगल की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, झज्जर।** जिला के गांव धांधलान के सरपंच ने रविवार की दोपहर को जहर निगल कर आत्महत्या कर ली। उनका शव गांव के खेतों में मिला। सरपंच द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्राम पंचायत धांधलान के सरपंच कृष्ण कुमार ने खेतों में पानी की एक खेल (होदी) के पास जाकर जहरीली गोलियां खा ली। बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सरपंच कृष्ण कुमार रविवार दोपहर को गांव के खेतों में गए और एक सार्वजनिक खेल के पास बैठकर जहरीली गोलियां निगल ली। इसी बीच कृष्ण कुमार के भाई ने कृष्ण कुमार को मोबाइल फोन से कॉल करके घर आकर भोजन करने के लिए कहा। लेकिन कृष्ण कुमार ने कहा कि वह अंतिम बार भोजन कर चुका है और अब तो उसने अपनी जीवन लीला खत्म करने के लिए जहर खा लिया है। यह सुनते ही परिवार के लोग दौड़ते हुए तुरंत मौके पर पहुंचे। कृष्ण कुमार के मुंह से दुर्गंध युक्त झाग निकल रहे थे और हालत गंभीर थी। परिवार के लोगों ने उन्हें तुरंत पंडित भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई) रोहतक पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही बेरी थाना पुलिस पीजीआई पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। सरपंच कृष्ण कुमार द्वारा आत्महत्या किए जाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। वह आठ भाइयों में चौथे नंबर के थे। करीब 22 साल की बीसीए पास बेटी कीर्ति और 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले बेटे पारस के पिता कृष्ण कुमार खेती-बाड़ी करते थे और अच्छी खासी वोटों से जीत कर गांव के सरपंच बने थे। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने कृष्ण का शव परिजनों को सौंप दिया।

### पलवल में फरीदाबाद के प्रिंसिपल की मौत

**अनंत ज्ञान, पलवल।** पलवल में फरीदाबाद के सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल की मौत हो गई। मृतक की पहचान छत्रपाल के रूप में हुई है। मृतक के बेटे जय प्रकाश ने स्कूल स्टाफ के सदस्य संदीप चौहान, देवदत्त शर्मा और पत्रकार कृष्ण कौशिक पर उनके पिता को सुसाइड के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। छत्रपाल बल्लभगढ़ स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के प्रिंसिपल थे। जय प्रकाश ने रविवार को दी गई शिकायत में कहा कि उनके पिता ने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा की फीस 4 दिसंबर 2024 को जुर्माने सहित 10.58 लाख रुपए जमा कराए थे। इसी मुद्दे को लेकर देवदत्त शर्मा ने अपने रिश्तेदार पत्रकार कृष्ण कौशिक के माध्यम से सोशल मीडिया पर झूठा प्रचार कर छत्रपाल को ब्लैकमेल किया। आरोपियों ने इस दौरान उनसे 15 लाख रुपए भी ऐंठ लिए। होडल थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल के मुताबिक छत्रपाल बीती रात करीब 9 बजे घूमने गए थे। लौटने पर उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें पहले निजी अस्पताल और फिर जिला नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें इन सभी बातों का जिक्र किया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने इस संबंध में मृतक के बेटे जय प्रकाश की शिकायत पर संदीप चौहान, देवदत्त शर्मा व कृष्ण कौशिक के खिलाफ सुसाइड के लिए मजबूर करने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

### हिसार में 2.79 ग्राम हेरोइन समेत महिला काबू

**अनंत ज्ञान, हिसार।** नशीले पदार्थों की तस्करी पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पड़ाव चौकी पुलिस टीम ने एक महिला को काबू करके उसके कब्जे से 2.79 ग्राम हेरोइन बरामद की है। चौकी प्रभारी एएसआई अनूप ने रविवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान विकास नगर में मौजूद थी। इसी दौरान टीम ने सूचना के आधार पर अंबेडकर बस्ती में एक महिला के नशीला पदार्थ लेकर घूमने की सूचना मिली। सूचना के बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और महिला को काबू कर लिया गया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम मोनिका निवासी अंबेडकर बस्ती बताया। महिला पुलिस द्वारा उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक पॉलिथीन थैली में 2.79 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बरामद नशीला पदार्थ कब्जे में लेकर महिला मोनिका के खिलाफ थाना शहर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### कावेरी आरती पर कर्नाटक सरकार को नोटिस

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने रविवार को कहा कि कृष्णराज सागर (केआरएस) बांध के पास प्रस्तावित 'कावेरी आरती को लेकर सरकार को हाईकोर्ट की ओर से नोटिस भेजा गया है। सरकार कानून के अनुसार इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि जो भी हो, हम कानून के मुताबिक जवाब देंगे। किसी की पूजा में कोई बाधा नहीं होगी। कुछ लोगों की चिंताएं हैं और सरकार जो जरूरी होगा, वो करेगी। हम वहां हर दिन पूजा करते हैं। इस याचिका में जल संसाधन विभाग की तरफ से 'गंगा आरती' की तर्ज पर कावेरी आरती के आयोजन को चुनौती दी गई है। बताया गया है कि इसके लिए राज्य सरकार ने 92.30 करोड़ मंजूर किए हैं। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेश में लोकतंत्र बहाली के लिए उठाए कदम

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश में अगले साल होने वाले आम चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी बीच, देश की अंतरिम सरकार ने बड़ा दावा किया है कि यह चुनाव



बांग्लादेश के इतिहास में सबसे निष्पक्ष और शांतिपूर्ण होंगे। अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने यह बात शनिवार को खुलना शहर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बहाल करने और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सरकार ने हर जरूरी कदम उठाए हैं। शफीकुल आलम ने साफ किया कि जुलाई 2024 में हुए जनविद्रोह का मुख्य मकसद बांग्लादेश में लोकतंत्र की वापसी था। इसी आंदोलन के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। इस जनविद्रोह में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया था। अंततः 5 अगस्त 2024 को हसीना सरकार गिर गई और वह भारत चली गईं। इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने देश में लोकतांत्रिक माहौल बहाल करने का वादा किया। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल बिल पर सीनेट में होगी चर्चा

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल बिल को चर्चा के लिए मंजूरी दे दी है। शनिवार देर रात हुई वोटिंग में सीनेट ने 51-49 वोटों के अंतर से एक प्रस्ताव पारित किया, जिससे सदन को बिल पर बहस शुरू करने की इजाजत मिल गई। दो रिपब्लिकन सीनेटरों ने प्रस्ताव के खिलाफ वोट दिया। वोटिंग के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस मौजूद थे। क्योंकि टाई की स्थिति में उनके वोट करने की जरूरत पड़ सकती थी। ट्रम्प टैक्स और खर्च में कटौती करने वाले इस बिल को 4 जुलाई से पहले पारित कराना चाहते हैं। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ इलॉन मस्क ने ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल बिल की एक बार फिर से आलोचना की है। मस्क ने शनिवार को एक्स पर लिखा, 'ट्रंप का यह बिल अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को बहुत बड़ा रणनीतिक नुकसान पहुंचाएगा।' (अनंत ज्ञान)

# पीएम मोदी विकसित भारत निर्माण में कर रहे हैं लोगों का मार्गदर्शन : नड्डा

## गुरुग्राम में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व सीएम सैनी ने सुना मन की बात कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम**



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को गुरुग्राम में पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली भी मौजूद रहे। बादशाहपुर के बूथ नंबर-408 में जीएनएच कन्वेंशन सेंटर में मन की बात कार्यक्रम सुना गया।

इस कार्यक्रम को लेकर नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट लिखा कि पीएम मोदी जन-जन को एक सूत्र में पिरोने और विकसित भारत निर्माण के लिए मन की बात कार्यक्रम के जरिए संवाद करके लोगों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। आज के संवाद में प्रधानमंत्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दुनियाभर में नागरिकों के योग के प्रति उत्साह, देश में संचालित विभिन्न ऐतिहासिक एवं धार्मिक यात्राओं के पौराणिक महत्व के साथ ही आपातकाल के 50 वर्ष में संविधान हत्या दिवस का जिक्र किया और लोकतंत्र सेनानियों का स्मरण किया। उन्होंने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मेघालय व बोडोलैंड में लोगों द्वारा किए जा रहे नवाचार को लेकर प्रेरणास्पद विचार भी मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों से सांझा किए।

नड्डा ने मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं के साथ पीएम मोदी के देशव्यापी अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत गुरुग्राम स्थित वाटिका चौक में पौधारोपण किया। इस संबंध में भी उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को दोहराते हुए लिखा कि प्रकृति का संरक्षण हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि हम सभी मिलकर अपनी वसुंधरा को हरा-भरा बनाएं और अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाएं।

# चंडीगढ़ में 300 करोड़ से होगा स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का कायाकल्प

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ में खेलों को बढ़ावा देने के लिए आने वाले 2 साल में करीब 300 करोड़ रुपए खर्च कर खेल सुविधाएं बेहतर की जाएंगी। इस योजना में नए स्टेडियम बनाना और पुराने स्टेडियमों को ठीक करना शामिल है। हर खेल परिसर और स्टेडियम में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि सुरक्षा बेहतर हो सके। सभी स्टेडियमों को जोड़ने के लिए सेक्टर-42 में एक बड़ा कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जहां से सब पर निगरानी रखी जाएगी।

**सेक्टर-42 में बनेगा बड़ा इंडोर हॉल, स्विमिंग पूल गर्ल्स हॉस्टल, स्टेडियम में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे**




अगले 2 सालों में पूरा प्रोजेक्ट पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद चंडीगढ़ में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं होंगी, जिससे खिलाड़ियों को ट्रेनिंग और प्रतियोगिताओं के लिए बेहतरीन माहौल मिलेगा। यहां 210 करोड़ रुपए खर्च कर एक बड़ा इंडोर स्पोर्ट्स हॉल, ऑल वेदर स्विमिंग पूल और गर्ल्स हॉस्टल बनाया जाएगा। इंडोर हॉल में बैडमिंटन, बॉक्सिंग, कुश्ती, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, कबड्डी, नेटबॉल और जिम्नास्टिक जैसे 12 खेल होंगे। इसमें 4,000 लोगों के बैठने की जगह होगी और खिलाड़ियों के लिए कोचिंग, फिटनेस और मेडिकल सुविधाएं भी होंगी।

### स्विमिंग पूल और हॉस्टल का भी होगा निर्माण

**स्विमिंग** कॉम्प्लेक्स में ओलंपिक साइज का पूल, डाइविंग पूल और प्रैक्टिस पूल होगा। हॉस्टल में 300 लड़कियां रह सकेंगी। इसमें रसोई, डाइनिंग हॉल, स्टडी रूम और रेस्ट रूम जैसी सुविधाएं मिलेंगी। सेक्टर-16 क्रिकेट स्टेडियम और सुखना लेक के टेनिस कोर्ट भी अपग्रेड होंगे। क्रिकेट स्टेडियम में नई पिच, नई लाइट्स और मैदान को सुधारने का काम होगा। सुखना लेक परिसर में मिट्टी के टेनिस कोर्ट को सिंथेटिक (कृत्रिम) कोर्ट में बदला जाएगा।

# सत्यपाल जैन ने किया हिंदू धर्म पर पुस्तक का विमोचन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ के पूर्व सांसद एवं भारत सरकार के अपर महासालिसिटर सत्यपाल जैन ने रविवार को सेंट जोंस स्कूल चंडीगढ़ के विद्यार्थी कृशांग गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक 'द इथोस ऑफ हिंदुइज्म' हिंदू धर्म का लोकाचार' (हिंदू धर्म पर एक पुस्तक) का विमोचन किया। इस अवसर पर चंडीगढ़ के पूर्व महापौर श्री देवेश मोदगिल भी उपस्थित थे।

कृशांग गुप्ता सेंट जोंस स्कूल में 11वीं कक्षा के विद्यार्थी हैं और उन्होंने इस पुस्तक में भारतवर्ष में विभिन्न स्थानों पर बड़े हिंदू मंदिरों में जाकर अपने अनुभवों को तथा इन मंदिरों की धार्मिक एवं सामाजिक महत्वता पर लेख लिखे हैं। इनमें प्रमुख तौर पर कामयाख्या देवी मंदिर, सालासर बालाजी मंदिर, जगन्नाथपुरी मंदिर, खाटु श्याम मंदिर, अमरनाथ मंदिर, वैष्णों देवी मंदिर तथा बदरीनाथ मंदिर शामिल है। गुप्ता ने जैन एवं मोदगिल को बताया कि जब भी वह स्कूल के किसी टूर के संबंध में बाहर जाते थे, तो वे वहां के ऐतिहासिक हिंदू मंदिरों के दर्शन भी करने जाते थे तथा उन मंदिरों एवं हिंदू धार्मिक स्थलों का गहराई से अध्ययन करते थे। इसी माध्यम से उन्होंने यह पुस्तक लिखी है।

### पानीपत : नाबालिग लड़की का अपहरण करने वाला दंपती काबू, भेजा जेल

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण करने वाले आरोपी दंपती को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी दंपती के कब्जे से अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद कर किशोरी को उसके परिजनों को सौंप दिया है।

थाना सदर प्रभारी सुरेश ने बताया कि एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था की वह तीन साल से थाना सदर क्षेत्र के एक गांव में किराए के कमरे में परिवार सहित रह रहा है। उनके पड़ोस में आदित्य जानू झा अपनी पत्नी शिवानी के साथ रहता था। 24 जून की दोपहर उसकी 14 वर्षीय बेटी को दंपति बाइक पर बैठाकर कही ले गए। आदित्य जानू दवाई लेकर आने की बात कहकर मनीष से बाइक लेकर गया है। उसे शक है आदित्य अपनी पत्नी के साथ उसकी बेटी का अपहरण करके ले गए है। पुलिस ने शिकायत पर किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज तलाश शुरू कर दी थी। प्रभारी ने बताया कि शनिवार देर शाम मिली सूचना पर आरोपी दंपति को रिफाइनरी गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अपहृत किशोरी को बरामद किया। पूछताछ में आरोपी दंपती ने पुलिस को बताया कि वह पैसे कमाने के लिए किशोरी की कही शादी कराने की साजिश रचकर 24 जून को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गए थे।

# गाय को राष्ट्र माता घोषित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन, चंडीगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में गाय को राष्ट्र माता तथा भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित कराने का संकल्प करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

संगठन की स्थानीय अध्यक्ष मोनिका भारद्वाज ने इस बाबत जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोड़ा, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष सरिता शर्मा अरोड़ा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रवीण जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र वैष्णव एवं पंजाब प्रदेश अध्यक्ष पुष्कर नंदा आदि भी उपस्थित रहे। संजय अरोड़ा ने कहा कि हिंदुओं का एकजुट होना आज बेहद जरूरी है। हिंदू सेवा ही राष्ट्र सेवा है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को सनातन धर्म के बारे में जागरूक करना उनके संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरिता शर्मा ने बताया कि बैठक में हिंदुओं पर अत्याचार एवं उनका शोषण रोकने पर भी चर्चा हुइ। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन सभी मुद्दों को लेकर चंडीगढ़ के प्रशासक, स्थानीय सांसद, उपायुक्त व स्थानीय भाजपा अध्यक्ष आदि को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यक्रम के अंत में संगठन के कार्यकर्ताओं को नियुक्ति एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए।

## देश-विदेश

# केजरीवाल बोले-मोदी की हर गारंटी झूठी, फर्जी और नकली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी ने रविवार को दिल्ली में झुग्गियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के



विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मोदी की गारंटी झूठी, फर्जी और नकली है। आगे कभी जिंदगी में मोदी की गारंटी पर भरोसा मत करना।

केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के समय मोदी ने आपको गारंटी दी थी 'जहां झुग्गी-वहां मकान' उनका मतलब था- 'जहां झुग्गी-वहां मैदान' वो ये कहना चाहते थे मुझे वोट दे दो, मैं सारी झुग्गियां तोड़ दूंगा और मैदान बना दूंगा। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा चुनाव जीतकर झुग्गियां तोड़ रही : आतिशी

**आप** नेता आतिशी ने कहा कि केजरीवाल ने चेताया था कि ये आपकी झुग्गियां तोड़ देंगे, अब चुनाव जीतने के बाद भाजपा सरकार आपकी झुग्गियां तोड़ रही है। ये झुग्गियां तोड़कर जमीन अपने पूंजीपति मित्रों को देना चाहते हैं। केजरीवाल कहते हैं गरीबी हटाओ, भाजपा कहती है गरीबों को ही हटाओ। हम आपकी झुग्गियों को बचाने के लिए सड़क, कोर्ट, विधानसभा से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ेंगे।

### कोरोना के नए वैरिएंट से एक महीने में 135 मौतें

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या बीते 2 हफ्तों से कम हो रही है। बीते 24 घंटे में 30 नए केस सामने आए, जबकि 252 मरीज ठीक हुए हैं। एक्टिव केसों की संख्या घटकर 2086 पहुंच गई है। 12 जून को देशभर में 7131 एक्टिव केस थे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कोरोना के नए वैरिएंट से जनवरी 2025 से अब तक 142 की मौत हुई है। बीते दिन 3 लोगों ने जान गंवाई है, इनमें दिल्ली के 2 और हरियाणा का एक मरीज शामिल हैं। बीते एक महीने में करीब 135 मौतें हुई हैं। बता दें कि इस साल भारत के कई राज्यों में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के बीच देश में चार नए वैरिएंट मिले हैं। (अनंत ज्ञान)

# रूस ने यूक्रेन पर 477 ड्रोन और 60 मिसाइलें दागीं



**एजेंसी, कीव/मॉस्को**

रूस ने शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। यूक्रेन डिफेंस मिनीस्ट्री ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। पोस्ट के मुताबिक रूस ने 477 ड्रोन और 60 मिसाइलें समेत 537 हवाई हमले किए। जिनमें से यूक्रेनी वायु सेना ने 475 हमलों को पहले ही मार गिराया। इसमें एक M/KN-23 बैलिस्टिक मिसाइल, 33 Kh-101/इस्केंडर-के क्रूज मिसाइलें और 4 कैलिबर क्रूज मिसाइलें भी शामिल थी। यह हमला यूक्रेन के कई इलाकों पर हुआ, जिसमें एक पायलट की मौत हो गई और एक बच्चे समेत 6 लोग घायल हुए। (अनंत ज्ञान)

**एक पायलट की मौत, बच्चे समेत 6 घायल**

### हमलों में यूक्रेन का एफ-16 लड़ाकू विमान भी तबाह

**रूस** की ओर से किए गए इन हमलों में रविवार को यूक्रेन के एक पायलट की मौत हो गई और एक एफ-16 लड़ाकू विमान तबाह हो गया। हमलों में घरों और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और छह लोग घायल हो गए। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि पायलट ने रूस के मिसाइल हमले के दौरान सात मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन अंतिम लक्ष्य को मार गिराते समय उसका विमान खराब हो गया था। पायलट एफ-16 को आबादी वाले क्षेत्र से दूर ले गया, लेकिन वह समय पर विमान से बाहर नहीं निकल सका।

# नेतन्याहू पर भ्रष्टाचार के मुकदमे राजनीतिक साजिश : ट्रंप

## बोले- इसराइली प्रधानमंत्री को इन मुकदमों से जल्द मुक्त किया जाना चाहिए

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार केस की आलोचना की है। उन्होंने इसे राजनीतिक साजिश बताया है। ट्रंप ने कहा कि इससे हमास के साथ चल रही वार्ता और ईरान के परमाणु खतरे से निपटने की कोशिशों को नुकसान पहुंचा सकता है। ट्रंप ने शनिवार देर रात को ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा, इसराइल में नेतन्याहू के साथ जो हो रहा है, वह बेहद गलत है।



वह एक जंग के हीरो हैं और अमेरिका के साथ मिलकर उन्होंने ईरान के खतरनाक परमाणु कार्यक्रम को रोकने में शानदार काम किया है। ट्रंप ने आगे कहा कि यह पागलपन है और न्याय का मजाक है। अमेरिका हर साल अरबों डॉलर इजराइल की मदद में खर्च करता है। हम यह बर्दाश्त नहीं करेंगे। नेतन्याहू को इस मामले से मुक्त किया जाना चाहिए, उनके पास और भी बड़े काम हैं। गौर रहे कि यह पहली बार है जब इसराइल में किसी मौजूदा इजराइली प्रधानमंत्री पर आपराधिक मामले में मुकदमा चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

# कश्मीर इस्लामाबाद की गले की नस : मुनीर

## बोले- बिना उकसावे के भारत ने पाकिस्तान पर दो बार किया हमला

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने कहा है कि भारत ने बिना किसी उकसावे के दो बार हमला किया।



आसिम मुनीर ने शनिवार को कराची में पाकिस्तान नौसेना अकादमी में अपनी स्पीच में भारत पर जानबूझकर तनाव पैदा करने का आरोप लगाया। आसिम मुनीर ने कहा, 'पिछले कुछ सालों में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ दो बार बिना उकसावे के हमला किया। पाकिस्तान ने दोनों बार संयम और परिपक्वता का परिचय दिया और क्षेत्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी जवाबदेही दिखाकर खुद को शांति बनाए रखने वाले जिम्मेदार देश के रूप में साबित किया है।' जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित आतंकी हमलों से कुछ दिन पहले, मुनीर ने कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बताते हुए भारतीय क्षेत्र को इस्लामाबाद की गले की नस बताया था।

मुनीर ने कश्मीर मुद्दे पर कहा, 'पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों के संकल्प के मुताबिक कश्मीर मुद्दे का समाधान चाहता है।' पाक आर्मी चीफ ने कश्मीर में स्थायी शांति के लिए न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण समाधान की मांग की।

मुनीर ने विदेश में रह रहे पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित करते हुए 17 अप्रैल को कहा था, 'कश्मीर हमारी गले की नस है, यह हमारी गले की नस रहेगी, हम इसे नहीं भूलेंगे।' मुनीर की इस टिप्पणी के एक हफ्ते बाद आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी। जवाब में, भारतीय सेना ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। (अनंत ज्ञान)

### महाराष्ट्र में विपक्षी दलों ने ठुकराया सरकार का न्योता

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र में मानसून सत्र की पूर्व संध्या पर विपक्षी दलों ने रविवार को सरकार की चाय पार्टी का बहिष्कार करने की घोषणा की। यह कार्यक्रम हर साल विधानमंडल के मानसून सत्र से पहले आयोजित होता है। विपक्ष ने इस बहिष्कार का कारण व्यापक भ्रष्टाचार, जनविरोधी नीतियां और फंड का दुरुपयोग बताया है। विधान परिषद में विपक्ष के नेता और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के अंबादास दानवे ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि यह बहिष्कार एक 'बेईमान सरकार' के खिलाफ विरोध का प्रतीक है। (अनंत ज्ञान)

**चेतावनी**

## ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को दी चेतावनी, कहा-

# खामेनेई के खिलाफ गलत भाषा का इस्तेमाल बंद करें

**एजेंसी, तेहरान**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चेतावनी दी है कि वे ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल बंद करें। अराघची ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ट्रंप का यह रवैया न सिर्फ खामेनेई का, बल्कि उनके लाखों समर्थकों का भी अपमान करता है।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अगर ईरान से कोई समझौता चाहते हैं, तो उन्हें अपनी भाषा बदलनी होगी। अराघची का यह बयान ट्रंप के उस दावे के बाद आया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि उन्होंने खामेनेई को मरने से बचाया, नहीं तो उनकी बहुत बुरी मौत होती। (अनंत ज्ञान)

### अराघची ने इसराइल पर भी कसा तंज



**अराघची** ने इसराइल पर भी तंज किया। उन्होंने कहा कि जब ईरानी मिसाइलें गिरती हैं तो इसराइल डर के मारे 'डैडी के पास भागने' को मजबूर हो जाता है। ट्रंप को पहली बार नाटो चीफ मार्क रूटे ने मजाकिया अंदाज में 'डैडी' कहा था। दरअसल, ट्रंप इसराइल और ईरान पर सीजफायर तोड़ने को लेकर नाराज थे। इस दौरान उन्होंने अपशब्द का इस्तेमाल कर दिया था। इसके जवाब में नाटो चीफ ने मजाक में कहा, 'डैडी को कभी-कभी कठोर भाषा का इस्तेमाल करना पड़ता है, ताकि उन्हें रोका जा सके।' बाद में यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### 23 जून को ईरान की जेल पर हमले में 71 की मौत की पुष्टि

**ईरान** की न्यायपालिका ने रविवार को बताया कि तेहरान की इविन जेल पर 23 जून को इसराइल ने हमला किया था। इस हमले में कम से कम 71 लोग मारे गए हैं। यह एक कुख्यात जेल है, जहां कई पॉलिटिकल एक्टिविस्ट्स को रखा गया है। मारे गए लोगों में जेल कर्मचारी, सैनिक, कैदी और मिलने आए परिवार के सदस्य शामिल हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### टेनिसः कार्लोस अल्काराज को ग्रासकोर्ट पर खेलना है पसंद

**एजेंसी, लंदन।** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार को यहां सेंटर कोर्ट पर विम्बलडन के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे और उनकी निगाहें इस ग्रैंडस्लैम में



लगातार तीसरा खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी। ओपन युग में सिर्फ चार खिलाड़ी ही लगातार तीन बार विम्बलडन ट्रॉफी जीत सके हैं जो 1968 में शुरू हुआ था जिसमें ब्योर्न बोर्ग, पीट सम्प्रास, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच शामिल हैं। छह साल पहले 22 साल के अल्काराज ने यहां ग्रासकोर्ट पर पहला मैच खेला था। पिछले साल के पुरुष चैंपियन को ही सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलने का मौका मिलता है। ग्रैंडस्लैम फाइनल में अल्काराज का रिकॉर्ड 5-0 है जिसमें दो बार फ्रेंच ओपन खिताब शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में भी एक दफा वह ट्रॉफी जीत चुके हैं। अल्काराज ने तीन हफ्ते पहले फ्रेंच ओपन के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से दो सेट पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए खिताब जीता था। पिछले साल दूसरी रैंकिंग पर काबिज अल्काराज किसी भी कोर्ट (ग्रास, क्ले और हार्ड कोर्ट) में मेजर ट्रॉफी जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए थे, लेकिन उन्हें ग्रासकोर्ट पर खेलना पसंद है। वह सोमवार को करियर में सर्वश्रेष्ठ लगातार 18 मैच जीतने की लय को जारी रखना चाहेंगे। अल्काराज ने कहा, ''सबसे खूबसूरत टेनिस ग्रासकोर्ट पर देखने को मिलता है। गेंद की आवाज, सब कुछ ग्रासकोर्ट पर लोगों को लुभाता है।'' अल्काराज का कहना है कि वह इसकी परवाह नहीं करते, लेकिन वह यहां खिताब जीतना चाहते हैं। अल्काराज ने कहा, ''मैं ट्रॉफी जीतना चाहता हूं। मैं अभी इस बारे में नहीं सोच रहा हूं कि अगर मैं लगातार तीन विम्बलडन ट्रॉफी जीतता हूं तो किन खिलाड़ियों के साथ शामिल हो जाऊंगा।'' (अनंत ज्ञान)

### विंबलडन रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सबसे अच्छा मौकाः जोकोविच

**एजेंसी, लंदन।** नोवाक जोकोविच से भले ही अब किसी टूर्नामेंट के शुरू होने पर अक्सर उनके संन्यास को लेकर सवाल किया जाता है, लेकिन



इस स्टार टेनिस खिलाड़ी की निगाह सोमवार से शुरू होने वाले विंबलडन पर टिकी हैं जिसे वह अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका मानते हैं। जोकोविच अभी 38 साल के हैं और विंबलडन से पहले उनसे यही सवाल पूछा गया कि क्या वह आखिरी बार इस प्रतियोगिता में खेलेंगे। इस 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन का जवाब भी रटा रटाया था। जोकोविच ने कहा, ''क्या यह मेरा आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट हो सकता है। इसको लेकर अभी मैं पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता हूं। मैं अगले साल फ्रेंच ओपन या किसी अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग लूंगा या नहीं, इसको लेकर निश्चित नहीं हूं।'' उन्होंने कहा, ''मेरी इच्छा कई और साल तक खेलना है। मैं शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह फिट रहना चाहता हूं। यही मेरा लक्ष्य है, लेकिन उम्र के इस पड़ाव पर आप पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकते कि आगे क्या होगा।'' जोकोविच ने यह स्वीकार किया कि ऑल इंग्लैंड क्लब उन्हें एक और ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का सबसे अच्छा अवसर प्रदान कर सकता है, जिससे वह अपने करियर में कुल 25 खिताब जीत सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

### मिताली पारुलकर खूबसूरत स्टाइल में

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर शार्दुल ठाकुर की पत्नी मताली पारुलकर किसी अभिनेत्री से कम नहीं हैं। वह न केवल एक बिजनेस वूमेन हैं, बल्कि एक पेशेवर बेकर भी हैं।



# एशिया कप में आमने-सामने होंगे भारत-पाक!

## 10 सितंबर को हो सकता है टूर्नामेंट का आगाज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशिया कप-2025 को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। रिपोर्ट है कि एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने टूर्नामेंट का आयोजन करने का मन बना लिया है। सितंबर महीने में इस टूर्नामेंट का आगाज हो सकता है। संभावना जाताई जा रही है कि भारत और पाकिस्तान दोनों देश इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले सकते हैं।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव के चलते एशिया कप पर खतरा मंडराने लगा था। ऐसा माना जा रहा था कि भारत और पाकिस्तान अब क्रिकेट के मैदान पर एक साथ खेलते हुए नहीं दिखेंगे। हालांकि, एक रिपोर्ट आई है जिसमें कहा जा रहा है कि दोनों देशों के बीच क्रिकेट मैच संभव हो सकता है।

क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, एसीसी एशिया कप 2025 के आयोजन का प्लान बना रहा है। इस योजना के मुताबिक तय समय यानी 10 सितंबर में शुरू करने की तैयारियां की जा रही हैं। इस टूर्नामेंट में छह देशों के हिस्सा लेने की संभावना है। साथ ही जुलाई के पहले सप्ताह में इसके कार्यक्रम की जानकारी सामने आ सकती है। (अनंत ज्ञान)




**6 देश ले सकते हैं हिस्सा**

**इनमें** भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, श्रीलंका और यूएई की टीम हिस्सा ले सकती है। एशिया कप भारत की मेजबानी में खेला जाना है। साल 2023 के एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान ने की थी और भारत के मुकाबले हाईब्रिड मॉडल पर श्रीलंका में खेले गए थे।

**हाइब्रिड मॉडल पर हो सकता है मुकाबला**

**फाइनल** मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया में अपनी बादशाहत कायम की थी। अगर साल 2025 में भी एशिया का आयोजन किया जाता है तो यह भी हाईब्रिड मॉडल पर खेला जाएगा। आईसीसी ने भी भारत और पाकिस्तान के लिए हाइब्रिड मॉडल का नियम स्वीकार किया है।

**आईसीसी ने भी माना था सुझाव**

**इसके** तहत अगर होस्ट नेशन भारत या पाकिस्तान हुए तो दोनों देशों के मुकाबले किसी तटस्थ देश में खेला जाएगा। यानी अगर भारत मेजबान हुआ तो पाकिस्तान अपने सारे मुकाबले हाईब्रिड मॉडल पर खेलेगा और अगर पाकिस्तान होस्ट हुआ तो भारत अपने सारे मुकाबले हाईब्रिड मॉडल पर खेलेगा। इससे पहले आईसीसी ने भी सुझाव माना था।

## टी20 अंतरराष्ट्रीय में शतक लगाना बहुत खास है : मंधाना

**एजेंसी, नॉटिंघम**



भारत की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी टीम को 97 रन से जीत दिलाने के बाद कहा कि इस प्रारूप में शतक लगाना उनके लिए विशेष मायने रखता है क्योंकि वह नैसर्गिक तौर पर पावर हिटर नहीं हैं।

मंधाना ने अपने 149वें मैच में अपना पहला टी20 शतक लगाया। उन्होंने 62 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन बनाए, जिससे भारतीय टीम 210 रन बनाने में सफल रही। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर ढेर हो गई।

मंधाना ने कहा, ''यह अच्छा अहसास है, क्योंकि यह प्रारूप ऐसा है, जिसमें एक बल्लेबाज के तौर पर मुझे लगातार प्रयास और सुधार करते रहना होगा। यह मेरे लिए बहुत नैसर्गिक प्रारूप नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''मैं पावर हिटर नहीं हूं और मुझे अपनी टाइमिंग पर भरोसा रखकर शॉट मारना पसंद है, लेकिन मैं अपनी पावर हिटिंग पर भी काम करने की कोशिश कर रही हूं।''

मंधाना ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं था कि वह यहां पहले मैच में शतक लगाने में सफल रहेगी। उन्होंने कहा, ''मैंने नहीं सोचा था कि मैं पहले मैच में ही शतक लगाने में सफल रहूंगी। मैं इससे पहले कुछ अवसरों पर यहां तक पहुंचने से चूक गई थी और मैं बहुत खुश हूं कि आज मैं इसे हासिल करने में सफल रही।'' (अनंत ज्ञान)

## एलन लैम्ब बोले-वनडे में दबदबा बना सकता है भारत

**एजेंसी, बर्मिंघम**

दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इंग्लैंड के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज एलन लैम्ब का मानना है कि भारत को टेस्ट मैच जीतने के लिए अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा लेकिन उनकी प्रतिभा को देखते हुए वे 50 ओवर के मैचों में किसी भी टीम को हराने की क्षमता रखते हैं।



**टेस्ट में उसे बुमराह पर रहना होगा बहुत निर्भर**

इंग्लैंड की तरफ से 79 टेस्ट मैच के अलावा तीन बार वनडे विश्व कप में खेलने वाले 71 वर्षीय लैम्ब भारतीय क्रिकेट के विकास विशेषकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने जिस तरह से दुनिया भर के खिलाड़ियों का जीवन बदला उससे काफी खुश हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) जिस तरह से टेस्ट क्रिकेट को संचालित कर रही है उससे वह खुश नहीं दिखे।

लैम्ब ने कहा कि काउंटी क्रिकेट में कपिल देव के साथ खेलने के दिनों के बारे में भी बात की और बताया कि वह सचिन तेंदुलकर को सुनील गावस्कर और विराट कोहली से बेहतर मानते हैं। (अनंत ज्ञान)

## टी20 वर्ल्ड कप के एक साल होने पर रोहित ने शेयर किया इमोशनल वीडियो

**एजेंसी, नई दिल्ली**



29 जून भारतीय क्रिकेट इतिहास के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका को फाइनल में हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीता था। यह ट्रॉफी भारत ने 17 सालों के लंबे इंतजार के बाद जीती थी। इसके एक साल पूरा होने पर रोहित ने एक इमोशनल वीडियो शेयर किया।

रोहित शर्मा की बतौर कप्तान यह पहली आईसीसी ट्रॉफी थी। भारत 13 साल बाद कोई आईसीसी ट्रॉफी जीता था। यह जीत इसलिए भी जरूरी थी क्योंकि एक साल पहले टीम इंडिया अपने घर पर वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल हार गई थी, तब प्लेयर्स समेत सभी फैंस का दिल टूट गया था। 26 जून 2024 को मिली इस जीत ने उस हार का गम भुलाने का अवसर दिया।

रोहित शर्मा ने वीडियो शेयर किया, इसमें वह बोलते हुए नजर आ रहे हैं कि यह मेरे लिए कुछ और भी खास है, क्योंकि मैं इस टीम का कप्तान था। इस जीत ने पूरे देश को खुश किया है। ये सब कुछ लिखा हुआ था, ये सब कुछ नसीब में था। इस वीडियो में उन्होंने फाइनल के यादगार पलों को शामिल किया।

वह विराट कोहली समेत अन्य प्लेयर्स के साथ ट्रॉफी लिए खड़े हैं, डांस कर रहे हैं। हार्दिक पांड्या की आंखो में आंसू हैं, रोहित उन्हें गले लगाए हुए हैं। एक फोटो में वह खुद भी भावुक हैं, उनकी आंखों में आंसू हैं। रोहित ने उस यादगार दिन को याद किया। उन्होंने बताया कि जब सूर्यकुमार यादव ने बॉउंड्री पर वह कैच किया और फिर उसकी जांच की जा रही थी तो बहुत टेंशन का माहौल था। मैंने सूर्या से पूछा कि कैच सही से लिया है न, उन्होंने कहा हां और फिर बात करते सुना कि क्या पता सही से लिया है या नहीं। आखिरकार थर्ड अंपायर ने उसे आउट दिया। (अनंत ज्ञान)

**रोहित शर्मा ने जीती 4 आईसीसी ट्रॉफी**

**बतौर** कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती। इसके आलवा वह 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी विनिंग टीम का भी हिस्सा थे। वह कुल 4 आईसीसी ट्रॉफी विजेता टीम का हिस्सा रहें।

## दूसरी नई गेंद से बुमराह के प्रभाव को कम करने के लिए मैच को जल्दी खत्म करना चाहता था : स्मिथ

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पांच मैचों की सीरीज के शुरुआती टेस्ट के पांचवें दिन 82वें ओवर में रविंद्र जडेजा के खिलाफ आक्रामक रुख अपना कर मैच को जल्दी जीतने का फैसला किया, क्योंकि उन्हें लगा कि भारत विकेट की तलाश में अपने स्ट्राइक गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को गेंदबाजी पर लगा सकता है।

जीत के लिए 371 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अनुभवी जो रूट और विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ सतर्कता से बल्लेबाजी कर रहे थे और टीम लक्ष्य के काफी करीब थी। स्मिथ ने हालांकि, जडेजा के खिलाफ दो छक्के और एक चौका लगाकर टीम को पांच विकेट से यादगार जीत दिलाई। स्मिथ ने कहा, ''उस समय टीम को ज्यादा रन की जरूरत नहीं थी। उस समय बुमराह के गेंदबाजी पर आने की संभावना कम थी, लेकिन क्रिकेट में आप किसी भी चीज को लेकर पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं हो सकते।''



इंग्लैंड का स्कोर उस समय पांच विकेट पर 355 रन था और टीम प्रबंधन को लगा कि अगर भारतीय कप्तान शुभमन गिल बुमराह को गेंद थमाते है तो विकेट गंवाने का खतरा होगा। उन्होंने कहा, ''आप नहीं जानते कि क्या होगा। मैं हमेशा अपनी टीम का समर्थन करता हूं, लेकिन कुछ अच्छी गेंदें हो सकती हैं और अचानक आप आठ विकेट गंवाने के बाद दबाव में हो सकते हैं। ऐसे में मैंने मैच को जल्दी खत्म करने का फैसला किया।'' उन्होंने कहा, ''मुझे पता था कि एक नई गेंद आने वाली है और विकेट गिरने पर क्रिस वोक्स को बल्लेबाजी के लिए आना पड़ता, लेकिन अगर मैं कुछ बड़े शॉट मार सका तो यह नौबत ही नहीं आएगी।'' स्मिथ ने यह भी कहा कि भारत ने अंतिम दिन विकेट चटकाने की पूरी कोशिश की, लेकिन इंग्लैंड ने चीजों को सरल रखते हुए (आक्रामक और रक्षात्मक खेल का मिश्रण) बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

### चेल्सी बेनफिका को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**एजेंसी, चार्लोट (अमेरिका)**

क्रिस्टोफर एनकुंकू ने अतिरिक्त समय में रिबाउंड पर गोल किया, जिससे चेल्सी ने बेनफिका को 4-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। खराब मौसम और बिजली कड़कने के कारण इस मैच में व्यवधान पड़ा और इसे पूरा होने में करीब पांच घंटे लगे।

चेल्सी क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में पाल्मेरास से भिड़ेगा। एनकुंकू ने 108वें मिनट में गोल करके चेल्सी को बढ़त दिलाई। इसके बाद पेड्रो नेटो और किरनान डेव्सबरी हॉल ने अतिरिक्त समय में गोल करके चेल्सी की बड़ी जीत सुनिश्चित की। इससे पहले रीस जेम्स ने 64वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके चेल्सी को 1-0 की बढ़त दिला दी, लेकिन इसके बाद बेनफिका को इंजरी टाइम में पेनल्टी मिली। एंजेल डि मारिया ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। उधर, फिलाडेल्फिया में पॉलिन्हो ने अतिरिक्त समय में दो डिफेंडरों के बीच से गोल करते हुए गोल दागा जिससे पाल्मेरास ने ब्राजील के लीग प्रतिद्वंद्वी बोटाफोगो को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। (अनंत ज्ञान)



## टीवी अंपायर की आलोचना करने पर डैरेन सैमी पर जुर्माना

**एजेंसी, ब्रिजटाउन**



वेस्टइंडीज के कोच डैरेन सैमी पर बारबाडोस में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान टीवी अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने के कारण मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

सैमी ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में तीसरे अंपायर के फैसलों की आलोचना की थी और निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के फैसलों में निरंतरता की मांग की थी।

सैमी ने निराशा व्यक्त की थी कि होल्डस्टॉक का विकेट के पीछे कैच के लिए भेजे गए दो एक जैसे मामलों में फैसला अलग-अलग था। इसमें ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड को नॉट आउट दिया गया था, जबकि वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज शाई हॉप को आउट करार दिया गया था। वेस्टइंडीज के कोच ने मेजबान टीम के कप्तान रोस्टन चेज और ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीन से जुड़े एलबीडब्ल्यू रेफरल का भी जिक्र किया था।

वेस्टइंडीज के टेस्ट टीम के कोच के रूप में अपने पहले टेस्ट में 41 वर्षीय सैमी ने मैच अधिकारी के प्रति सार्वजनिक आलोचना या अनुचित टिप्पणी के लिए आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन का दोष स्वीकार किया जिसके बाद औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट 159 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। दूसरा टेस्ट वीरवार को ग्रेनेडा में शुरू होगा। (अनंत ज्ञान)

## तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी अमेरिकी ओपन के फाइनल में

**एजेंसी, आयोवा**





प्रतिभाशाली भारतीय शटलर तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। भारत की 16 वर्षीय गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी तन्वी ने महिला एकल के सेमीफाइनल में यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा को 34 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। यह उनकी यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ करियर की दूसरी जीत थी। फाइनल में तन्वी का मुकाबला अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त बेइवेन झांग से होगा।

पुरुष एकल में भारत के चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-23, 21-15, 21-14 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अब आयुष का सामना कनाडा के तीसरे वरीय ब्रायन यांग से होगा। यांग ने चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू को 21-10, 21-12 से हराया। क्वार्टर फाइनल में तन्वी ने अपने से ऊंची रैंकिंग वाली मलेशियाई खिलाड़ी करुपाथेवन लेत्शाना को 21-13, 21-16 से, जबकि आयुष ने चीनी ताइपे के जूनियर विश्व चैंपियन कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया था। (अनंत ज्ञान)

**बेबाकी**

### प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. दिनशॉ पारदीवाला ने किया खुलासा, बोले-

## दुर्घटना के बाद पंत का पहला सवाल था, क्या मैं कभी खेल पाऊंगा

**एजेंसी, लंदन**

भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद जब मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया तो उनका डॉक्टर से पहले सवाल यही था कि क्या वह फिर से खेल पाएंगे। यह खुलासा प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. दिनशॉ पारदीवाला ने किया जिन्होंने इस भीषण दुर्घटना के बाद इस स्टार क्रिकेटर का इलाज किया था।

पंत ने 30 दिसंबर, 2022 को दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय अपनी कार पर नियंत्रण खो दिया, जिससे कार डिवाइडर से टकरा गई और उन्हें गंभीर चोटें आईं। पारदीवाला ने डेली टेलीग्राफ से कहा, ''ऋषभ पंत बहुत भाग्यशाली थे कि वे जीवित बच गए। वह वास्तव में बहुत भाग्यशाली थे।''

उन्होंने कहा, ''जब उन्हें अस्पताल लाया गया तो उनका दाहिना घुटना उखड़ गया था। उनके दाहिने टखने में भी चोट थी, शरीर पर कई अन्य छोटी-मोटी चोटें थीं। उनकी त्वचा का बहुत ज़्यादा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था।''



पारदीवाला ने कहा, ''फिर कार से बाहर निकलते समय टूटे हुए कांच के कारण उनकी पीठ की त्वचा का काफी हिस्सा छिल गया। इस तरह की दुर्घटना में मौत का काफी जोखिम होता है।'' पंत ने हालांकि, हार नहीं मानी और अपना जोश और जज्बा बनाए रखा तथा 635 दिनों के बाद क्रिकेट मैदान पर सफल वापसी की। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाकर कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे। पारदीवाला ने कहा कि पंत बहुत भाग्यशाली थे कि उनकी चोट की गंभीरता को देखते हुए उनके दाहिने पैर में रक्त की आपूर्ति बाधित नहीं हुई।

उन्होंने कहा, ''जब आपका घुटना खिसक जाता है और सभी स्नायुबंधन टूट जाते हैं, तो तंत्रिका या मुख्य रक्त वाहिका के भी चोटिल होने की संभावना अधिक होती है, लेकिन इस भीषण दुर्घटना के बावजूद उनकी रक्त वाहिका को चोट नहीं पहुंची, वह बहुत भाग्यशाली था।'' पारदीवाला ने उस दिन को याद किया जब पंत को मुंबई के अस्पताल में लाया गया था, उनका पहला सवाल था, ''क्या मैं कभी दोबारा खेल पाऊंगा।'' उनकी मां हालांकि, अधिक व्यावहारिक थी जिन्होंने डॉक्टर से पूछा कि ''क्या वह दोबारा चल पाएगा।'' पारदीवाला ने बताया कि सर्जरी के बाद कई सप्ताह तक यह युवा क्रिकेटर अपने दांत भी ब्रश नहीं कर पाया था।

उन्होंने कहा, ''वह वास्तव में अपने हाथ नहीं हिला सकता था। वे पूरी तरह से सूज गए थे। वह वास्तव में शुरू में अपने दोनों हाथों को हिला नहीं सकता था।'' धीरे-धीरे वह बिना किसी सहायता के पानी पीने लगा और फिर चार महीने बाद बैसाखी के बिना चलने में कामयाब हो गया, लेकिन सर्जन को इस बात पर संदेह था कि पंत फिर से पेशेवर क्रिकेट खेल पाएंगे।

पारदीवाला ने कहा, ''इस तरह के रोगी अगर चल लेते हैं तो उन्हें खुशी होती है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे थे कि वह फिर से खेल सके। हम बहुत आगे के बारे में नहीं सोच रहे थे और हम पहले यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि वह चल सके।'' उन्होंने कहा, ''जब हमने सर्जरी के तुरंत बाद इस पर चर्चा की, तो मैंने उनसे कहा कि आप जीवित हैं, आपके अंग बच गए हैं- यह दो चमत्कार हैं। अगर हम आपको प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी दिलाने में सफल होते हैं, तो यह तीसरा चमत्कार होगा।'' पंत जब चलने लगे तो फिर वह बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी चले गए और इसके बाद क्रिकेट में वापसी करने में सफल रहे। (अनंत ज्ञान)